# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-17-09-2024

## बंग्लौर से प्रेमी करता था उत्पीड़न

# युवती ने फंदे से झूलकर की खुदकुशी

**भटहट(एसएनबी)।** गुलरिहा थाना क्षेत्र के नरायनपुर गांव में एक युवती अपने प्रेमी के प्रताड़ना तंग आकर फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के साथ आवश्यक कार्रवाई में जुट गई। इधर पीडित मां की तहरीर पर पुलिस प्रेमी के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी है।

नारायणपुर नंबर दो निवासी अनीता देवी पत्नी पिन्टू भारती (हरीजन) ने थान में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसकी पुत्री रोशनी भारती का गांव के ही मनीष उर्फ बाबू से प्रेम प्रसंग था। चार वर्ष से शारिरिक संबंध भी बनाता था। पिछले दो माह से मनीष के द्वारा युवती को मानसिक रुप से प्रताड़ित किया जा रहा था। युवती से विवाह करने के लिए घरवालों के द्वार कई बार मना करने तथा उसके माता पिता को भी तलब करने बावजूद मनीष और उसके परिजनों के द्वारा कोई सार्थक बात नहीं हुई। तब युवती के परिजनों ने उसकी शादी कहीं और तय कर दिया। युवती का रिस्ता जहां तय हुआ था, आरोप है कि मनीष ने वहां युवती की अश्लील वीडियो भेज कर रिस्ता तुड़वा दिया। बताया तो यहां तक जाता है कि रिस्ता टूटने के बाद युवती अपने प्रेमी के घर रहने के लिए गई तो परिजनों ने भगा दिया था। 14 सितंबर की देरात युवक अपनी प्रेमिका से फोन पर बात करने के दौरान शादी की बात को लेकर प्रताड़ित करने लगा, आरोप है कि शादी के लिए दबाव डालने के कारण युवती ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। पीडिता ने दावा किया है कि घटना क्रम का साक्ष्य मृतका के मोबाइल फोन में वाट्सएप चौट, मैसेज और वाईस रीकार्डिंग से मिला है। जिससे यह साफ पता चलता है कि युवक के द्वारा उकसाने व प्रताड़ित करने एवं शादी के लिए दबाव बनाने के कारण युवती ने आत्महत्या कर ली।

- **युवक पर आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में केस**
- **आरोपित युवक बंगलौर करता है काम**
- **आरोपी युवक को बुलाने की कोशिश जारी : इंस्पेक्टर**

प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह ने बताया कि प्रेमी मनीष उर्फ बाबू बंगलौर में काम करता है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का कब्जे में लेकर पोस्टमाटके लिए भेज दिया। युवक के धारा 108 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज उसको बुलाने की कोशिश की जा रही है।

# डग्गामार वाहनों के खिलाफ आज रात से चेकिंग

**गोरखपुर (एसएनबी)।** रोडवेज बस अड्डा, रेलवे पुलिस चौकी के आस-पास के अलावे अन्य चौक-चौराहों से नियम विरूद्ध संचालित (डग्गामार) वाहनों की धर-पकड़ के लिए आज सोमवार की मध्यरात्रि से संयुक्त चेकिंग अभियान चलेगा। चेकिंग

> **■ रोडवेज बस अड्डा व रेलवे पुलिस चौकी के आस-पास व अन्य चौक-चौराहों से नियम विरूद्ध संचालित वाहनों की होगी धर-पकड़**
>
> **■ चेकिंग टीम में आरटीओ के साथ रोडवेज के रहेंगे अधिकारी**

टीम में आरटीओ के साथ ही रोडवेज के अधिकारी भी शामिल रहेंगे।

महानगर स्थित रेलवे बस अड्डा हो या फिर कचहरी बस अड्डा, दोनों बस अड्डा के पास-पड़ोस से नियमों को ताक पर रखकर चार पहिया से लगायत मिनी बसों का संचालन हर समय होता है। ऐसे हालात में रोडवेज को रोजाना तीन से चार लाख की आर्थिक चपत लगती है। रोडवेज प्रबंधन अक्सर इसकी शिकायत जिला व पुलिस प्रशासन से लगायत आरटीओ से दर्ज कराता है। कभी-कभार संयुक्त चेकिंग अभियान तो चलता है, लेकिन अभियान के खत्म होते ही फिर पुरानी व्यवस्था कायम हो जाया करती है। अभी हाल के दिनों में रेलवे पुलिस चौकी के पास-पड़ोस से संचालित कई निजी वाहनों की शिकायत रेलवे बस अड्डा प्रबंधन ने यातायात पुलिस से की थी। बावजूद इसके व्यवस्था दुरूस्त नहीं हो सकी। गंभीर मसला तो यह है कि रेलवे बस अड्डा से लगायत रेलवे पुलिस चौकी के पास-पड़ोस से सोनौली व लखनऊ के लिए चार पहिया वाहन से लगायत निजी मिनी बसों का संचालन रूकने का नाम नहीं ले रहा है। सबकुछ निजी वाहन मालिकों की जिम्मेदार विभागों से 'सेटिंग' की बात को नकारा नहीं जा सकता। भोर के समय तो इनके संचालन का बकायदा समय भी तय है। इतना ही नहीं, कुशीनगर के तमकुही व बिहार राज्य के लिए भी डग्गामार वाहनों का धड़ल्ले से संचालन होता है। बहरहाल, डग्गामार वाहनों के खिलाफ आज मध्य रात्रि से आरटीओ व रोडवेज का संयुक्त चेकिंग अभियान चलेगा। एआरएम गोरखपुर डिपो महेश चंद्र ने बताया कि मध्य रात्रि से चलने वाले चकिंग अभियान के दौरान नियम विरूद्ध संचालित वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।



# अलाउद्दीन पर गैंगस्टर की तैयारी

**गोरखपुर(एसएनबी)।** डाक्टरों की डिग्री का फर्जी ढंग से इस्तेमाल करने वाले अलाउद्दीन और उसके गैंग के अन्य सदस्यों पर गैंगस्टर लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। एनबीडब्ल्यू मिलते ही पुलिस उसे भगोड़ा घोषित कर इनाम रखने की भी तैयारी कर रही है। ऐसा पता चला है कि फरारी के दौरान ही अलाउद्दीन अपनी संपत्ति दूसरे के नाम पर कर रहा है। इस आशंका पर पुलिस पहले ही उसकी अवैध संपत्ति का ब्योरा जुटाने में लग गई है।

फर्जीवाड़ा करने वाले अलाउद्दीन पर शिकंजा कसने के लिए एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने सोमवार को इस केस की समीक्षा की। उन्होंने विवेचक से इस केस की प्रगति के बारे में पूछा। विवेचक ने बताया की पुलिस टीम उसकी तलाश में कुशीनगर में कई बार छापा मार चुकी है। एक या दो दिन में कोर्ट से एनबीडब्ल्यू मिलते ही उसे भगोड़ा घोषित कर दिया जाएगा। एक टीम गोपनीय ढंग से उसकी अवैध संपत्ति के बारे में जानकारी जुटा रही है।

**92 दिन से फरार है शातिर अलाउद्दीन**

गुलरिहा थाने में डा. राहुल नायक की तहरीर पर 17 मई को अलाउद्दीन के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कराया था। सोमवार को केस दर्ज कराए 92 दिन पूरे हो गए, अभी तक पुलिस उसकी तलाश नहीं कर पाई है। पुलिस के अनुसार कुशीनगर के तमकुहीराज को रहने वाला अलाउद्दीन के साथ ही उसका भाई भी घर से फरार है। सर्विलांस पर उसके मोबाइल और सिम का नंबर भी लगाया गया है। पुलिस के अनुसार, भागने के बाद से ही एक बार भी अलाउद्दीन ने नंबर और मोबाइल का इस्तेमाल नहीं किया है। इस वजह से उसकी लोकेशन ट्रेस नहीं हो पा रही है। इस केस में गुलरिहा पुलिस ने एक सितंबर को गाजीपुर के भुडकुड़ा थाना क्षेत्र के पदुमपुर मैगर राय निवासी बृजेश लाल, वाराणसी के सारनाथ थाना क्षेत्र के दीनापुर चिरईगांव निवासी ओमप्रकाश गौतम और वाराणसी के चौबेपुर इलाके के बराई निवासी दीपक विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर जेल चुकी है। कुशीनगर के अलाउद्दीन के साथ ही प्रयागराज की राम पांडेय की तलाश में पुलिस टीमें लगी हैं।

## नई 60 गैंग पर गैंगस्टर, 67 अपराधियों की खुलेगी हिस्ट्रीशीट

**गोरखपुर (एसएनबी)।** जालसाजी कर जमीन हथियाने वाले और अपराध करने वाले अपराधियों पर फिर कप्तान का हथौड़ा चलने वाला है। जिला पुलिस के किताब में अपराध करने वाले 60 नये गैंग को चिहिंत कर गैंगस्टर की कार्रवाई के लिए जिलाधिकारी के पास भेज दिया गया है। यह माना जा रहा है कि डीएम की मुहर लगते ही कार्रवाई शुरू हो जाएगी।

> फर्जी डिग्री मामले में आरोपियों कीघ गिरफ्तारी कर गैंग का पर्दाफाश किया गया था। इस गैंग के सरगना की तलाश चल रही है। टीमें लगी हैं, बहुत जल्द उसकी गिरफ्तारी हो जाएगी।
>
> **डा. गौरव ग्रोवर, एसएसपी**

संगीन अपराध करने वाले 67 अपराधियों की अपराध की कुंडली खगाली गयी है। इन अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोलने की तैयारी तेज कर दी गयी हैं।

एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर के निर्देश पर जिले के थानों की पुलिस ने 60 नई गैंग को चिति कर सूची तैयार की है। इनपर गैंगस्टर लगाने के लिए एसएसपी ने सूची डीएम को भेज घ्दी है। इस सूची में अलाउद्दीन की गैंग भी शामिल है। इसी तरह जिले के विघभिन्न थानों में अलग-अलग अपराध में लिप्त 67 बदमाशों की सूची बनाई गई है। इसमें अघधिकतर बदमाश जालसाजी के केस से जुड़े हैं। इन बदमाशों की हिस्ट्रीशीट खोलेने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# प्रेमिका ज्योति की मौजूदगी में आजाद की हुई थी हत्या

**गोरखपुर (एसएनबी)।** शुक्रवार की अल सुबह खोराबार इलाके के सनहा गांव के बाहर आजाद निषाद हत्याकांड की गुत्थी खुद को उसकी प्रेमिका बताने वाली ज्योति निषाद ने पुलिस के सामने परतदर परत खोल दी। हत्या के बाद दूसरे दिन ज्योति खोराबार थाने पहुंची और पुलिस के सामने बताया कि जिस समय आजाद की हत्या हुई उस दौरान वह उसके कहने पर चरी के खेत में मुलाकात करने पहुंची थी। मुलाकात के दौरान ही चचेरा भाई साथियों के साथ पहुंचा और आजाद की धारदार हथियार से हत्या कर शव लेकर चला गया। पुलिस ने ज्योति और गांव के ही दीपक निषाद को गिरफ्तार कर लिया है।

- आजाद की हत्या के दूसरे दिन प्रेमिका ज्योति पहुंची थी थाने
- खेत में हुई थी दोनों की मुलाकात, चचेरे भाई ने दोस्तों के साथ किया था हत्या
- चचेरे भाई समेत चार वारदात में थे शामिल

शुक्रवार की अल सुबह खोराबार इलाके के सनहा गांव निवासी बेचू निषाद का पुत्र बीस वर्षीय आजाद निषाद की गांव के बाहर चरी के खेत में धारदार हथियार से हमला कर मौत के घाट उतार दिया था। हत्या के बाद हत्यारे आजाद का शव सनहा बंधे के पास पानी में फेंक कर फरार हो गए थे। जांच पड़ताल के दौरान सामने आयी कि आजाद पड़ोसी युवती ज्योति निषाद से आजाद का कई साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। आजाद के बुलाने पर ज्योति उससे मिलने आती -जाती थी। ज्योति के मां पिता नहीं है, लिहाजा उसकी देखभाल चचेरा भाई करता था। चचेरा भाई विजय निषाद ने कई बार ज्योति और आजाद के बीच के रिश्ते को लेकर एतराज जताया था लेकिन दोनों के बीच मिलने का सिलसिला आम हो गयी थी। इस दौरान यह भी कहा जा रहा है कि कुछ साल पहले छेड़खानी का केस भी दर्ज कराया था। केस दर्ज करने के बाद भी आजाद और ज्योति के बीच मिलने का सिलसिला बना रहा।

बताया जाता है कि शुक्रवार की भोर में करीब चार बजे आजाद घर पर बोल कर निकला था कि पोखरे में मछली देखने जा रहे है। मछली देखने के बहाने घर से निकला और पोखरे के पास चरी के खेत में ज्योति को भी बुलाया था इस बात की जानकारी ज्योति के भाई को हो गयी थी और उसने योजना के तहत आजाद को रास्ते से हटाने की योजना तैयार कर लिया था। दोनों की मुलाकात के दौरान ही वह मौके पर पहुंच कर पकड़ लिया और फिर आजाद को मौत के घाट उतार दिया। जिस समय आजाद की हत्या की गयी उस दौरान आजाद के बुलावे पर ज्योति चरी के खेत में मिलने पहुंची थी। मुलाकात के दौरान चचेरे भाई अपने साथियों के साथ चरी के खेत में पहुंचा और आजाद को पकड़कर पटक दिया और मारने पिटने लगा। इस दौरान संघर्ष हुआ था इस बात का खुलासा ज्योति ने पुलिस के सामने किया। संघर्ष के दौरान ही हमलावरों ने आजाद को पीछे से धारदार हथियार से हमला कर मौत की नींद सुला दिया। विरोध करने पर मुझे भी जान से मारने की धमकी दी गयी। हत्या के बाद आजाद का शव कंधे पर लादकर बंधे के पास फेंक कर फरार हो गए थे। हत्या की खबर मिलते ही गांव वालों को संदेह हो गया था कि ज्योति को लेकर आजाद की हत्या हुई है।

## आश्नाई के चक्कर में हुई थी आजाद की हत्या : एसएसपी

एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने बताया कि खोराबार थाने के सनहा गांव में आजाद की हत्या में शामिल मुख्य आरोपी विजय निषाद सहित फरार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगी है। बहुत जल्द ही आरोपी पकड़े जाएंगे। आजाद की हत्या के पीछे ज्योति निषाद और आजाद के बीच प्रेम प्रसंग को लेकर उसके चचेरे भाई ने साथियों के वारदात को अंजाम दिया है।

एसएसपी ने बताया कि हत्या के बाद ज्योति ने पुलिस को सूचना देने की बजाए फरार हो गयी। लिहाजा ज्योति, दिपक को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि घटना के बाद मृतक आजाद की माँ की तहरीर पर पुलिस तीन नामजद और एक अज्ञात के खिलाफ आई बी एन एस की धारा 103(3) तथा 248 के तहत मुकदमा दर्ज करके अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही है । माँ सोनमती देवी ने जो प्रार्थना दिया है उसमें विजय निषाद पुत्र स्व दूधनाथ ,दीपक निषाद पुत्र सूरज निषाद , विकास निषाद पुत्र हरिप्रसाद , पिन्टू निषाद पुत्र झमरु , राहुल निषाद पुत्र राजेश और ज्योति निषाद के खिलाफ तहरीर दिया था। घटना के समय विजय के साथ जो आरोपी शामिल है उनकी पहचान हो चुकी है।

# लोन में लगा स्टाम्प पेपर मांगने पर मनबढ़ दे रहा जानमाल की धमकी

**हरपुर-बुदहट (एसएनबी)।** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पचौरी निवासी अंकित सिंह को एक दबंग व्यक्ति द्वारा जानमाल की धमकी दिये जाने का मामला प्रकाश में आया है। अंकित की गलती सिर्फ इतनी है कि पिता द्वारा लोन लेते समय जमा स्टाम्प पेपर को वह मांगने की हिमाकत उक्त दबंग व्यक्ति से कर रहा है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

ग्राम पंचायत पचौरी निवासी अंकित सिंह ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि जिला सहकारी बैंक खजनी में एक व्यक्ति निवासी पचौरी के माध्यम से 12 वर्ष पहले मेरे पिता पंचम सिंह ने अपना 6 डिसमिल जमीन का स्टाम्प पेपर लोन लेने के लिए लगा दिया था। अपना स्टाम्प पेपर मांगने पर उक्त व्यक्ति द्वारा जानमाल की धमकी दी जा रही है। इस संबंध में थानाध्यक्ष विशाल सिंह ने बताया कि आरोपित व्यक्ति के विरूद्ध नामजद तहरीर मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

# पत्नी गयी मायके, पति ने काट लिया हाथ

**खोराबार (एसएनबी)।** खोराबार थाना क्षेत्र के एक गांव का रहने वाला एक युवक का सोमवार को देर शाम किसी बात को लेकर पत्नी से उसका विवाद हो गया । पत्नी नाराज हो कर मायके चली गई तो पति ने अपने बाह में लगभग बारह जगहों पर ब्लेड से काट लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे

**■ घायल युवक को जिला अस्पताल में कराया गया भर्ती**

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोराबार पर लायें जहां इलाज के बाद डाक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

मिली जानकारी के अनुसारखोराबार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक 35 वर्षीय युवक का सोमवार को देर शाम किसी बात को लेकर उसका पत्नी से विवाद हो गया तो पत्नी नाराज होकर मायके चली गई। इसी बात को लेकर पति नाराज हो कर अपने बाह में करीब बारह जगहों पर ब्लेड से काट लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोराबार लायें जहां इलाज के बाद डाक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# अलाउद्दीन और गैंग के मेंबर्स पर लगेगा गैंगस्टर

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (16 Sept):** डॉक्टरों की डिग्री का फर्जी ढंग से इस्तेमाल करने वाले अलाउद्दीन और उसके गैंग के अन्य सदस्यों पर गैंगस्टर लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है. एनबीडब्ल्यू मिलते ही पुलिस उसे भगोड़ा घोषित कर इनाम रखने की भी तैयारी कर रही है. ऐसा पता चला है कि फरारी के दौरान ही अलाउद्दीन अपनी संपत्ति दूसरे के नाम पर कर रहा है. इस आशंका पर पुलिस पहले ही उसकी अवैध संपत्ति का ब्योरा जुटाने में लग गई है. फर्जीवाड़ा करने वाले अलाउद्दीन पर शिकंजा कसने के लिए एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने सोमवार को इस केस की समीक्षा की. उन्होंने विवेचक से इस केस की प्रगति के बारे में पूछा. विवेचक ने बताया की पुलिस टीम उसकी तलाश में कुशीनगर में कई बार छापा मार चुकी है. एक या दो दिन में कोर्ट से एनबीडब्ल्यू मिलते ही उसे भगोड़ा घोषित कर दिया जाएगा. एक टीम गोपनीय ढंग से उसकी अवैध संपत्ति के बारे में जानकारी जुटा रही है.

## 92 दिन से फरार

गुलरिहा थाने में डॉ. राहुल नायक की तहरीर पर 17 मई को अलाउद्दीन के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कराया था. सोमवार को केस दर्ज कराए 92 दिन पूरे हो गए, अभी तक पुलिस उसकी तलाश नहीं कर पाई है. पुलिस के अनुसार कुशीनगर के तमकुहीराज को रहने वाला अलाउद्दीन के साथ ही उसका भाई भी घर से फरार है. उसके नंबर को सर्विलांस पर भी लगाया गया है. पुलिस के अनुसार, घर से फरार होने के बाद से ही अलाउद्दीन ने एक भी चार नंबर और मोबाइल का इस्तेमाल नहीं किया है. इस वजह से उसकी लोकेशन ट्रेस नहीं हो पा रही है. इस केस में गुलरिहा पुलिस ने एक मिलंकर को गाजीपुर के भुड़कुड़ा थाना क्षेत्र के पदुमपुर मिगर गांव निवासी बृजेश लाल, वाराणसी के सारनाथ थाना क्षेत्र के दीनापुर चिरईगांव निवासी ओमप्रकाश गौतम और वाराणसी के चौबेपुर इलाके के बराई निवासी दीपक विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर जेल चुकी है. कुशीनगर के अलाउद्दीन के साथ ही प्रयागराज की राम पांडेय की तलाश में पुलिस टीमें लगी हैं.

## खुलेगी हिस्ट्रीशीट

एसएसपी के निर्देश पर जिले के थानों की पुलिस ने 60 नई गैंग को चिह्नित कर सूची तैयार की है. इनपर गैंगस्टर लगाने के लिए एसएसपी ने सूची डीएम को भेज दी है. इस सूची में अलाउद्दीन की गैंग भी शामिल है. इसी तरह जिले के विभिन्न थानों में अलग-अलग अपराध में लिप्त 67 बदमाशों की सूची बनाई गई है. इसमें अधिकतर बदमाश जालसाजी के केस से जुड़े हैं. इन बदमाशों की हिस्ट्रीशीट खोलने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है.

"फर्जी डिग्री मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी कर गैंग का पर्दाफाश किया गया था. इस गैंग के सरगना की तलाश चल रही है. टीमें लगी हैं, बहुत जल्द उसकी गिरफ्तारी हो जाएगी.

**डॉ. गौरव ग्रोवर**, एसएसपी

# शुरू हुई जांच आर्म्स एक्ट में कैसे लगी एफआर

**GORAKHPUR (16 Sept):** कुशीनगर जिले में प्रधान पुत्र के जन्मदिन की पार्टी में साथियों संग नर्तकियों को अगवा कर दरिंदगी और फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले आर्थक सिंह पर पुलिस का शिकंजा और कसेगा. कैंट थाने में दर्ज आर्म्स एक्ट के मुकदमे में एफआर (अंतिम रिपोर्ट) कैसे लगी सीओ कैंट ने इसकी जांच शुरू कर दी है. विवेचना करने वाले दारोगा के साथ ही पर्यवेक्षण अधिकारी भी जांच की जद में है. पांच सितंबर, 2022 को गोरखपुर विश्वविद्यालय के आरपी शुक्ल छात्रावास में छात्रों के दो गुट में विवाद हुआ था. फायरिंग होने की सूचना पर कैंट थाना पुलिस पहुंची तो मौके पर आर्थक सिंह, जगरनाथपुर में रहने वाले हर्ष सिंह, गुलरिहा के जैनपुर में रहने वाले ओम मिश्रा, सहजनवां के सेमरा गांव में रहने वाले अमन सोलंकी, खोराबार के रामगढ़ उर्फ चंवरी के विवेक पांडेय और देवरिया जिले के गौरीबाजार स्थित खैरटिया गांव के रहने वाले ऋषिकेश पकड़े गए. तलाशी लेने पर आर्थक के पास से .32 बोर का एक कारतूस मिला. पूछने पर उसने बताया कि यह कारतूस उसके पिता के लाइसेंसी पिस्टल की है. इस मामले में कैंट थाने में तैनात रहे दारोगा सुशील कुमार यादव ने आर्थक के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराने के साथ ही मुचलके पर छोड़ दिया. एक वर्ष बाद पुलिस ने इस मुकदमे में साक्ष्य न मिलने की दलील देकर विवेचक ने एफआर (अंतिम रिपोर्ट) लगा दिया.

# सीएम को लेकर इंस्टाग्राम पर की टिप्पणी, केस दर्ज

**GORAKHPUR (16 Sept):** स्थानीय थाने की पुलिस ने इंस्टाग्राम पर सीएम को लेकर टिप्पणी करने वाले सेवई बाजार निवासी धर्मराज यादव के विरुद्ध केस दर्ज किया. सोमवार को ककराखोर निवासी सुमित सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि आरोपित ने सीएम को लेकर अपने इंस्टाग्राम पर आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट की है. जो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है. आरोपित लोगों में जातिगत विद्वेष फैलाना चाहता है. तहरीर के आधार पर पुलिस केस दर्ज कर आरोपित की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है.

# जुलूस के दौरान राहगीर की बाइक में लगी आग

पीपीगंज, हिन्दुस्तान संवाद। पीपीगंज नगर के मुख्य चौराहे पर ईदु मिलादुन्नबी त्योहार के जुलूस के दौरान राहगीर की बाइक में अचानक आग लग गई, जिससे पूरे चौराहे पर आफरातफरी मच गई। स्थानीय लोगों के प्रयास से आग पर काबू पाया गया।



पीपीगंज नगर के मुख्य चौराहे पर सोमवार को करीब 11 बजे ईदु मिलादुन्नबी त्योहार का जुलूस निकल रहा था। गोरखपुर के राप्तीनगर के गंगा टोला निवासी योगेन्द्र प्रसाद परिवार के साथ बाइक से नौतनवा जा रहे थे, वह चौराहे पर पहुंचे ही थे कि बाइक से अचानक आग लग गई, बाइक सवार बाइक से उतर कर भाग खड़े हुए। मौके पर पहुंची पीपीगंज पुलिस ने जल चुकी बाइक को सड़क से किनारे कराया।

# सुनील की तलाश में खंगाले गए कैमरे

गोरखपुर। पुणे से गोरखपुर आ रहे झंगहा के सुनील राजभर की आखिरी लोकेशन गोरखपुर में मिली है। गुमशुदगी दर्ज करने के बाद जीआरपी रेलवे स्टेशन परिसर के साथ ही बाहर लगे सीसी कैमरे का फुटेज देख रही है। मंगलवार को कॉल रिकॉर्ड की डिटेल मिलने के बाद स्थिति साफ होने की बात कही जा रही है।

झंगहा के मीठाबेल में रहने वाला सुनील राजभर पुणे से सात सितंबर को बस से भुसवल पहुंचा। वहां से काशी एक्सप्रेस में गोरखपुर आने के लिए बैठा। इसकी जानकारी अपने छोटे भाई बादल को उसने फोन करके बताया। इसके बाद लोग उसे रिसीव करने स्टेशन गए पर वह नहीं मिला।

# मुख्य आरोपी विजय व उसकी भाभी की तलाश

हि फॉलोअप

■ खोराबार के सनहा के युवक की हत्या में आरोपित हैं दोनों

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता
आजाद निषाद की हत्या के बाद फरार चल रहे मुख्य आरोपित विजय निषाद और उसकी भाभी की तलाश में पुलिस की दबिश जारी है। दोनों का अभी तक पता नहीं चला है। उधर, शव मिलने के बाद थाने पर आई युवती और उसके पड़ोसी भाई दीपक से पूछताछ जारी है। इनके बयान और साक्ष्यों के आधार पर पुलिस विजय को ही मुख्य आरोपित मान रही है।

खोराबार के सनहा गांव निवासी आजाद निषाद की शुक्रवार की भोर में घर के पीछे खेत में कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी गई थी और शव को बाढ़ के पानी में फेंक दिया गया था। पुलिस ने आजाद की मां की तहरीर पर चार लोगों को हत्या का मुकदमा दर्ज किया। उधर, शव मिलने के बाद शाम तक वह युवती थाने पर पहुंच गई, जिससे आजाद का प्रेम संबंध था। युवती ने घटना के बारे में पूरी जानकारी पुलिस को दी। उसके बाद एक अन्य आरोपित दीपक भी थाने पहुंचा और बताया कि उसका इस घटना से कोई लेना-देना नहीं है। फिलहाल पुलिस विजय और उसके भाभी की तलाश कर रही है। विजय निषाद को ही मुख्य आरोपित माना जा रहा है।

वहीं दूसरी तरफ आरोपितों की गिरफ्तारी और न्याय की मांग को लेकर काफी संख्या में ग्रामीणों ने स्थानीय विधायक विपिन सिंह से मुलाकात की। विपिन सिंह ने इस संबंध में अधिकारियों से बात की।

# आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर लगाया जाम

**रोशनी मौत मामला**

- गुलरिहा थाने के सामने बीच सड़क पर खड़ी कर दी कार
- युवती की खुदकुशी के मामले में युवक के खिलाफ दर्ज है केस

गुलरिहा,हिन्दुस्तान संवाद। आत्महत्या को उकसाने में आरोपित युवक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सोमवार दोपहर में पीड़ित पक्ष ने दर्जनों महिलाओं और पुरुषों के साथ गुलरिहा थाने के सामने गोरखपुर-महराजगंज हाईवे जाम कर दिया। जाम करने की सूचना मिलते ही गुलरिहा थाने में हड़कंप मच गया। 20 मिनट तक यह स्थिति बनी रही। प्रभारी निरीक्षक जीतेंद्र कुमार सिंह के आश्वासन पर जाम समाप्त हुआ और आवागमन बहाल हुआ।

गुलरिहा थाना क्षेत्र के नारायनपुर नंबर दो में शनिवार की रात रोशनी नामक युवती ने गांव के युवक से बात करने के बाद फंदे से लटककर खुदकुशी कर ली थी। रविवार की सुबह



गुलरिहा थाने के सामने आरोपी प्रेमी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर चक्का जाम।

कमरे में युवती का शव फंदे से लटकता मिला तो परिवारीजनों ने पुलिस को सूचना दी। पोस्टमार्टम के बाद शाम छह बजे पुलिस ने शव परिवारीजनों को सौंप दिया। शव लेकर परिजन गुलरिहा थाने पहुंच गए और एफआईआर दर्ज करने की मांग करने लगे। पुलिस ने तहरीर लेकर शव का अंतिम संस्कार करने के लिए कहा। एफआईआर की कॉपी मिलने के बाद परिवारीजनों ने देर रात शव का अन्तिम संस्कार किया।

## शादी का दबाव बना रही थी युवती

बताया जा रहा है कि युवती का प्रेम संबंध करीब पांच वर्षों से मनीष से चल रहा था। चार महीने पहले वह आरोपित मनीष के घर पहुंच गई थी। उस समय शादी करने की बात कहकर आरोपित ने युवती को किसी तरह उसके घर भेजा था। आरोप है कि इस बीच युवती के घरवालों ने उसकी शादी कहीं और तय की तो युवक ने खुद शादी करने की बात कहकर शादी तोड़वा दी थी। एक माह पहले युवती फिर से युवक के घर गई तो वह शादी करने से इंकार कर बाहर भाग गया। तभी से युवती अवसाद में चल रही थी। परिवार के लोगों का कहना है कि शनिवार की रात दोनो में घंटों बातचीत हुई। इसी आधार पर परिवार ने केस दर्ज कराया है।

# चोरी के ई-रिक्शा के साथ तीन गिरफ्तार

गोरखपुर। चोरी के ई-रिक्शा के साथ रामगढ़ताल पुलिस ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों के पास से पुलिस ने चोरी के दो ई-रिक्शा बरामद करने के बाद कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। सीओ कैंट अंशिका वर्मा ने बताया कि रविवार को नौकायन क्षेत्र से ई-रिक्शा चोरी होने की सूचना मिली थी। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर छानबीन में जुटी पुलिस ने सोमवार को चोरी हुए ई-रिक्शा के साथ कुशीनगर के कप्तानगंज, रमाशोला गुबरई के कौशल, इलाल अहमद और चौरीचौरा के फुटहवा में रहने वाले बलिंदर साहनी को गिरफ्तार किया। आरोपितों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त ई-रिक्शा बरामद हुआ जिसे सीज कर दिया गया है। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि वह लोग बिना नम्बर प्लेट वाले ई-रिक्शा से घूमते है और जहां एकांत में कोई ई-रिक्शा मिलता है उसे चुराकर बैट्री निकाल लेते हैं। चोरी की गई बैट्री बेचकर जो रुपये मिलते हैं उसे आपस में बांट लेते हैं।

# गीडा में जालसाजों ने 17 लाख रुपये हड़पे

घघसरा। गीडा थाना क्षेत्र के नौसड़ में किराये का मकान लेकर रहने वाले व्यक्ति और उसकी पत्नी पर तीन लोगों से 17 लाख रूपये हड़पने का आरोप लगा है। आरोप है कि रूपये मांगने पर वे जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। तीनों पीड़ितों ने गीडा थाने में केस दर्ज कराया है। संतकबीरनगर नगर खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र के डीघा निवासी सुरेन्द्र कुमार की पत्नी माधुरी ने पुलिस को बताया खजनी क्षेत्र के भेउसा निवासी युवक नौसड़ में किराए का मकान लेकर रहता है। उसने मई में डंफर खरीदने के लिए आठ लाख रूपये उधार लिया था।

# सीएम के खिलाफ आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट करने पर केस

बेलीपार। सीएम योगी के खिलाफ इंस्टाग्राम पर आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग करते हुए वीडियो बनाकर वायरल करने वाले के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। एक युवक ने बेलीपार थाने में इस मामले में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी।

बेलीपार क्षेत्र के सेंवई बाजार निवासी धर्मराज यादव ने अपने इंस्टाग्राम पर मुख्यमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग करते हुए एक वीडियो बनाकर पोस्ट कर दिया। सोशल मीडिया पर यह वीडियो तेजी से वायरल होने पर बेलीपार क्षेत्र के ही ककराखोर निवासी सुमित सिंह ने थानाध्यक्ष बेलीपार को साक्ष्य के साथ लिखित तहरीर दी। समाज में जातिगत विद्युत फैलाने की नीयत से किए गए पोस्ट का हवाला देते हुए केस करने की मांग की। थानाध्यक्ष बेलीपार कुंवर गौरव सिंह ने बताया तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस टीम गठित कर आरोपी की तलाश में दबिश दी जा रही है।

# आर्थक के केस में एफआर की सीओ ने शुरू की जांच

फॉलोअप

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। कुशीनगर में प्रधान पुत्र के जन्मदिन की पार्टी में साथियों संग नर्तकियों को अगवा कर दरिंदगी और फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले आर्थक सिंह पर कैंट थाने में दर्ज आर्म्स एक्ट के मुकदमे में एफआर की सीओ कैंट ने जांच शुरू कर दी है। विवेचना करने वाले दारोगा के साथ ही पर्यवेक्षण अधिकारी भी इस जांच की जद में हैं।

पांच सितंबर 2022 को डीडीयू के आरपी शुक्ल छात्रावास में छात्रों के दो गुट में विवाद हुआ था। फायरिंग होने की सूचना पर कैंट थाना पुलिस पहुंची तो मौके पर आर्थक सिंह, हर्ष सिंह, ओम मिश्रा, अमन सोलंकी, विवेक पांडेय और ऋषिकेश पकड़े गए। तलाशी लेने पर आर्थक के पास से 32 बोर का एक कारतूस मिला। उसने बताया कि यह कारतूस उसके पिता के लाइसेंसी पिस्टल की है। कैंट थाने में तैनात रहे दारोगा सुशील कुमार यादव ने आर्थक के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराने के साथ ही मुचलके पर छोड़ दिया। एक वर्ष बाद पुलिस ने इस मुकदमे में साक्ष्य न मिलने की दलील देकर एफआर लगा दिया।

# झूठी सूचना प्रसारित करने पर यूट्यूबर पर केस

गोरखपुर। कोतवाली थाने में यूट्यूबर पर झूठी सूचना प्रसारित कर युवक को बदनाम करने का केस दर्ज हुआ। आरोप है कि यूट्यूबर सत्येंद्र शर्मा ने सोशल मीडिया पर युवक को नशेड़ी बताकर उसकी सामाजिक क्षति की और मानसिक रूप से परेशान किया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपित सत्येंद्र शर्मा पर केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। अभी चंद दिनों पहले ही मरीज माफिया गिरोह से जुड़े एक डॉक्टर के लिए पैरवी करने व झूठी सूचना प्रसारित करने का भी सत्येंद्र शर्मा पर केस दर्ज हुआ था।

# विसर्जन को अस्थाई तालाब तैयार



डोमिनगढ़ में मूर्ति विसर्जन के लिए जेसीबी एप्रोच मार्ग बनाया गया।

**गोरखपुर, मुख्य संवाददाता।** गोरखपुर नगर निगम क्षेत्र में इस बार रिकॉर्ड 243 भगवान गणपति की प्रतिमाएं स्थापित हैं। इन प्रतिमाओं के श्रद्धापूर्ण विसर्जन के लिए राप्ती तट के एकला बांध पर 2 और महेसरा व डोमिनगढ़ में 1-1 अस्थाई पोखरे तैयार हैं। इन पोखरों तक सुगमतापूर्वक जाने के लिए एप्रोच मार्ग दुरुस्त कर बैरिकेडिंग और लाइटिंग का काम भी पूरा हो गया है।

प्रतिमा विसर्जन के लिए तालाब पर बकायदा शिफ्टवार अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है। सभी तालाब पर पोकलेन और जेसीबी भी तैनात कर दी गई है। ताकि प्रतिमा विसर्जन में दिक्कत न आए। मौके पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पेयजल और सहायता काउंटर भी सक्रिय हो गया है। इन काउंटर पर पुलिस बल और तैराक भी नियुक्त किए हैं। तालाब के आसपास स्वच्छ पर्व-जीरो वेस्ट त्योहार के मद्देनजर साफ सफाई का भी खास ध्यान रखा जा रहा है। अपर नगर आयुक्त निरंकार सिंह ने बताया कि सोमवार को एक्का दुक्का प्रतिमाएं ही हर तालाब पर विसर्जन के लिए आईं।

**डोमिनगढ़ में एप्रोच मार्ग सुधारा :** डोमिनगढ़ में अस्थाई तालाब का निर्माण कर बैरिकेडिंग एवं लाइटिंग का काम निगम ने कर दिया था। लेकिन एप्रोच मार्ग पर जेसीबी से दीवार बनाने के लिए रेलवे ने बड़ा गड्ढा खोद मिट्टी से एप्रोच मार्ग को ब्लाक कर दिया। नगर निगम आयुक्त के निर्देश पर अवर अभियंता राजकुमार ने सोमवार को स्वयं ही जेसीबी से गड्ढे में मिट्टी भरकर भगवान गणेश की प्रतिमाओं के अस्थाई तालाब तक पहुंच मार्ग को सुगम कर दिया।

# एम्स के आधिकारिक बयान के बाद ही जांच

- **पुलिस ने जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत के बाद लगाई रिपोर्ट**
- **रिपोर्ट में पुलिस ने लिखा एम्स के मैनेजिंग कमेटी से संबंधित है मामला**

> मामले की पूरी जानकारी स्वास्थ्य मंत्रालय को दी जा चुकी है। लगाए गए सभी आरोप पूरी तरह से बेबुनियाद है। एम्स में भ्रष्टाचार चल रहा था, जिसे उजागर किया गया। कई मामले ऐसे हैं, जिसकी जांच की जा रही है।
>
> **- प्रो.जीके पाल, कार्यकारी निदेशक, एम्स**

**गोरखपुर, कार्यालय संवाददाता।** एम्स के कार्यकारी निदेशक के खिलाफ की गई शिकायत की रिपोर्ट एम्स पुलिस ने लगा दी है। जनसुनवाई पोर्टल पर की गई शिकायत के बाद पुलिस ने स्पष्ट रूप से बताया है कि एम्स अस्पताल मामले की जांच कर रहा है। मामला एम्स के मैनेजिंग से संबंधित है। एम्स अस्पताल के आधिकारिक बयान के बाद जो रिपोर्ट जारी की जाएगी। उसके बाद ही मामले में अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। इस जवाब के बाद मामले को पुलिस ने पूरी तरह से बंद कर दिया है।

एम्स के सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. गौरव गुप्ता ने पांच सितंबर को जनसुनवाई पोर्टल पर कार्यकारी निदेशक प्रो. डॉ. जीके पाल के खिलाफ शिकायत की थी। आरोप लगाया था की फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर बेटे डॉ. ओरो प्रकाश पाल ने माइक्रबायोलॉजी विभाग में पीजी पाठ्यक्रम में प्रवेश लिया। ओबीसी प्रमाण पत्र बनवाते हुए नान क्रीमी लेयर का लाभ लिया। 27 अप्रैल को एम्स पटना के कार्यकारी निदेशक के आवास के पते से प्रमाणपत्र बनवाया। इसमें अपनी और पत्नी की सालाना आय आठ लाख रुपये बताया। जबकि, दोनों का पैकेज 80 लाख से ज्यादा है। मामले की शिकायत के बाद बेटे ने पीजी सीट को छोड़ दिया।

मामले में डॉ. गौरव गुप्ता ने मुकदमा दर्ज करने का अनुरोध किया था। इस प जब पुलिस ने जांच शुरू की तो दोन पक्षों को 13 सितंबर को बुलाया था। लेकिन, दोनों पक्ष पुलिस के समक्ष नहीं पहुंचे। इसके बाद जब पुलिस ने मामले में आगे की कार्रवाई शुरू की तो पता चला कि यह मामला एम्स के अस्पताल से संबंधित है। इसमें एम्स का मैनेजिंग भी जुड़ा हुआ है।

# ई-रिक्शा चोरी करने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार

**गोरखपुर।** ई-रिक्शा चुराने वाले तीन बदमाशों को रामगढ़ताल थाना पुलिस ने सोमवार की सुबह गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से चोरी हुए दो ई-रिक्शा मिले। दोपहर बाद आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। रामगढ़ताल थाना पुलिस ने सोमवार को चोरी हुए ई-रिक्शा के साथ कुशीनगर के कप्तानगंज, रामकोला गुबरई के कौशल, इलाल अहमद और चौरी चौरा के फुटहवा में रहने वाले बलिंदर साहनी को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से ई-रिक्शा बरामद हुए, जिसे सीज कर दिया गया है। वे एकांत में कोई ई-रिक्शा मिलता है उससे बैट्री निकाल लेते हैं। बैट्री बेचकर जो रुपये मिलते उसे बांट लेते हैं। ब्यूरो

# झांसा देकर युवती व महिला से दुष्कर्म का आरोप

**सहजनवां।** अलग-अलग गांव की युवती व महिला ने दो युवकों पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। सहजनवां थाने पहुंचकर दोनों पीड़ितों ने सोमवार को तहरीर दी। दोनों ही मामले में पुलिस जांच कर कार्रवाई शुरू कर दी है।सहजनवां थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती ने बताया है कि वह इंटरमीडिएट की छात्रा है। पांच वर्षों से एक युवक शादी की बात करते हुए संबंध बना रहा है। जब शादी करने का दबाव बनाया तो मना कर दिया। धमकी दी है कि शिकायत करने पर वह आपत्तिजनक वीडियो इंटरनेट पर प्रसारित कर देगा। इसी तरह एक गांव की महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका पति बाहर रहता है। सात वर्ष पूर्व गांव का एक युवक शादी का झांसा देकर संबंध बनाया और वीडियो बना लिया। इसके बाद से वीडियो वायरल करने की धमकी देते हुए ब्लैकमेल कर दुष्कर्म करता रहा। जब शादी करने के लिए कहा तो गाली देते हुए भगा दिया। एसपी नार्थ जितेन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि सहजनवां पुलिस मामले की जांच कर रही है। ब्यूरो

# सीएम के खिलाफ आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट, केस

महावीर छपरा (गोरखपुर)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग करते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया गया है।

एक व्यक्ति की शिकायत पर वीडियो वायरल करने वाले के खिलाफ बेलीपार थाने में सोमवार देर रात केस दर्ज किया गया है। बेलीपार थाना क्षेत्र के सेवई बाजार निवासी धर्मराज यादव ने एक वीडियो बनाकर पोस्ट किया है।

इसे देखकर क्षेत्र के ककराखोर निवासी सुमित सिंह ने एसओ को साक्ष्य के साथ लिखित तहरीर देकर केस दर्ज कराया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। संवाद

# पुरानी रंजिश में मारपीट, केस दर्ज

सरदारनगर। चौरीचौरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत करमहा निवासी राकेश ने पुलिस को तहरीर देकर गांव के ही युवकों पर पुरानी रंजिश में मारपीट का आरोप लगाकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस केस दर्ज कर घटना की जांच कर रही है राकेश ने पुलिस को बताया कि रविवार को गांव के रहने वाले झीनक व अखिलेश ने पुरानी रंजिश को उसकी बाईं आंख पर हमला कर दिया। मनबढ़ों ने आधा दर्जन साथियों के साथ दरवाजे पर आकर मां, पत्नी और बेटे के साथ भी मारपीट की। संवाद

# अलाउद्दीन पर लगेगा गैंगस्टर संपत्ति खंगाल रही पुलिस

## फर्जी डिग्री मामले में फरार अलाउद्दीन के केस की एसएसपी ने की समीक्षा

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। डॉक्टरों की डिग्री का फर्जी ढंग से इस्तेमाल करने के आरोपी अलाउद्दीन और उसके गैंग के गुर्गों पर गैंगस्टर लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। एनबीडब्ल्यू मिलते ही पुलिस उसे भगोड़ा घोषित कर इनाम रखने की भी तैयारी कर रही है।

पुलिस को पता चला है कि फरारी के दौरान ही अलाउद्दीन अपनी संपत्ति दूसरे के नाम पर कर रहा है। इस आशंका पर पुलिस पहले ही उसकी अवैध संपत्ति का ब्योरा जुटाने में लग गई है। इस मामले में अब तक तीन आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है, जबकि अलाउद्दीन समेत दो फरार हैं।

फर्जीवाड़ा करने वाले अलाउद्दीन पर शिकंजा कसने के लिए एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने सोमवार को इस केस की समीक्षा की। उन्होंने विवेचक से इस केस की प्रगति के बारे में पूछा। विवेचक ने बताया की पुलिस टीम उसकी तलाश में कुशीनगर में कई बार छापा मार चुकी है।

एक या दो दिन में कोर्ट से एनबीडब्ल्यू मिलते ही उसे भगोड़ा घोषित कर दिया जाएगा। एक टीम गोपनीय ढंग से उसकी अवैध संपत्ति के बारे में भी जानकारी जुटा रही है।



7 सितंबर को प्रकाशित खबर।

फर्जी डिग्री मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी कर गैंग का पर्दाफाश किया गया था। इस गैंग के सरगना की तलाश चल रही है। टीमें लगी हैं, बहुत जल्द उसकी गिरफ्तारी हो जाएगी।

-डॉ. गौरव ग्रोवर
एसएसपी

### तीन आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ चुके, मास्टरमाइंड अलाउद्दीन समेत दो फरार



अलाउद्दीन अली।

### *60 नए गैंग पर गैंगस्टर, 67 बदमाशों की खुलेगी हिस्ट्रीशीट*

*एसएसपी के निर्देश पर जिले के थानों की पुलिस ने 60 नए गैंग चिह्नित कर सूची तैयार की है। इनपर गैंगस्टर लगाने के लिए एसएसपी ने सूची डीएम को भेज दी है। इस सूची में अलाउद्दीन का गैंग भी शामिल है। इसी तरह जिले के विभिन्न थानों में अलग-अलग अपराध में लिप्त 67 बदमाशों की सूची बनाई गई है। इसमें अधिकतर जालसाजी के केस से जुड़े हैं। इन बदमाशों की हिस्ट्रीशीट खोलने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।*

### रुपये की ललक में फर्जीवाड़े के दलदल में फंसता गया

तमकुहीराज। शुरुआती दिनों में परिवार की आर्थिक स्थिति बेहतर नहीं होने के कारण कम उम्र में ही अलाउद्दीन के मन रुपये कमाने की ललक पैदा हो गई थी। परिणाम स्वरूप उसने कस्बे एक पैथोलॉजी में बतौर सहायक न्यूनतम मेहनताना पर काम करने लगा। सीएचसी में तैनात एक कर्मी से संपर्क में आने के बाद अलाउद्दीन स्वास्थ्य विभाग में अपनी पैठ बनाने में सफल हो गया और वैध-अवैध कामों से रुपये कमाने लगा। संवाद

### दबिश देने के बाद से ही उसका पर्सनल नंबर बंद

गोरखपुर पुलिस ने जब 11 अगस्त को अलाउद्दीन के घर दबिश दी थी, तभी से उसका पर्सनल नंबर बंद है। हालांकि, एक करीबी के नाम-पते से लिए गए नए नंबर से अलाउद्दीन लगातार कस्बा निवासी करीबियों के संपर्क में है। इससे पुलिस को उसकी हर गतिविधि की जानकारी तो मिल रही है, लेकिन उस तक पहुंचने में पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है।

### *फरार होने के बाद से इस्तेमाल नहीं किया मोबाइल फोन*

*गुलरिहा थाने में डॉ. राहुल नायक की तहरीर पर 17 मई को अलाउद्दीन पर धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया था। सोमवार को केस दर्ज कराए 92 दिन पूरे हो गए, अब तक पुलिस उसकी तलाश नहीं कर पाई है। पुलिस के अनुसार, कुशीनगर जिले के तमकुहीराज के अलाउद्दीन के साथ उसका भाई भी फरार है। सर्विलांस पर उसका मोबाइल और नंबर भी लगाया गया है।*

# फायरिंग के मामले में कैसे बच निकला आर्थक, होगी जांच

## दो वर्ष पहले कारतूस के साथ हास्टल में पकड़ा गया था आर्थक सिंह

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। कुशीनगर जिले में नर्तकियों को अगवा कर साथियों के साथ मिलकर दरिंदगी और फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले आर्थक सिंह पर पुलिस का शिकंजा और कसेगा। छात्रावास में फायरिंग की घटना के बाद कैंट थाने में दर्ज आर्म्स एक्ट के केस में एफआर (अंतिम रिपोर्ट) कैसे लगी, सीओ कैंट ने इसकी जांच शुरू कर दी है। विवेचना करने वाले दरोगा के साथ ही पर्यवेक्षण अधिकारी भी जांच की जद में हैं।

पांच सितंबर 2022 को गोरखपुर विश्वविद्यालय के आरपी शुक्ल छात्रावास में छात्रों के दो गुट में विवाद हुआ था। फायरिंग होने की

**कैंट पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच कर लगाई थी अंतिम रिपोर्ट**


आर्थक पर आर्म्स एक्ट केस में एफआर कैसे लगी.. होगी जांच

14 सितंबर को प्रकाशित खबर।

सूचना पर कैंट थाना पुलिस पहुंची तो मौके पर आर्थक सिंह, जगरनाथपुर में रहने वाले हर्ष सिंह, गुलरिहा के जैनपुर में रहने वाले ओम मिश्रा, सहजनवां के सेमरा गांव के अमन सोलंकी, खोराबार के



आर्थक सिंह।

रामगढ़ उर्फ चंवरी के विवेक पांडेय और देवरिया जिले के गौरीबाजार स्थित खैरटिया गांव के ऋषिकेश पकड़े गए। तलाशी लेने पर आर्थक के पास से 32 बोर का एक कारतूस मिला। पूछने पर उसने बताया कि यह कारतूस उसके पिता के लाइसेंसी पिस्टल की है।

इस मामले में कैंट थाने में तैनात रहे दरोगा सुशील कुमार यादव ने आर्थक के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कराने के साथ ही मुचलके पर छोड़ दिया।

एक वर्ष बाद इस केस में साक्ष्य न मिलने की दलील देकर विवेचक ने एफआर (अंतिम रिपोर्ट) लगा दी। आठ सितंबर 2024 की रात को आर्थक, विवेक सेठ व अन्य साथियों की गिरफ्तारी होने के बाद उनके विरुद्ध दर्ज केसों की समीक्षा शुरू हुई तो अधिकारियों को इसकी जानकारी हुई।

कुशीनगर में पकड़े गए आर्थक सिंह पर कैंट थाने में आर्म्स एक्ट का केस दर्ज था। इस केस में एफआर कैसे लगी इसकी जांच सीओ कैंट कर रही हैं। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

**-अभिनव त्यागी**, एसपी सिटी

# तस्करी : आंखों में मिर्च...लाल मिर्च के बोरों में लाल चंदन

## जांच एजेंसियों को झांसा : महराजगंज-नेपाल के रास्ते दक्षिण भारत की लाल चंदन लकड़ी की चीन हो रही तस्करी

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। जांच एजेंसियों को झांसा देकर तस्कर लाल मिर्च के बोरों में लाल चंदन लकड़ी की तस्करी कर रहे हैं। दक्षिण भारत के जंगलों से आ रही कीमती लाल चंदन की लकड़ी गोरखपुर, महराजगंज और नेपाल के रास्ते चीन तक पहुंच रही है। बीते दिनों बड़े पैमाने पर लाल चंदन पकड़े जाने के बाद जांच एजेंसियों ने सतर्कता और बढ़ा दी है।

चंदन की चेन्नई से उत्तर प्रदेश और महाराजगंज के रास्ते नेपाल में तस्करी हो रही है। हाल में कस्टम की टीम ने ढाई करोड़ के चंदन की लकड़ी बरामद की थी। धंधेबाजों के विभागीय

**चीन में ये लकड़ी होती नहीं है तो इसे भारत के रास्ते करवाया जाता है तस्करी**

जोड़तोड़ से ये धंधा फैल रहा है। चंदन की लकड़ी की तस्करी होती जा रही है और वन विभाग, जीएसटी, पुलिस व आरटीओ को भनक तक नहीं लग रही। यही कारण है कि 2008 के बाद इतनी बड़ी खेप पकड़ी गई है।

सूत्रों ने बताया कि चंदन की लकड़ी की खपत चीन में काफी मात्रा में है और ये वहां महंगी बिकती है। चीन में ये लकड़ी होती नहीं है तो इसे भारत के रास्ते तस्करी करवाया जाता है। चेन्नई से समुद्री मार्ग के अलावा



बरामद चंदन की लकड़ी। (फाइल फोटो)

दिल्ली, उत्तर प्रदेश के महाराजगंज और सिद्धार्थनगर से होकर इन लकड़ियों को नेपाल भेजा जाता है। चीन में चंदन की लकड़ी का वास्तु एवं अन्य प्रयोजनों में खासा उपयोग हो रहा है।

लाल चंदन तमिलनाडु के कुनूनरूरा जंगल के अलावा कर्नाटक के मैसूर एवं केरल के जंगलों में होता


चंदन तस्करी : कस्टम के रडार पर शहर के ट्रांसपोर्टर भी

16 सितंबर को प्रकाशित खबर।

है। वहां से इनकी तस्करी काफी पहले से अन्य देशों को होती आ रही है। कुछ दिनों से चीन इसका सबसे बड़ा खरीदार बनकर उभरा है।

चीन में मान्यता है कि लाल चंदन की लकड़ी से बने दरवाजे वास्तु दोष को कम करने में सहायक होते हैं। लाल चंदन का उपयोग वहां धार्मिक कार्यों में भी होता है। भारत के लाल चंदन का उपयोग परफ्यूम बनाने के साथ-साथ कास्मेटिक्स के सामान बनाने में भी होता है। इसके तेल से दवाएं भी बनती हैं।

सूत्रों के अनुसार, चीन में लाल चंदन की लकड़ी से निकाले गए तेल की कीमत एक हजार से डेढ़ हजार डालर प्रति किलो है। यही कारण है कि भारत के लाल चंदन की चीन में भारी मांग है और लोग मुंहमांगे मूल्य पर इसे खरीदने को तैयार रहते हैं। मांग इतनी रहती है कि उसकी आपूर्ति नहीं हो पाती। चीन में बढ़ी यह मांग ही तस्करों को बढ़ावा देती है। सूत्रों ने बताया कि लाल चंदन के तस्करों का नेटवर्क तमिलनाडु, कर्नाटक एवं केरल से ही शुरू हो जाता है।

DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-17-09-2024

# बैंक अधिकारी बन खाते से उड़ाया पाँच लाख

**गौरीबाजार (एसएनबी)।** गौरीबाजार थाना क्षेत्र के वनसहिया गाँव निवासी राजेंद्र चौहान मर्चेंट नेवी में रहकर नौकरी करते हैं। गांव पर उनकी पत्नी व लड़का अमन रहते हैं। अमन के मोबाइल पर लगभग एक सप्ताह पहले एक व्यक्ति ने फोन किया और बताया कि मैं बैंक अधिकारी बोल रहा हूं। और उसने अमन के गांव पिता का नाम व पूरा पता व बैंक का नाम बताया, इस पर अमन को विश्वास हो गया कि वास्तव में वह बैंक अधिकारी ही है। अमन ने यह बात अपने पिता को बताया और उस व्यक्ति का नंबर दिया । उसके पिता ने जब नंबर लगाया तो उस पर बात नहीं हो पाई। फिर उस व्यक्ति ने अमन के मोबाइल पर फोन किया। तो अमन ने बताया कि मैं आपको मोबाइल पर कोई डिटेल शेयर नही करूंगा। तब उस व्यक्ति ने कहा कि मैं बैंक अधिकारी हूं मैं आपसे कोई जानकारी नहीं लूंगा आपको एक लिंक भेजा जा रहा है। उस लिंक को खोलकर आप स्वयं अपना केवाईसी कर सकते हैं। अमन ने लिंक को खोला पर उस लिंक में कुछ था नही। उसने समझा कोई फ्राड काल किया होगा। उसके बाद उस ब्यक्ति का अमन को फोन नहीं आया। उसके पाँच दिन बाद अमन के मोबाइल पर पैसे कटने का लगातार मैसेज आने लगा। उसने पिताजी से इसके बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि हमने पैसा नहीं निकाला है। फिर अमन ने कस्टमर केयर से बात किया तो उसे बताया गया कि आपके द्वारा ही आनलाइन बैंकिंग एक्टिवेट कर पैसे एक व्यक्ति के खाते में ट्रांसफर किए गए हैं । तब जाकर अमन का माथा ठनका कि उस लिंक को टच करने से ही पैसे गायब हुए हैं। अमन के पिताजी के खाते से लगभग कई बार में जालसाज ने पाँच लाख ट्रांसफर कर लिया था। घटना की लिखित सूचना पीड़ित ने गौरीबाजार थाने को दिया। वही उसी गांव निवासी राकेश चौहान की पुत्री कल्पना चौहान ने सोशल साइट पर घर बैठे पैसा कमाओ का विज्ञापन देखा और उसमें बताएं गए नंबर पर फोन किया तो उसे बताया गया कि आप घर बैठे पेन की पैकिंग कर महीने का तीस हजार रुपये कमा सकती हैं। इसके लिए आपको आनलाइन सिक्योरिटी मनी भेजना पड़ेगा। तब जाकर उतने रुपए का आपको पेन भेजा जाएगा और आप पैक करके उसे दे दीजिएगा। एक दो बार काम करने पर आपका क्रेडिट जब कंपनी में बन जाएगा तो माल जाता रहेगा। आप पैक करके देते रहियेगा और आपको पैसे मिलते रहेंगे। इस पर विश्वास करके कल्पना ने उसे खाते में तीन बार में छः हजार रुपये भेज दिया।

# धान के खेत में मिला किशोरी का शव, हत्या की आशंका

**मईल (एसएनबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र पनिका गांव के कुछ लोग सोमवार की सुबह टहलने के लिए गांव से बाहर गये हुए थे तभी गांव के बाहर बनी पानी की टंकी के पास धान के खेत में एक किशोरी का शव लोगों ने देखा। शव की जानकारी होने पर आसपास के लोग भारी तादात में जमा हो गये। किसी ने घटना की सूचना मईल पुलिस को दे दी।

सूचना मिलते ही पुलिस क्षेत्राधिकारी आदित्य गौतम, मईल थानाध्यक्ष अमित कुमार राय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गये। पुलिस ने घटना स्थल पर मौजूद लोगों से शव की पहचान करायी तो लोगों ने बगल के गांव नरसिंहडाड़ निवासी जयश्री राजभर की बेटी की पुत्री गुड़िया (18 वर्ष) के रूप में हुई।

जयश्री राजभर की पुत्री संगीता राजभर की शादी सदर कोतवाली थाना क्षेत्र सरौरा गांव में हुई थी। शादी के कु छ दिन बाद संगीता के पति ओमप्रकाश की मौत हो गयी। पति की मौत के बाद संगीता मायके नरसिंहडाड़ में आकर रहने लगी। उसकी पुत्री दयानन्द इण्टर कालेज पनिका की छात्रा थी। सोमवार की सुबह उसका शव देख माँ दहाड़े मार चिल्लाने लगी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा बनाकर पीएम के लिए देवरिया भेज दिया। मृतका के मामा सोनू राजभर की तहरीर पर पुलिस एक व्यक्ति के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही कर रही है।

**शव के दाह संस्कार के लिए परिजनों ने मना किया**

मईल थाना क्षेत्र के पनिका गांव में किशोरी का शव मिलने के बाद पीएम के बाद शव घर आने के बाद परिजनों ने शव को नरसिंह बार गांव के सामने पिकअप पर रोकर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही को लेकर दाह संस्कार करने से मना कर दिया। जिससे ग्रामीणों के साथ आस पास के सैकड़ों लोग मौके पर जमा हो गये। लोग सड़क जाम करना चाहते थे लेकिन पुलिस सड़क जाम को विफल कर दिया।

सूचना पर पहुंचे पुलिस क्षेत्राधिकारी आदित्य कुमार गौतम एसओ अमित कुमार राय ने परिजनों को कार्यवाही का आश्वासन देते हुए शव का दाह संस्कार करने का प्रयास किया। लेकिन बात नहीं बन पायी। समाचार लिखते समय परिजन शव के साथ सड़क पर जमे हुए थे।

# चैन स्नेचिंग करने वाली महिला के विरूद्ध पुलिस ने नहीं की कार्रवाई

**बरहज (एसएनबी)।** रविवार की सुबह नगर के पैना रोड पर सरेराह चैन स्नेचिंग करने वाली महिला के विरूद्ध कार्यवाही नहीं हुई और पुलिस की गिरफ्त में आने के बाद कैसे छूट गयी यह नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है। लोगों की मानें तो पकड़ी गयी महिला के कारनामे और उसकी पहचान पुलिस अधिकारियों को नहीं हुई। इतनी बड़ी वारदात के बाद मुकामी पुलिस की तरफ से कोई कार्यवाही नहीं करना अपराधी को बचाने जैसा कृत्य साबित हो रहा है। इससे यह साबित होता है कि पुलिस अपराधियों को संरक्षण प्रदान कर रही है। आरोपी महिला को पुलिस बीच बाजार से अपने गाड़ी में बैठाकर नगर के पुलिस चौकी ले गयी या थाने पर ले गयी यह भी किसी को जानकारी नहीं है। आखिर महिला को पुलिस किसके कहने पर छोड़ा यह भी नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है।

सूत्रों की मानें तो चैन स्नेचिंग करने वाली महिलाओं का रैकेट है जिसकी सरगना और पुलिस से सांठगांठ है। पूर्व में भी पैना रोड में चैन स्नेचिंग की घटना हो चुकी है और चैन स्नेचिंग करने वाली महिला गोरखपुर जनपद के बड़हलगंज क्षेत्र की रहने वाली थी। रविवार को पैना रोड में हुई चैन स्नेचिंग की घटना में शामिल महिला भी बड़हलगंज क्षेत्र की बतायी जा रही है। ये महिलाएं स्नान पर्व, मन्दिरों में होने वाले बड़े आयोजनों तथा दशहरा आदि के मेलों में घूमती है और चैन स्नेचिंग का काम करती है।

क्षेत्राधिकारी आदित्य कुमार गौतम ने कहा कि घटना की जानकारी मुझे अब तक नहीं मिली है। थाने से पता करवाता हूं। कार्यवाही क्यों नहीं हुई इसकी जानकारी करता हूं।

# दो बच्चों की मां घर छोड़कर फरार

**खुखुन्दू(एसएनबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती की शादी थाना क्षेत्र के एक गांव में एक युवक से करीब 12 साल पहले हिन्दू रिति-रिवाज से हुई। शादी के साल भर बाद ही महिला ने एक बेटा जना। फिर दूसरे साल भी एक बेटा हुआ। पति घर गृहस्थी में व्यस्त रहते थे। बीते तीन सालों से महिला के मायके से एक दूसरे बिरादरी के युवक का आना-जाना शुरू हुआ। महिला कहना है कि इसी बीच युवक से बातचीत शुरू हुई और हम दोनों एक दूसरे से प्यार करने लगे। प्रेमी महिला के ससुराल पहुंच मिलता-जुलता रहा। उसने अहिलवार मंदिर में लेजाकर शादी भी कर ली। इसके बाद वह जब भी ससुराल पहुंचता था तो पति का हक जमा महिला से संबंध बनाता था। हालांकि युवक भी शादीशुदा हैं। फिर भी महिला से प्यार करने का नाटक रचा शादी किया। इधर एक सप्ताह पहले दो हजार रुपये भेजकर महिला को दिल्ली बुला लिया। इसकी खबर जैसे ही युवक की पत्नी को हुई थाने पहुंच गई। अब प्रेमी दिल्ली से महिला को लेकर थाने आ पहुंचा। ऐसे में महिला के ससुराल वाले अब रखने को तैयार नहीं है। जबकि प्रेमी भी कन्नी काट रहा है। महिला प्रेमी पर शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। पुलिस प्रेमी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। थानाध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने बताया कि मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

# डीजे को पुलिस ने किया किया जब्त

**सलेमपुर, हिन्दुस्तान संवाद।** नगर के हरैया स्थित ईदगाह पर सोमवार को ईद मिलादुन्नबी की जुलूस में नियमों का उल्लंघन कर अलग-अलग ट्रैक्टर व ट्रॉली पर दर्जन भर डीजे और 14 एम्पलीफायर आदि लगाए गए थे। इस दौरान पहुंची पुलिस ने पांच ट्रैक्टर ट्रॉली समेत तेज ध्वनि से बज रहे डीजे को जब्त कर दिया। इस मामले में सीओ के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने पांच डीजे संचालक और पांच आयोजकों के विरुद्ध ध्वनि प्रदूषण समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है।

नगर के हरैया स्थित ईदगाह पर सलेमपुर, मझौलीराज एवं ग्रामीण क्षेत्रों से ईद मिलादुन्नबी का जुलूस पहुंचा था। यहां बड़ी संख्या में ट्रैक्टर-ट्राली पर डीजे लगा कर बजाए जा रहे थे। सीओ के निर्देश पर तेज ध्वनि में बज रहे डीजे समेत पांच ट्रैक्टर ट्रॉली को पुलिस कोतवाली लेकर चली आई। इस मामले में पुलिस ने अनवर डीजे के संचालक भटनी थाना क्षेत्र के बलुआ पार निवासी अनवर सिद्दीकी पुत्र इस्माईल, सुहानी डीजे नवलपुर के कौड़िया मिश्र निवासी गोविंद कुमार, नाइट किंग डीजे नवलपुर के संचालक शनि चौरसिया पुत्र जीउत, दुर्गा साउंड मझौलीराज के संचालक केशव वर्मा पुत्र कौशल समेत पांच व पांच आयोजक के खिलाफ ध्वनि प्रदूषण, नियमों का उल्लंघन समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है।



पुलिस द्वारा जब्त की गई डीजे।

> ईदमिलादुन्नबी के लिए निकाली गई जुलूस में काफी संख्या डीजे, एम्पलीफायर, चोगा, ट्विटर लगाकर तेज ध्वनि में बजाया जा रहा था। पुलिस ने पांच ट्रैक्टर ट्रॉली समेत डीजे को जब्त किया है। मामले में पांच संचालक व पांच आयोजकों के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है।
>
> दीपक शुक्ल, सीओ

# पिटाई के मामले में पांच पर केस

सलेमपुर। प्रेमिका से मिलने पहुंचे युवक को बच्चा चोर बता कर पीटने वाले पांच के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। बिहार प्रदेश के थाना गुठनी क्षेत्र के एक गांव निवासी आबिद अली पुत्र आलमगीर का गांव के ही एक लड़की से प्रेम प्रसंग चल रहा है। युवती अपनी ननिहाल में रह रही है। रविवार को करीब 5 बजे वह अपनी प्रेमिका से मिलने पहुंच गया। प्रेमिका के ननिहाल वालों को इसकी जानकारी हुई। जिसके बाद उन्होंने युवक को बच्चा चोर कहते हुए जमकर पीट दिया था।

# महिला समेत तीन लोगों पर जानलेवा हमले में केस

देवरिया, निज संवाददाता। बुजुर्ग महिला समेत तीन पर हमले में पुलिस ने आठ माह बाद केस दर्ज किया है। पट्टीदारों ने पुरानी रंजिश में धारदार हथियार से हमला कर अधमरा कर दिया था। इस मामले में पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर चार नामजद समेत आधा दर्जन के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

गौरी बाजार थाना क्षेत्र के चरियांव बुजुर्ग निवासी गब्बूलाल ने पुलिस को तहरीर दिया था कि 15 जनवरी-24 की दोपहर करीब तीन बजे उसके भाई राजू प्रसाद व उसकी माता जिलेवा देवी अपने घर पर थे। इसी दौरान उनके पट्टीदार दुर्गेश प्रसाद, झुन्ना देवी, बब्बी व कमलेश पुत्रगण दुर्गेश प्रसाद व दो अन्य लाठी, डंडा, राड, तलवार, टांगी आदि से लैस होकर दरवाजे पर पहुंचे। उन्होंने आग ताप रही बुजुर्ग माता जलेबा देवी को आग में धकेल दिया। मां को बचाने पहुंचे उसे और उसके भाई पर तलवार से हमला कर दिया। सिर पर लगने से वह बेहोश हो गये। वहीं भाई को राड से मारकर हाथ तोड़ दिया। मां तथा दोनों भाईयों पर जानलेवा हमला करने से गंभीर चोटें आई। हमलावरों ने घर में घुसकर खिड़की और जंगला तोड़ दिया तथा घर आग लगाने की भी कोशिश की।

# साइबर क्राइम से बचाव की दी गई जानकारी

देवरिया। इनरह्वील क्लब द्वारा सोमवार को शहर के हनुमानमंदिर स्थित एसपीएस एकेडमी में छात्रों को साइबर क्राइम से जुड़े अपराधों के बारे में जानकारी दिया गया। इसके साथ ही वर्तमान समय में साइबर अपराध से बचाव के बारे में छात्रों को जागरुक किया गया। सीमा जायसवाल ने कहा कि जब से दुनिया में इंटरनेट का उपयोग बढ़ा है उससे अपराध भी बढ़े हुए है। इंटरनेट के माध्यम से साइबर अपराधी लोगों के आईडी को हैक कर ले रहे है। इस लिए बच्चों को नेट का उपयोग करते हुए सावधानी बरतनी चाहिए। किसी को भी अपना आईडी और पासवर्ड न शेयर करें। इस दौरान डॉ. माया सिंह, आभा श्रीवास्तव,अराधना गुप्ता, शर्मिला सोनी आदि मौजूद रहे।

# खेत में मिला छात्रा का शव, रास्ता जाम

- मईल थाना क्षेत्र के नरसिंहडाड़ का मामला
- परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, पुलिस बता रही खुदकुशी



सोमवार को शव मिलने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल पर जांच की।

**मईल (देवरिया), हिन्दुस्तान टीम।** जिले के मईल थाना क्षेत्र के एक गांव में अपने नाना के घर रह रही छात्रा का शव सोमवार की सुबह धान के खेत में मिला। पुलिस के अनुसार मामला आत्महत्या का है। रविवार की रात में छात्रा ने पानी की टंकी से कूद कर जान दे दी। छात्रा का शव पोस्टमार्टम के बाद देर शाम घर पहुंचा तो परिजनों व ग्रामीणों ने नरसिंहडाड़ गांव के सामने रामजानकी मार्ग को जाम कर दिया।

परिजनों का कहना था कि मामले में पुलिस ने दबाव डाल कर गलत तहरीर लिखवा लिया। शव का दुबारा पोस्टमार्टम कराते हुए मामले में छानबीन की जाए। वे लोग हत्या की आशंका जता रहे थे। वहीं मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों का कहना था कि छात्रा से मोबाइल पर बात करने वाले युवक को हिरासत में ले लिया गया है। मामले की छानबीन की जा रही है। समाचार लिखे जाने तक सीओ आदित्य कुमार गौतम भीड़ को समझाने में जुटे थे।

> किशोरी की मामा की तहरीर पर एक मोबाइल नंबर के धारक, नाम पता अज्ञात के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज किया गया है। मामले की छानबीन की जा रही है।
>
> – अमित कुमार राय, थानाध्यक्ष मईल।

देवरिया सदर कोतवाली क्षेत्र के के सरौरा गांव की रहने वाली गुड़िया कुमारी (15) पुत्री स्व. ओमप्रकाश राजभर मईल थाना क्षेत्र के नरसिहडाड़ गांव में अपने नाना जयश्री राजभर के घर रह रही थी। गुड़िया मईल थाना क्षेत्र के दयानंद इंटर कॉलेज पनिका में दसवीं की छात्रा थी। सोमवार की सुबह गुड़िया का शव गांव के बाहर पनिका गांव के समीप पानी की टंकी के नीचे धान के खेत में मिला। किशोरी का शव देख लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। कुछ लोगों ने किशोरी की पहचान गुड़िया के रुप में कर उसके नाना को जानकारी दी। जयश्री राजभर बेटे के साथ मौके पर पहुंचे। शव को पहचानते ही विलखने लगे।

# पति पर दर्ज कराया दहेज उत्पीड़न का केस

**रुद्रपुर।** रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र कृतपुरा गांव की रहने वाली आशा यादव ने अपने पति के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है। उसने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसके पति अमरनाथ यादव दहेज की मांग करते रहते हैं। मांग पूरा नहीं होने पर उसे प्रताड़ित करते हैं, गाली गलौज के साथ मारते पीटते रहते हैं। पुलिस ने अमरनाथ यादव के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# युवक पर छेड़खानी व पॉक्सो एक्ट का केस

**मेहरौनाघाट।** लार थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने नगर के ही एक वार्ड के एक युवक पर बेटी के साथ छेड़खानी व मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस मामले में अंगद पाल पुत्र श्याम लाल पाल के केस दर्ज किया है। युवक युवती को ब्लैक मेल भी कर रहा था। उक्त संबंध में प्रभारी निरीक्षक कपिलदेव चौधरी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# पूर्व प्रधान सहित 20 के खिलाफ बलवा का केस

**रुद्रपुर।** रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। मामले में पुलिस ने पूर्व प्रधान सहित 20 लोगों के खिलाफ बलवा और दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज की है। इसमें तीन महिलाएं भी शामिल है। लक्ष्मीपुर गांव के रहने वाले रामनिधि पुत्र स्व.सम्पत प्रसाद ने पुलिस को दी गई तहरीर में दलित आबादी में पुरानी भूमि विवाद को दूसरे पक्ष के लोग उनके और उनके परिवार के अन्य सदस्यों को गाली गलौज करते हुए मारने पीटने लगे। मामले में पुलिस ने लक्ष्मीपुर के पूर्व प्रधान लल्लन निषाद, टुन्नू, सुरवीर विक्रम, राजेश, अशोक, अनीता देवी, मनीषा देवी, लालमती देवी एवं 12 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज की है।

# शानो-शौकत से निकला बारावफात का जुलूस

## शहर में जगह-जगह हुआ ईद मिलादुन्नबी जुलूस का स्वागत, अकीदतमंदों ने नारे तकबीर की सदाएं बुलंद कीं

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। जिले में सोमवार को ईद-मिलादुन्नबी जोश खरोश और अकीदत के साथ मनाया गया। गली-मोहल्लों से इस अवसर पर शान शौकत के साथ जुलूस निकला। मौके पर मौलाना ने नात शरीफ पेश किया तो वहीं जलसे में तकरीर भी हुई।

जुलूस में शामिल अकीदतमंदों के नारे तकबीर की सदाएं बुलंद करते रहे। जगह-जगह जुलूस में शामिल लोगों व बच्चों का स्वागत किया गया। शहर के अबूबकर नगर, बांस देवरिया, अलीनगर, खरजरवा, रघवापुर आदि इलाकों से युवाओं ने जुलूस निकाला। सरकार की आमद मरहबा और हुजूर का आना सारे जहां में खुशियों का आना नात शरीफ पेश करते जुलूस स्टेशन रोड, मालवीय रोड, मोतीलाल रोड, बसियवां होते हुए शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरा। देसही देवरिया बीआरसी परिसर में जुलूसे मोहम्मदी के बाद जलसे का आयोजन हुआ। मौलाना अहमद राजा ने हजरत मोहम्मद साहब की तारीफ में नात शरीफ पेश कर लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस दौरान हाजी जफर मंसूर, जफर महफूज और पप्पू भाई, वसीम खान, इंजी. फैयाज खान, अबरार अहमद, रियाज खान, रिजवान, खान, रफीउल्लाह खान, गुड्डू,सोनू, दर्जन लोग उपस्थित रहे। रामपुर कारखाना के डुमरी गांव में मक्का मदीना और चांद की झांकी आकर्षण का केंद्र बनी रही।

**खुखुंदू कस्बे में पैगाम ए मोहब्बत का निकाला जुलूस :** ईद-मिलादुन्नबी के मौके पर क्षेत्र के 10 से 12 गांवों का शानो-शौकत से जुलूस निकाला गया। जुलूस में जहां आगे-आगे अकीदतमंदों की लंबी कतारें चल रही थी। रथ पर पैगंबर साहब की मनमोहक झांकी और हाथी घोड़े जुलूस की शोभा बढ़ा रहे थे। खुखुंदू, भटहर, जैतपुरा, जुआफर, खजुरी, बसडिला नरौली खेम, पड़री बाजार, दुलहं,भैसहां, पकड़ी खास, कमहमरिया, बालेपुर कला, मरहवां, तेनुआ, मझवलिया, बरडिहा लाला, बभनी, करकटही परसिया आदि गांवों में सुबह से लेकर तीसरे पहर तक जुलूस निकाला गया।

**भटनी में धूमधाम से निकाला जुलूस :** नगर और देहात क्षेत्रों में सोमवार को ईद-मिलादुन्नबी बड़ी धूमधाम से मनाई गई। सुबह नगर के प्रमुख मार्गों से होकर जुलूस निकाला गया। बड़ी मस्जिद रोड समेत सभी मस्जिदों को रंगबिरंगे बिजली के बल्बों की झालरों से सजाया गया। चेयरमैन विजय कुमार गुप्त ने जुलूस का स्वागत कर उन्हें बधाई दी। इस दौरान बड़ी मस्जिद के सदर शमसुद्दीन, रोशन जमीर कल्लू, गुड्डू अंसारी, अख्तर हुसैन, असगर अली, अब्दुल्लाह मंसूरी, सेराज अहमद, कलीमुल्लाह, सलीम अली, शाजिद रजा आदि उपस्थित रहे।

**तरकुलवा में ईद-मिलादुन्न-नबी का भव्य जुलूस निकाला :** पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्मदिवस ईद-मिलादुन्नबी पर सोमवार को मुस्लिम समाज की ओर से भव्य जुलूस निकाला गया। क्षेत्र के बंजरिया, पोखर भिंडा, बाबूपट्टी, सीतापट्टी, बरईपट्टी, कथलाचक, रामपुर धौताल, दुबेटोला, जमुनी, सोन्हुला रामनगर, गढ़रामपुर, मुंडेरा बाबू, नारायनपुर आदि गांवों के लोग नगर पंचायत के दुबे टोला के जामा मस्जिद पर एकत्रित हुए।

**मलसी से बघौचघाट तक निकला भव्य जुलूस :** पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्मदिवस ईद-मिलादुन्नबी पर सोमवार भव्य जुलूस निकाला गया। इसमें भारत माता की जय, एक बनो नेक बनो नारे बच्चे लगा रहे थे। जुलूस मलसी, बघौचघाट, केडी चौराहा, तुर्कपट्टी, बसडीला, मेहा, सेमरी, धूस देवरिया होते हुए मलसी पहुंच कर समाप्त हुआ। इस दौरान सादिक अली, मुहम्मद फतेह, वसीम अहमद, सूफी कलीम साहब, भुट्टू प्रधान, मुहम्मद कलम आदि मौजूद रहे।

**ईद-मिलादुन्न-नबी पर निकला भव्य जुलूस, उमड़ी भीड़ :** पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्मदिन ईद-मिलादुन्नबी पर भव्य जुलूस निकाला गया। जुलूस रामजानकी मार्ग मेहरौना स्थित जामा मस्जिद से शुरू होकर फतेबाग गांव होते हुए दक्षिण की तरफ बिहार की सीमा स्थित चेकपोस्ट पर जाकर समाप्त हुआ। काजी शकलैन आलम ने बताया कि ईद-मिलादुन्न-नबी के रूप में जाना जाने वाला पैगंबर मोहम्मद के जन्मदिन के मौके पर मनाया जाता है।

**धूमधाम से निकली 12वीं रबि उल अव्वल की जुलूस :** नगर में सोमवार को 12वीं रबि उल अव्वल का जुलूस निकाला गया। मोहम्मद साहब के जन्मदिवस पर शाम को मदरसों पर जलसे का आयोजन हुआ। पुरानी चौक से पुन्नी साहू चौराहा, इमामबाड़ा, खजुहा, कोतवाली होते कर्बला पहुंचे। इस अवसर पर सज्जाद अली, मनमथ मणि त्रिपाठी, अकबर, वसीम खान, कैसर अंसारी, रशीद आदि मौजूद रहे।



शहर में ईद-मिलादुन्नबी के जुलूस में शामिल अकीदतमंद। संवाद



सलेमपुर के हरैया ईदगाह के जुलूस में शामिल लोग। संवाद

### गढ़रामपुर में दिखा आपसी सौहार्द और देश प्रेम का जज्बा

गढ़रामपुर। पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्मदिन ईद-मिलादुन्नबी पर सोमवार को मुस्लिम समाज की ओर से भव्य जुलूस निकाला गया। इस दौरान आपसी सौहार्द और देश प्रेम का जज्बा देखने को मिला। जुलूस मुंडेरा, गढ़रामपुर, बसंतपुर, मठिया सहित अन्य गांव से होते हुए रामनगर पहुंचकर समाप्त हुई। इस दौरान मैनुद्दीन अंसारी, मेहंदी अंसारी, मुंशी अहमद, शाकिर अंसारी, टाइगर, लतीफ अंसारी मौजूद रहे। संवाद

### ईद-मिलादुन्नबी के मौके पर जलसे का हुआ आयोजन

बरहज। नगर स्थित अशरफी मिशन में पैगंबर हजरत मुहम्मद साहब की जयंती पर जलसे का आयोजन किया गया। मौलाना नूरुल इस्लाम अशरफी ने कहा कि पैगंबर हजरत मुहम्मद साहब इंसानियत के लिए नबी बनाकर भेजे गए। जलसे में मोहम्मद अयान, असलम कुरैशी, जीनत खातून, तरन्नुम खातून, मोहम्मद रेहान, उजमा खातून, इशरा खातून, तौसीन, ईशा आदि ने नाते-पाक प्रस्तुत किया। संवाद

### ईद-मिलादुन्नबी पर जुलूस निकाला

सलेमपुर/मईल। ईद-मिलादुन्नबी पर नगर के हरैया ईदगाह पर गांव से जुलूस पहुंचा। इसके चलते ओवरब्रिज से हरैया तक घंटों जाम लगा रहा। इस मौके पर कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष इस्लाम खान, प्रदेश सचिव बदरे आलम, डॉ. धर्मेंद्र पांडेय, दीनदयाल प्रसाद, प्रेमलाल भारतीय, सुच्चन खान, सत्यम पांडेय, आजाद अहमद आदि ने जुलूस में आए लोगों को शरबत पिलाकर स्वागत किया। मईल प्रतिनिधि के अनुसार पनिका, पिपरा बांध, नरियावं, बगही, बिसौली से जुलूस मईल चौराहा पर पहुंचा। जुलूस में आबिद अली, मौलाना गुलाम, डॉ. सगीर, मोहम्मद रशीद, हाफिज असरार खालिद, ताबिश राजा, अदालत हुसैन, निजामुद्दीन, सद्दाम, फजल रसूल, डॉ. अमित फैसूल आदि शामिल रहे। संवाद

# शरारती तत्वों ने ट्रैक पर रखे ईंट-पत्थर

## हादसा टला

भटनी (देवरिया), हिन्दुस्तान संवाद। देवरिया जिले के नोनापार रेलवे स्टेशन के पास सोमवार की सुबह रेल दुर्घटना होते-होते बची। कुछ शरारती तत्वों ने रेल ट्रैक पर ईंट-पत्थर रख दिए थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अपलाइन पर करीब 10 मीटर तक छोटे-छोटे पत्थर बिछे हुए थे। अभी कोई कुछ समझ पाता कि उसी ट्रैक पर मालगाड़ी आ गई। मालगाड़ी के पहिए जैसे ही पत्थर पर पड़े, काफी तेज आवाज आई। आरपीएफ की जांच में इसे बच्चों की शरारत बताया गया है।

घटना की जानकारी मिलते ही आरपीएफ के एक सब इंस्पेटर कुछ सुरक्षाकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। मिली जानकारी के अनुसार आरपीएफ की टीम ने घटनास्थल की बारीकी से छानबीन की। इस दौरान पता चला कि सुबह करीब 8:50 बजे कुछ बच्चों ने यह शरारत की थी। इस पर आरपीएफ ने आसपास के गावों में पहुंचकर लोगों को जागरूक किया। हिदायत भी दी कि वे अपने बच्चों को ऐसा करने से रोकें। अगर कोई भी इस तरह की शरारत करते मिला तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में आरपीएफ अथवा स्टेशन मास्टर ने कुछ भी बोलने से इंकार कर दिया। वहीं पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी डिवीजन के पीआरओ अशोक कुमार का कहना है कि इस तरह की किसी घटना की सूचना नहीं है।



■ देवरिया के नोनापार रेलवे स्टेशन के समीप की घटना

# धूमधाम से मनाया ईद मिलादुन्नबी, निकाला जुलूस

## मुस्लिम समाज के लोगों ने पैगंबर मोहम्मद साहब के बताए रास्ते पर चलने का लिया संकल्प



सुभाष चौक पर जुलूस में शामिल मुस्लिम समुदाय के लोग • जागरण




ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर सुरक्षा को लेकर सुभाष चौक पर तैनात पुलिसकर्मी व एडिसनल एसपी दीपेंद्र चौधरी • जागरण

जागरण संवाददाता, देवरियाः शहर से लेकर ग्रामीण अंचल तक में सोमवार को ईद मिलादुन्नबी धूमधाम के साथ मनाया गया। पैगंबर मुहम्मद साहब के जन्मदिन के अवसर पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जुलूस निकाला और उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। शहर में अबूबकर नगर के अमन गेट से भव्य जुलूस निकाला गया। यह जुलूस शहर के तहसील रोड, मालवीय रोड समेत विभिन्न मार्गों से होकर गुजरा। उधर सुरक्षा को लेकर पुलिस मुस्तैद रही।

अमन गेट पर अंजुमन इस्लामियां कमेटी के सभी सदस्य, सदर जलालुद्दीन खान के संयोजन में एकत्रित हुए। इसके अलावा अबूबकर नगर से बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंचे। यहां से ढोल ताशा, डीजे की धुन पर पैदल व मोटरसाइकिल पर सवार होकर जुलूस की शक्ल में आगे बढ़े। अल्ला हो अकबर व पैगंबर मुहम्मद साहब का जयकारा लगाते हुए आगे बढ़े। तहसील रोड, नगर पालिका रोड, सिविल लाइन्स रोड होते हुए जुलूस मालवीय रोड पहुंचा। यहां कुछ देर रुकने के बाद मालवीय रोड, सेंट्रल पुलिस चौकी होते हुए, रामेश्वर लाल तिराहा, अमर ज्योति चौराहा, कोतवाली रोड, डीएम आवास, कोआपरेटिव चौराहा, नगर पालिका होते हुए काफिला अमन गेट पहुंचा। जुलूस में शामिल आफताब आलम, इहजारुल हक बबूल, फिरोज लारी, इमरान अंसारी, नसरुद्दीन खान, शफीकुर्रहमान, सलीम अंसारी आदि मौजूद रहे।

शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों में ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर निकाले गए जुलूस को लेकर पुलिस व प्रशासन के अधिकारी मुस्तैद रहे। एडीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव, एडिसनल एसपी दीपेंद्र नाथ चौधरी, एसडीएम सदर विपिन द्विवेदी, सीओ सीटी संजय रेड्डी, प्रभारी निरीक्षक दिलीप सिंह जुलूस में कई स्थानों पर सुरक्षा को लेकर मुस्तैद दिखे।

**पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन पर निकाला जुलूस :** लारः मेहरौना में पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन के उपलक्ष में उनके अनुयायियों द्वारा भव्य जुलूस निकाला गया। मेहरौना से जुलूस निकालकर राम जानकी मार्ग होते हुए फतेहबाग पहुंचा। जहां हाटा, चटिया आदि गांव के भी मुस्लिम समुदाय के लोग बड़ी संख्या में पहुंचे। जुलूस में शामिल लोगों ने मिलादुन्नबी पर एक दूसरे के घर जाकर मुबारकबाद दिया। जुलूस भ्रमण करते हुए मेहरौना स्थित मस्जिद पर पहुंचकर समाप्त किया गया। इस दौरान एएसपी दक्षिणी क्षेत्राधिकारी सलेमपुर दीपक शुक्ला ,प्रभारी निरीक्षक कपिल देव चौधरी, चौकी इंचार्ज मेहरौना धर्मेंद्र कुमार सहित बड़ी संख्या में पुलिस मौजूद रही।

**जुलूस निकालकर मनाया पर्व :** खुखुंदूः मुस्लिम धर्मगुरु मोहम्मद पैगंबर साहब के जन्मदिन पर मुस्लिम अनुयायियों ने जुलूस निकालकर मनाया। जुलूस में घोड़ा, हाथी, रथ व भारी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग हाथ में झंडे लिए नारे लगाते चल रहे थे। क्षेत्र के खुखुंदू, जैतपुरा, मझवलिया, नरौली खेम, नरौली भीखम, पकड़ी खास, परसिया करकटही सहित क्षेत्र के विभिन्न गांव में मोहम्मद पैगंबर साहब का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही जुलूस की तैयारी मस्जिदों पर शुरू हो गई थी।

**अकीदत के साथ निकाला गया जुलूस-ए-मुहम्मदीः** भाटपाररानीः उपनगर सहित ग्रामीण अंचलों में सोमवार को इस्लाम के आखिरी पैगम्बर हजरत मुहम्मद की जन्म दिवस ईद मिलादुन्नबी मनाया गया। इस मौके पर उपनगर समेत कई स्थानों पर जुलूस निकाला गया।

उपनगर सहित क्षेत्र के भोपतपुरा,रामपुर बुजुर्ग, प्रतापपुर, सोहनपुर, इंगुरी सराय, दास नरहियां, सिकटिया, जमनटोला, भवानी छापर बाजार, सरयां, खामपार, कैथवली, परसिया बुजुर्ग आदि गांवों से जुलूस निकाला गया।

## लोगों में दिखा उत्साह, जुलूस का जगह-जगह किया स्वागत

जागरण संवाददाता सलेमपुरः ईदमिलादुन्नबी के अवसर मझौलीराज सलेमपुर कस्बा नवलपुर भटौली सहित तमाम गांवों में जगह-जगह जुलूस निकाली गई। हरैया ईदगाह पर स्टाल लगाकर जुलूस में शामिल हुए लोगों को समाजसेवियों ने शरबत व पानी पिलाकर स्वागत किया। जुलूस के लोगों को गले लगकर बधाई देते हुए देश मे शान्ति की दुआ की। इस दौरान अल्पसंख्यक कांग्रेस के जिला चेयरमैन इस्लाम खान, बदरे आलम, डॉ धर्मेन्द्र पांडेय, दीनदयाल प्रसाद, प्रेमलाल भारती, सत्यम पांडेय, एम ए खान, जफर मुर्तजा, आजाद अहमद आदि मौजूद रहे।



ईद मिलादुन्नबी पर सलेमपुर ईदगाह के पास जुलुस में शामिल लोग। जागरण

## बरहज में निकला जुलूस

बरहजः बरहज में ईद मिलादुन्नबी का जुलूस धूमधाम से निकाला गया। पटेल नगर मदरसा मेराजुल उलूम से जुलूस मोहम्मदी का जुलूस पटेल नगर होते हुए जहाज घाट, थाना घाट, बड़ी मस्जिद दर्जी टोला होते हुए मुख्य सड़क से रुद्रपुर रोड वापस देवरिया रोड बाईपास से पुराना बरहज होते हुए नाका मस्जिद के पास पहुंचा। जुलूस के दौरान मदरसे के बच्चे सरकार की आमद मरहबा, हुजूर की आमद मरहबा आदि सदाएं बुलंद कर रहे थे। वापसी पर मदरसे के प्रांगण में अरशद हुसैन, यूनुस अहमद द्वारा नातिया कलाम पेश किया गया। कार्यक्रम में सद्दाम, सदर अब्दुल जब्बार राइन, हसनैन अंसारी, पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# चार डीजे म्यूजिक सिस्टम को पुलिस ने किया सीज, मुकदमा

जागरण संवाददाता सलेमपुर: ईद ए मिलादुनब्बी ( बारावफात) के अवसर निकले जुलूस में तेज आवाज में बज रहे डीजे म्यूजिक को पुलिस ने वाहन के साथ कब्जे में लेकर सीज कर दिया। साथ ही डीजे संचालक व आयोजकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

मझौलीराज से सुहानी डीजे के संचालक गोविंद कुमार पुत्र रामू निवासी मिश्रौली, नाइट किंग डिजे के संचालक सन्नी चौरसिया पुत्र जीउत निवासी नवलपुर व दुर्गा साउण्ड के संचालक केशव वर्मा पुत्र कौशलेंद्र वर्मा निवासी मझौलीराज मुख्य मार्ग तथा नवलपुर से अनवर डीजे के संचालन अनवर सिद्दीकी पुत्र मुहम्मद इसराइल निवासी भटनी थाना क्षेत्र के बलुआ बाजार तथा इनके आयोजकों पर मुकदमा दर्ज किया है। सीओ दीपक शुक्ला ने बताया की कई बार आयोजकों की बैठक कर चेतावनी दी गई थी। तय भी हुआ था कि कोई डीजे नहीं बजाएगा।

# लूट की घटना में दो अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध मुकदमा

जासं लार: उपनगर के एक वार्ड में आठ सितंबर की देर रात छत पर चढ़कर सीढ़ी के रास्ते घर में घुसे नकाबपोश बदमाशों ने महिला को बंधक बनाकर लूटपाट की। बदमाश लाखों के जेवरात तथा नगदी लेकर फरार हो गए। मामले में पुलिस ने जांच-पड़ताल के बाद प्रियंका देवी की तहरीर पर दो अज्ञात लोगों के विरुद्ध लूट का मुकदमा दर्ज किया है।

उपनगर के बौली वार्ड शर्मा टोला के रहने वाले राजेश शर्मा के परिवार में इन दिनों कोई पुरुष सदस्य घर पर नहीं है। घटना की रात्रि राजेश की मां राधिका देवी तथा दो छोटे भाइयों की पत्नियां वंदना देवी व प्रियंका देवी तथा चार छोटे-छोटे बच्चे ही घर में मौजूद थे। रविवार की रात लगभग 12 बजे रसोई घर से कुछ आवाज आने पर प्रियंका अपने कमरे से रसोई घर की तरफ बढ़ी तब तक नकाबपोश बदमाशों ने उन्हें पड़कर उनका मुंह एक दुपट्टे से बांध दिया और उनके छह वर्षीय बच्चे के गले पर चाकू लगा दिया। पीड़ित महिला ने बताया कि मेरे अलमारी में रखा मेरा तथा सास का लाखों रुपये का जेवर व कुछ नकदी घर के ही एक बैग में भरकर नकाबपोश बदमाश छत के रास्ते नीचे कूद कर फरार हो गए। बदमाशों के जाने के बाद महिला ने इसकी जानकारी पुलिस व परिवार के लोगों को दी। प्रभारी निरीक्षक कपिलदेव चौधरी ने बताया कि तहरीर के आधार पर सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच करने के बाद दो अज्ञात के विरुद्ध लूट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

## मारपीट व बलवा का मुकदमा

रामपुर कारखाना: घर में घुसकर कुछ लोगों द्वारा मारपीट करने तथा सामान क्षतिग्रस्त करने के मामले में न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने अरोपितों पर बलवा का मुकदमा पंजीकृत किया है।सवरेजी मनी गांव की मंजू देवी पत्नी गणेश पांडेय ने न्यायालय को बताया कि 14 मार्च 2024 की रात लगभग 10 बजे गांव के ही प्रदुमन पांडेय, विजय देवी, रोशनी, उजाला, प्रकाश पांडेय रंजिश को लेकर दरवाजे पर आ गए और लाठी, डंडा, राड से हमला कर दिए। जान बचाने के लिए घर में भागे तो आरोपित घर में घुस कर पीटे।

# लूट की घटना में दो अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध मुकदमा

जासं लारः उपनगर के एक वार्ड में आठ सितंबर की देर रात छत पर चढ़कर सीढ़ी के रास्ते घर में घुसे नकाबपोश बदमाशों ने महिला को बंधक बनाकर लूटपाट की। बदमाश लाखों के जेवरात तथा नगदी लेकर फरार हो गए। मामले में पुलिस ने जांच-पड़ताल के बाद प्रियंका देवी की तहरीर पर दो अज्ञात लोगों के विरुद्ध लूट का मुकदमा दर्ज किया है।

उपनगर के बौली वार्ड शर्मा टोला के रहने वाले राजेश शर्मा के परिवार में इन दिनों कोई पुरुष सदस्य घर पर नहीं है। घटना की रात्रि राजेश की मां राधिका देवी तथा दो छोटे भाइयों की पत्नियां वंदना देवी व प्रियंका देवी तथा चार छोटे-छोटे बच्चे ही घर में मौजूद थे। रविवार की रात लगभग 12 बजे रसोई घर से कुछ आवाज आने पर प्रियंका अपने कमरे से रसोई घर की तरफ बढ़ी तब तक नकाबपोश बदमाशों ने उन्हें पड़कर उनका मुंह एक दुपट्टे से बांध दिया और उनके छह वर्षीय बच्चे के गले पर चाकू लगा दिया। पीड़ित महिला ने बताया कि मेरे अलमारी में रखा मेरा तथा सास का लाखों रुपये का जेवर व कुछ नकदी घर के ही एक बैग में भरकर नकाबपोश बदमाश छत के रास्ते नीचे कूद कर फरार हो गए। बदमाशों के जाने के बाद महिला ने इसकी जानकारी पुलिस व परिवार के लोगों को दी। प्रभारी निरीक्षक कपिलदेव चौधरी ने बताया कि तहरीर के आधार पर सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच करने के बाद दो अज्ञात के विरुद्ध लूट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

## मारपीट व बलवा का मुकदमा

रामपुर कारखाना: घर में घुसकर कुछ लोगों द्वारा मारपीट करने तथा सामान क्षतिग्रस्त करने के मामले में न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने अरोपितों पर बलवा का मुकदमा पंजीकृत किया है।सवरेजी मनी गांव की मंजू देवी पत्नी गणेश पांडेय ने न्यायालय को बताया कि 14 मार्च 2024 की रात लगभग 10 बजे गांव के ही प्रदुमन पांडेय, विजय देवी, रोशनी, उजाला, प्रकाश पांडेय रंजिश को लेकर दरवाजे पर आ गए और लाठी, डंडा, राड से हमला कर दिए। जान बचाने के लिए घर में भागे तो आरोपित घर में घुस कर पीटे।

# बैंक अधिकारी बन पांच लाख की ठगी

संवाद न्यूज एजेंसी

गौरीबाजार। बैंक अधिकारी बनकर जालसाजों ने बंसहिया गांव के व्यक्ति से पांच लाख रुपये की ठगी कर ली। जालसाजों ने केवाईसी के लिए लिंक भेजा, जिसे छूते ही खाता हैक हो गया। पीड़ित ने घटना की तहरीर थाने में दी है।

ग्राम बंसहिया निवासी राजेंद्र चौहान मर्चेंट नेवी में रहकर नौकरी करते हैं। गांव पर उनकी पत्नी व लड़का अमन रहते हैं। अमन के मोबाइल पर लगभग एक सप्ताह पहले एक व्यक्ति ने फोन किया और बताया कि मैं बैंक अधिकारी बोल रहा हूं।

और उसने अमन के गांव पिता का नाम, पता और बैंक का नाम बताया। इस पर अमन को विश्वास हो गया कि वास्तव में वह बैंक अधिकारी ही है। अमन ने यह

## केवाईसी के लिए भेजा लिंक, क्लिक करते ही खाता हुआ हैक

बात अपने पिता को बताई। फिर उस व्यक्ति ने अमन के मोबाइल पर फोन किया। तो अमन ने बताया कि मैं आपको मोबाइल पर कोई डिटेल शेयर नही करूंगा।

उस व्यक्ति ने कहा कि मैं कोई जानकारी नहीं लूंगा, आपको एक लिंक भेजा जा रहा है, उस लिंक को खोलकर आप स्वयं अपना केवाईसी कर सकते हैं। अमन ने लिंक को खोला पर उस लिंक में कुछ नहीं था।

इसके पांच दिन बाद अमन के मोबाइल पर पैसे कटने का लगातार मैसेज आने लगा। संबंध में थानाध्यक्ष दिनेश मिश्र ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।



कोतवाली गेट पर ट्रैक्टर-ट्रॉली। संवाद

## जुलूस में शामिल चार डीजे समेत ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज

**सलेमपुर।** प्रशासन के चेतावनी के बावजूद सोमवार को ईद-मिलादुन्नबी (बारावफात) के जुलूस में नवलपुर और मझौली राज में आयोजकों ने जमकर मनमानी की। जब इसकी जानकारी सीओ दीपक शुक्ला को हुई तो अधिक साउंड में बज रहे चार डीजे समेत ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज कर कोतवाली भिजवा दिया।

पुलिस ने चार डीजे संचालकों समेत आयोजकों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर डीजे, जनरेटर और ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज कर दिया। बारावफात को लेकर पुलिस प्रशासन ने पिछले कई दिनों से लगातार बैठक कर आयोजकों और डीजे संचालकों को चेतावनी दी थी। इसके बावजूद नवलपुर मझौली राज में आयोजकों की ओर से जुलूस निकाले जाने के साथ ही ट्रैक्टर-ट्रॉली पर डीजे लादकर बजाया जा रहा था।

**आयोजक व तीन डीजे संचालकों के खिलाफ केस**

सीओ दीपक शुक्ला ने बताया कि पहले पुलिस ने रोका तो भी आयोजक नहीं माने। इस पर परमिशन की कापी मांगी। आयोजकों के नहीं दिए जाने पर मझौली राज नगर से कोतवाली थाना क्षेत्र के मिश्रौली गांव निवासी गोविंद कुमार संचालक सुहानी डीजे कौड़िया मिश्रा, नाइट किंग डीजे के संचालक सन्नी चौरसिया निवासी नवलपुर व दुर्गा साउंड के संचालक केशव वर्मा निवासी मझौली राज मुख्य मार्ग तथा नवलपुर से भटनी थाना क्षेत्र के बलुआ बाजार के रहने वाले अनवर डीजे के संचालक अनवर सिद्दीकी और सभी आयोजकों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। संवाद

## पंपसेट का सेक्शन, टंकी व पहिया चोरी, केस

**देवरिया।** एक किसान द्वारा खेत में पानी चलाने को छोड़े गये पंपसेट का सेक्सन, डिलेवरी पाइप, दोनों पहिया व तेल की टंकी रात को चोर चुरा ले। भलुअनी थाना क्षेत्र के बहोर धनौती निवासी माया शंकर सिंह ने पुलिस को तहरीर दिया कि 11-12 सितंबर की रात पुराने ट्यूवेल के पास अज्ञात चोर पानी चलाने को छोड़े गये पंपसेट की डिलेवरी पाइप, सेक्सन, दोनों पहिया व तेल की टंकी चुरा ले गये।

वह रात आठ बजे तक खेत में पानी चलाने के बाद घर चले गये। सुबह पांच बजे पानी चलाने खेत में पहुंचने पर उक्त सामनों के चोरी होने की जानकारी मिली। मायाशंकर सिंह का कहना है कि पुलिस ने केस दर्ज कर लिया, लेकिन चोरों का पता लगाने को प्रयास नहीं कर रही हैं। उन्हे चोरी की घटना में गांव के लोगों के शामिल होने की आशंका है। उन्होंने घटना का खुलासे व सामान बरामद करने की मांग की है।

## चार माह से गायब किशोरी बरामद

**बरियारपुर।** बरियारपुर थाना क्षेत्र के पिअरूवा मे चार माह से गायब किशोरी को सोमवार की सुबह बरियारपुर पुलिस ने बरामद कर लिया। थाना क्षेत्र के पिअरूवा में 16 मई को एक किशोरी किसी लड़के के साथ फरार हो गई। किशोरी के पिता की तहरीर पर 21 मई को पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। सोमवार की सुबह मुखबिर की सूचना पर पता चला कि लड़की देवरिया जा रही है। पुलिस ने महुआनी चौराहे से लड़की को बरामद कर लिया। थानाध्यक्ष बरियारपुर डॉ महेंद्र कुमार ने बताया कि लड़की को बरामद कर लिया गया है और जल्द ही आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# बीएसएफ जवान की तबीयत बिगड़ी, इलाज के दौरान मौत

खुखुंदू। थाना क्षेत्र के भैसहां गांव निवासी बीएसएफ के असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर रामप्रीत यादव की जम्मू कश्मीर में ड्यूटी के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ गई। आनन-फानन में उन्हें वहां के नजदीक वादीपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां सोमवार भोर में करीब तीन बजे उनकी मौत हो गई। जवान का पार्थिव शरीर मंगलवार शाम तक पैतृक गांव पहुंचेगा।



रामप्रीत यादव
फाइल फोटो

खुखुंदू थाना क्षेत्र के भैसहां गांव निवासी रामप्रीत यादव (55) की वर्तमान में जम्मू-कश्मीर के बांडीपुरा में असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर के पद तैनाती थी। बीते माह 21 अगस्त को उनकी माता पानमती देवी का निधन हो गया। वह 23 अगस्त को गांव पहुंचे और फिर 5 सितंबर को ब्रह्मभोज कार्यक्रम सम्पन्न होने पर यहां से 10 को ड्यूटी के लिए निकले।

परिजनों के मुताबिक वहां 11 को पहुंच ड्यूटी ज्वाइन कर लिए। ड्यूटी के दौरान ही अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी। फोर्स ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई है। मौत की सूचना मिलते ही पत्नी रम्भा देवी,बड़ा बेटा आनंद यादव छोटा बेटा अभय कुमार यादव का रो-रो कर बुरा हाल है। एसओ दिग्विजय सिंह ने बताया कि सूचना आई है कि ड्यूटी के दौरान तबीयत बिगड़ने पर वादीपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां इलाज के दौरान मौत हो गई है। मंगलवार शाम तक पार्थिव शरीर पैतृक गांव पहुंचेगा। संवाद

# KUSHINAGAR POLICE

5

# सराहनीय कार्य दिनांक:-17-09-2024



सेवरही में ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर निकली आकर्षक झांकी।



ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर पडरौना में जुलूस निकालते मुस्लिम समाज के लोग।



कुबेरस्थान में जुलूस निकालते अकीदतमंद। • हिन्दुस्तान

### जिले में मजहब-ए-इस्लाम के पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब की यौमे पैदाइश के मौके पर निकाला गया जुलूस

# ईद मिलादुन्नबी के जुलूस में गूंजी या हुसैन की सदाएं

कुशीनगर, हिन्दुस्तान टीम। मजहब ए इस्लाम के पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब की याद में सोमवार को ईद मिलादुन्नबी अर्थात बारावफात परंपरागत ढंग से मनाया गया। पडरौना शहर के सभी मोहल्लों से रंग-बिरंगे पोशाक में हाथों में मजहबी झंडे लिए लोग जुलूस में शामिल हुए। ये लोग मजहबी नारे लगा रहे थे। सभी मोहल्लों का जुलूस पडरौना के सुभाष चौक पर पहुंचा, जहां लोग एक-दूसरे से गले मिले। जुलूस में शामिल लोगों के लिए जगह-जगह जलपान का इंतजाम किया गया था। जुलूस के दौरान डीजे से बज रहे मजहबी गीतों से मोहल्ले और शहर गूंजता रहा। विभिन्न संगठनों ने भी जुलूस में शामिल मुस्लिम धर्मगुरुओं और अन्य लोगों का स्वागत किया। इसी तरह जनपद के सभी हिस्सों में ईद मिलादुन्नबी सकुशल संपन्न हो गया। पुलिस प्रशासन की तरफ से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे।

पडरौना शहर के छावनी, मोगलपुरा, राइनी मोहल्ला, घोषी टोला, बाजार टोला सहित अन्य मोहल्लों के अलावा शहर के नौका टोला, तुरहा टोली, जमालपुर, खिरिया टोला सहित अन्य सभी मोहल्लों से जुलूस निकला, जो पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच शहर में भ्रमण किया। प्रमुख मुस्लिम धर्मगुरुओं को भी माला पहनकर उनका सम्मान किया गया। इस दौरान अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष प्रदीप चहाड़िया, मंत्री संजय मारोदिया, संदीप अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, अभिषेक बंका, अभिषेक अग्रवाल आदि मौजूद थे। कसया तहसील क्षेत्र के बंजारापट्टी गांव के आला हजरत चौक से भी जुलूस निकाला गया, जिसमें खुशीपट्टी, बरवापट्टी, बाजूपट्टी गांव के जुलूस शामिल हुए। जानकीनगर चौराहे पर पहुंचने पर सोहनरिया, चौपरिया, धर्मपुर खुर्द, सिधुआं बांगर भाठ, साढ़ी बुजुर्ग गांव के जुलूस जानकी नगर चौराहे का परिक्रमा करते हुए सिधुआं बांगर भाठ के कर्बला स्थित मैदान में पहुंचे, जहां जुलूस सभा में तब्दील हो गया।

कुबेरस्थान संवाद : यौमे पैदाइश के मौके पर आयोजित ईद मिलादुन्नबी समाज के लोगों ने सौहार्द के साथ मनाया। बतरौली बाजार, फ़ागूपुर विशुनपुरा, कल्याण छापर, धरनी छापर, सखवनिया, खान टोला, बढ़वलिया, बालखंडी, बरहज, सरेयां, गांगरानी, सिकटा, अमवा, पिपरा जटामपुर, प्रधानपट्टी, शुक्लपट्टी, खुशीपट्टी, परसौनी आदि गांवों के मुस्लिम समाज के लोगों ने यह दिन पूरी सादगी एवं सौहार्द के साथ मनाया।



ईद मिलादुन्नबी का जुलूस शांतिपूर्वक एवं सकुशल संपन्न कराने के लिए सोवार को नगर भ्रमण कर लोगों से संवाद करते एसपी संतोष कुमार मिश्रा। • हिन्दुस्तान

- हजरत मोहम्मद सीब की याद में निकला ईद मिलादुन्नबी का भव्य जुलूस
- जगह-जगह हुआ जुलूस का स्वागत, काफी तादाद में मुस्लिम धर्मगुरु हुए शामिल

### एसपी ने की पैदल गश्त

पडरौना। ईद मिलादुन्नबी का जुलूस शांतिपूर्वक एवं सकुशल संपन्न कराने के लिए सोमवार को पुलिस प्रशासन काफी सक्रिय रहा। एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने पुलिसफोर्स के साथ पैदल गश्त किया तथा सुरक्षा का एहसास दिलाया। उन्होंने कहा कि त्योहार में किसी प्रकार की खलल उत्पन्न करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान उनके अधीनस्थ कई पुलिस अधिकारी भी गश्त में शामिल थे।

### ब्लड डोनर टीम ने किया सम्मानित

पडरौना। कुशीनगर ब्लड डोनर टीम की तरफ से ईद मिलादुन्नबी के मौके पर विभिन्न जगह से आए जुलूसों को सम्मानित किया। संचालकों को मेडल, स्मृति चिह्न और कलाम देकर सम्मानित किया गया। इसमें मुख्य रूप से रोहित मद्धेशिया, अरबाज अंसारी, निहंशु कुशवाहा, कुशीनगर ब्लड डोनर टीम के अध्यक्ष रेहान खान आदि मौजूद थे।

### अकीदत से मनाया ईद मिलादुन्नबी

खड्डा। कस्बा सहित आसपास के क्षेत्रों में जश्ने ईद मिलादुन्नबी अकीदत के साथ मनाया गया। मदरसा अशरफिया अहले सुन्नत अनवारुल अलुम के अध्यापक, बच्चे व मुस्लिम समाज के लोगों ने कस्बे के नेहरुनगर मोहल्ला स्थित मदरसा से निकलकर पुराना बस स्टैंड, सुभाष चौक, स्टेशन रोड, फलमण्डी चौक, आजाद चौक, जटाशंकर पोखरा रोड, शास्त्रीनगर मार्ग तक जुलूस निकाला।



ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर निकले जुलूस में शामिल मुस्लिम धर्मगुरुओं का स्वागत करते अग्रवाल महासभा से जुड़े मारवाड़ी समाज के लोग। • हिन्दुस्तान

## कई गांवों के जुलूस का हुआ मिलन

जोकवा बाजार। ईद मिलादुन्नबी के मौके पर जोकवा बाजार एवं रहसू बाजार में जुलूस निकाला गया। इसमें सोहंग, दहारीपट्टी, पिपरा रज्जब, नदवाविशुनपुर, कोटवा करजही, कटेया मैनुदीन, लक्ष्मीपुर और बनकटा गांव के जुलूस का मिलान कराया गयो इस मौके पर मीर हजरत अली, मुन्ना अंसारी, सुखारी अंसारी, खुर्शीद आलम, कलीमुल्लाह, हजरत अंसारी, मुर्तुजा अंसारी, नसरत अली, जावेद आलम सहित अन्य लोग मौजूद थे।

टेकुआटार संवाद के अनुसार टेकुआटार में शांति व सौहार्द से ईद मिलादुन्नबी मनाया गया। हाटा संवाद के अनुसार हाटा नगर, डुमरी स्वांगीपट्टी, पिपरा, सिकटिया, टिकरी, पोखरभिंडा आदि जगहों पर मुस्लिम समाज के लोगों ने मोहम्मद साहब की याद में शांतिपूर्ण तरीके से जुलूस निकाला। इस दौरान जगह-जगह टुकड़ियों में पुलिस भी मुस्तैद रही।

### मोहम्मद साहब की जीवनी पर डाली रोशनी

फाजिलनगर। मुस्लिम धर्मगुरुओं ने पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब की जीवनी पर रोशनी डाली। फाजिलनगर व तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के पिपरा रज्जब मदरसा व जामा मस्जिद के परिसर में फाजिलनगर, गड़हिया, धनौजी, किशुनदासपट्टी, छठियांव, अशोगवा आदि गांवों से भारी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग जुलूस लेकर पहुंचे। मौलाना मौनाफ़ व एहसान रजा मिस्बाहुल उलूम ने ईद मिलादुन्नबी की एहमियत बताई।

### जगह-जगह निकाला जुलूस

जटहां बाजार। क्षेत्र में ईद मिलादुन्नबी पर जगह जगह जुलूस निकाला गया। पकहां लुकपुर, जटहां बाजार, एकवनहीं, कटाई भरपुरवा, पुरनहां मिश्र में जुलूस निकाला गया, जिसमें बूढ़े, बच्चे, नौजवान सभी लोग शामिल हुए। नूरी जामा मस्जिद से ईमाम हाफिज एसएस कादरी की मौजूदगी में जुलूस ए मोहम्मदी निकाला गया।

### जुलूस-ए-मोहम्मदी में शरीक हुए नबी के दीवाने

सेवरही। ईद मिलादुन्नबी के मौके पर सेवरही कस्बा सहित आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में जुलूस निकाला गया। मदरसा दारूल इशाअत व रजा जामा मस्जिद के पेशे ईमाम कारी मोहम्मद जिकरूल्लाह, मदरसा कमेटी के प्रबन्धक शाकिर अली की अगुवाई में जुलूस निकाला गया।

गुरवलिया बाजार संवाद के अनुसार महासोन बड़ी मस्जिद के ईमाम मौलाना तौकीर आलम ने ईद मिलादुन्नबी का जुलूस रवाना करने से पहले हजरत मोहम्मद साहब की जीवनी के बारे में विस्तार से बताया।

# चोरों पर अंकुश लगाने में पुलिस विफल, लोग भयभीत

**हि फॉलोअप**

- आए दिन हो रही चोरी की घटनाओं पर रोक न होने से पुलिस से उठ गया है भरोसा
- अपराध रोकने के नाम पर पुलिस ने चोरी के कई मामलों में नहीं दर्ज किया है मुकदमा

> चोरी की घटनाओं का शीघ्र ही खुलासा किया जाएगा। पुलिस की टीमें लगायी गयी हैं। चोरी को रोकने के रात्रि गश्त भी बढा दी गयी है।
>
> रितेश कुमार सिंह, एएसपी

राजापाकड़, हिन्दुस्तान संवाद। पुलिस अपने खुफिया तंत्र से अपराध पर नकेल कसती है लेकिन तुर्कपट्टी पुलिस का सूचना तंत्र विफल साबित हो रहा है। चोर ताबड़तोड़ चोरी की घटनाओं को अंजाम देकर पुलिस की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न लगा रहे हैं। पुलिस की विफलता से बुलंद हौसले से चोर दिनदहाड़े भी चोरी की घटनाओं को अंजाम देने लगे हैं। इसको लेकर लोग काफी भयभीत हैं।

बीते बुधवार को बेखौफ चोरों ने थाना क्षेत्र के किशुनदास पट्टी में दिनदहाड़े चोरी की घटना को अंजाम दिया। इसके पहले सोमवार को राजापाकड़ में रामराज के घर से दिनदहाड़े आभूषण चोरी कर ली। मधुरिया के चौहान पट्टी में बीते 7 अगस्त को दिन में ही श्यामसुंदर राजभर के घर से नगदी सहित हजारों के सोने चांदी के आभूषण चुरा ले गये। हाल की घटनाओं की जिक्र करें तो सपही टड़वा में जलनिगम के पानी की टंकी से बीते 6 सितंबर को समर्सिबल वाटर पंप, बरवाराजापाकड़ में प्रमोद चौहान के खेत से पंपिंग सेट और शौकत गद्दी की भैंस चोरी कर ले गये। इसके अलावा रुदवलिया में 3 जुलाई की रात अंशुमान चौहान के घर नगदी व आभूषण, मधुरिया के महासोन निवासी ओमहरी शर्मा की मधुरिया चौहान पट्टी में बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान से 9 अगस्त की रात चोर शटर का ताला तोड़ सीसीटीवी कैमरा ही चुरा ले गए। इसी रात चोरों ने ओमप्रकाश चौहान के घर में सेंध काट कर 66 हजार नगदी व लगभग एक लाख के आभूषण चुरा ले गए। इसी क्रम में चोरों ने जोकवा बाजार में मोतीलाल गुप्ता की मिष्ठान की दुकान, दुकानदार महबूब अंसारी का मोबाइल फोन चुरा लिया। बीते 16 अगस्त की रात में मधुरिया चौहानपट्टी में घर के बाहर दरवाजे पर सो रहे वीरेंद्र चौहान व सुन्द्रेश चौहान की पत्नी का मोबाइल चोरी हो गया। अमवा दुबे में लाखों की चोरी का मामला भी सुर्खियों में है।

क्षेत्र में हुई चोरी की इन घटनाओं का खुलासा करने में पुलिस अब तक विफल रही है। और तो और पुलिस अपराध रोकने के नाम पर चोरी की कई घटनाओं में मुकदमा भी दर्ज नहीं किया है।

# साइकिल सवार को बचाने में देवरिया के बाइक सवार की मौत

हाटा। पटना मिश्रौली के पास क्रिस्तुराजा स्कूल के सामने हाटा देवरिया रोड पर एक बाइक सवार की मृत्यु सोमवार की शाम साढ़े पांच बजे एक साइकिल सवार के बचाने के चक्कर में हो गयी। मृतक की पहचान दिलीप प्रसाद 35 वर्ष पुत्र अरविंद प्रसाद निवासी पिपरहिया थाना महुआडीह जिला देवरिया के रुप में हुई। दिलीप प्रसाद अपने बाइक से हाटा किसी कार्य से आया था। घर वापस लौटते समय पटना मिश्रौली गांव के समीप क्रिस्तुराजा स्कूल के सामने हाटा देवरिया रोड पर एक साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर बाइक सहित सड़क पर गिरकर गंभीर रुप से घायल हो गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। सूचना पर उपनिरीक्षक अतुल तिवारी व नगर चौकी इंचार्ज मौके पर पहुंच गये और एम्बुलेंस से शव को पोस्टमार्टम हेतु पडरौना भेजवाया।

# दुपट्टे से गला कसकर भाई ने ही बहन की हत्या की थी

हि फॉलोअप

- पुलिस ने आरोपी भाई को गिरफ्तार कर जेल भेजा
- गन्ने के खेत में मिली थी युवती की लाश

**रामकोला, हिन्दुस्तान संवाद।** पुत्री की हत्या के मामले में पिता की तहरीर पर मुकदमे में आरोपी भाई को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। रामकोला के वार्ड13 श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर( कठबारवा ) में 9 सितंबर की सुबह करीब 9 बजे दो लड़कियां पशुओं के चारे हेतु गन्ना की पत्तियां काटने गई थी।

गन्ने के खेत में शव देख युवतियां परिजनों को बताई। उसके बाद गांव के लोग गन्ने के खेत में गए तो युवती की लाश देखी। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त करायी तो पता चला की गांव के ही संवरू कुशवाहा की 18 वर्षीय पुत्री माधुरी का शव था। मृत युवती के पिता बाहर कमाने गए थे। घर में मां, भाई और भाभी के साथ रहती थी। चार दिन पहले लड़की की मां अपने मायके गई थी। घर में भाई और भाभी थे। घटना वाले दिन सुबह से भाई गोविन्द घर से गायब था। बाहर से लौटने के बाद पिता ने इस मामले बेटे गोविंद के खिलाफ हत्या की तहरीर दी। पुलिस ने बताया कि विवाद को लेकर बहन का दुपट्टा से गला कस हत्या करने वाला कोई और नहीं उसका भाई गोविंद ही था। पिता की तहरीर पर गोविन्द पुत्र सवरू कुशवाह के विरूद्ध हत्या का केस पंजीकृत किया गया था।

# शौचालय व शोकपिट टंकी तोड़ने का आरोप

**कोटवा बाजार।** नेबुआ नौरंगिया ब्लॉक के पचफेड़ा गांव की ग्राम प्रधान ने गांव के कुछ व्यक्तियों पर पंचायत भवन का शौचालय व शोकपिट टंकी तोड़ने का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर सौंपी है।

पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पचफेड़ा गांव की प्रधान पार्वती देवी ने नेबुआ नौरंगिया पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया है कि पंचायत भवन का निर्माण कराया गया है। उसके बगल मे शौचालय व शोकपिट टंकी का निर्माण किया गया था। बीते गुरूवार की रात पड़ोस के लोग नवनिर्मित टंकी को तोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया गया। पूर्व में भी पंचायत भवन निर्माण के समय चहारदीवारी को भी कुछ लोग तोड़ दिए थे। उन्होंने प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। इस संबंध में एसएचओ हर्षवर्धन सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी हुई है, जांच की जा रही है।

# दरवाजे से चुरा ले गये बाइक

**हाटा।** हाटा कोतवाली क्षेत्र स्थित वार्ड नंबर 18 हनुमान नगर पैकौली निवासी रमायन बरनवाल के दरवाजे पर रविवार की रात खड़ी पल्सर बाइक पर अज्ञात चोरों ने अपना हाथ साफ कर लिया। नवीन बर्नवाल  पिपराइच चौराहा हाटा निवासी जो अपनी पल्सर बाइक से अपने रिश्तेदार रामायन बर्नवाल के घर आये थे। रविवार की रात घर के सामने बाइक खड़ी कर घर के अंदर चले गये। इतने में ही रात का फायदा उठाकर चोर बाइक चुराकर फरार हो गये।



हादसे के बाद मौके पर जुटी भीड़।

# कप्तानगंज-पिपराइच मार्ग पर वाहन से कुचलकर महिला की मौत

**जगदीशपुर, हिन्दुस्तान संवाद।** अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के कप्तानगंज-पिपराइच मार्ग पर घोघरा शिव मंदिर के पास हुई घटना मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई।

सोमवार को लगभग सात बजे अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के घोघरा निवासी विमलावती देवी 55 वर्ष पत्नी दुखरन निषाद कप्तानगंज-पिपराइच मार्ग पर घोघरा गांव के पास अपने दरवाजे पर बैठी थी। इस दौरान पिपराइच की तरफ से आ रही अनियंत्रित पिकअप उसको कुचलते हुए जाकर गड्ढे में गिर गई। इस हादसे में घटनास्थल पर ही विमलावती की मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर स्थानीय पुलिस पहुंची और पिकअप चालक को पड़कर थाने ले गई। शव को कब्जे में लेते हुए आवश्यक कार्रवाई में जुट गई। उधर इस घटना से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

# सिपाही से दुर्व्यवहार मामले में मुकदमा दर्ज

जागरण संवाददाता, तुर्कपट्टी : तुर्कपट्टी के अमवा दूबे में रविवार की शाम पीआरवी जवान से उलझने व रास्ता जाम करने के मामले में पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। गांव के युवक की पुलिस हिरासत में मौत की अफवाह पर कई युवक और महिलाएं सड़क पर आ गए और कसया-सेवरही मार्ग को जाम कर दिया। इसी बीच किसी ने इसकी सूचना डायल 112 पर दी। पीआरवी के जवान अरविंद यादव पहुंचे तो जैसा कि आरोप है कि उग्र भीड़ ने दुर्व्यवहार किया। पीआरवी के सिपाही का आरोप है कि राजन शर्मा के परिजन सहित कुछ अन्य महिलाओं और युवकों नें हेलमेट छीन लिया और गाड़ी से चाबी भी निकाल लिया।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीन-चार पुरुष व अज्ञात महिलाओं के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि पुलिस के पास कुछ वीडियो फुटेज व फोटो मौजूद है। उसी से दोषियों को चिन्हित किया जा रहा है। शीघ्र ही विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## इस कार्रवाई के होने से गांव में भय का माहौल

इस मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने के बाद गांव मे दहशत का माहौल है। लोग घरों से बाहर निकलने से डर रहे हैं। लोगों का कहना है कि इस घटना के दौरान कुछ ऐसे भी लोग थे जो मौके पर बीच बचाव करने या भीड़ देखकर गए थे। यदि ऐसे लोग भी वीडियो के जद में आए तो कहीं उनके खिलाफ कार्रवाई न हो जाए, इस बात को लेकर लोग भयभीत हैं।

# दो अलग-अलग जगहों से 32 बोटा सागौन बरामद

जासं,क्रांति चौराहा: वन विभाग की टीम ने रविवार रात को नेबुआ नौरंगिया क्षेत्र के चरघरवा से 32 बोटा सागौन बरामद किया है। जांच पड़ताल में यह बात सामने आई कि बरामद सागौन बीते दिनों क्षेत्र के ही केशरी छपरा व देवगांव से काटे गए थे। मामले में मुकदमा पंजीकृत करा विभाग अग्रिम कार्रवाई कर रहा है। खड्डा के डिप्टी रेंजर अमित तिवारी टीम संग रात में गश्त पर थे। सूचना मिली कि चरघरवा गांव के बाहर बागीचे में लकड़ी छिपाकर रखी गई है। टीम वहां पहुंची तो सागौन के 32 बोटे मिले। टीम रात में ही बरामद लकड़ी को कब्जे में ले चेक पोस्ट ले गई। टीम में गार्ड शिव नारायण पाठक, लक्ष्मण आदि शामिल रहे।

# धूमधाम से निकाला गया ईद मिलादुन्नबी का जुलूस

**गाजे-बाजे के साथ बड़ी संख्या में जगह-जगह जुलूस में शामिल हुए लोग, शांति और समानता का लोगों को दिया पैगाम**



[illegible]



[illegible]

[illegible]



[illegible]

### रोटरी क्लब ने स्टाल लगाकर किया सेवा कार्य

[illegible]

### जुलूस निकाल मनाई खुशी

[illegible]

### माला पहनाकर किया स्वागत

[illegible]

# सदर विधायक ने शोकाकुल स्वजन को दी सांत्वना

**पिपरा बाजार :** मार्ग दुर्घटना में शुक्रवार को पिपरा बाजार के दो चचेरे भाई गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उनमें हरिओम कुमार की मेडिकल कालेज गोरखपुर जाते समय रास्ते में मृत्यु हो गई थी। सुमित कुमार का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। सदर विधायक मनीष जायसवाल मृतक के घर पहुंच शोकाकुल स्वजन को सांत्वना दी। कहा कि घायल सुमित के उपचार में हर संभव मदद की जाएगी। भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश रौनियार, दिनेश जायसवाल, शैलेश मद्धेशिया, बालक पासवान, मन्नू जायसवाल आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने वारंटी को दबोचा

प ड रौ ना । कसया थाने की पुलिस ने वारंटी अभियुक्त सुरेश सिंह निवासी पश्चिमी केबिन गेट कोतवाली देवरिया को गि र फ ता र किया है।

इस मामले में पु लि स आ व श य क कार्रवाई में जुटी है। गिरफ्तार करने वाली टीम में कसया थाने के एसएचओ गि रि जे श उ पा ध्या य, एसआई रघुनाथ गौतम शामिल रहे। संवाद

# छेड़खानी के मामले में दो वांछित गिरफ्तार

पडरौना। हनुमानगंज थाने की पुलिस ने छेड़खानी, पाक्सो एक्ट आदि के मुकदमे में वांछित दो अभियुक्त पतरु अंसारी व अवसान अंसारी निवासी धरमौली उर्फ जिन्दा छपरा थाना हनुमानगंज को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि वांछित अभियुक्तों की ओर से लड़कियों को मोबाइल देकर बात करने का दबाव बनाया जाता है।

दोनों के पास से दो मोबाइल भी बरामद किए गए हैं। वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसओ अजय कुमार पटेल, एसआई अखिलेश यादव, कांस्टेबल धीरज कुमार, संजय यादव, रणजीत सिंह शामिल रहे। संवाद

# अलाउद्दीन पर लगेगा गैंगस्टर, संपत्ति खंगाल रही पुलिस

**एनबीडब्ल्यू मिलते ही भगोड़ा घोषित कर इनाम रखने की तैयारी, फर्जी डिग्री मामले में फरार अलाउद्दीन के केस की एसएसपी ने की समीक्षा**

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। डॉक्टरों की डिग्री का फर्जी ढंग से इस्तेमाल करने के आरोपी अलाउद्दीन और उसके गैंग के गुर्गों पर गैंगस्टर लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। एनबीडब्ल्यू मिलते ही पुलिस उसे भगोड़ा घोषित कर इनाम रखने की भी तैयारी कर रही है।

पुलिस को पता चला है कि फरारी के दौरान ही अलाउद्दीन अपनी संपत्ति दूसरे के नाम पर कर रहा है। इस आशंका पर पुलिस पहले ही उसकी अवैध संपत्ति का ब्योरा जुटाने में लगी है। इस मामले में अब तक तीन आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है, जबकि अलाउद्दीन समेत दो फरार हैं।

फर्जीवाड़ा करने वाले अलाउद्दीन पर शिकंजा कसने के लिए एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने सोमवार को इस केस की समीक्षा की। उन्होंने विवेचक से इस केस की प्रगति के बारे में पूछा। विवेचक ने बताया की पुलिस टीम उसकी तलाश में कुशीनगर में कई बार छापा मार चुकी है।

एक या दो दिन में कोर्ट से एनबीडब्ल्यू मिलते ही उसे भगोड़ा घोषित कर दिया जाएगा। एक टीम गोपनीय ढंग से उसकी अवैध संपत्ति के बारे में भी जानकारी जुटा रही है।

*फर्जी डिग्री मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी कर गैंग का पर्दाफाश किया गया था। इस गैंग के सरगना की तलाश चल रही है। टीमें लगी हैं, बहुत जल्द उसकी गिरफ्तारी हो जाएगी।* - डॉ. गौरव ग्रोवर, एसएसपी

### 60 नए गैंग पर गैंगस्टर 67 की खुलेगी हिस्ट्रीशीट

एसएसपी के निर्देश पर जिले के थानों की पुलिस ने 60 नए गैंग चिह्नित कर सूची तैयार की है। इनपर गैंगस्टर लगाने के लिए एसएसपी ने सूची डीएम को भेज दी है। इस सूची में अलाउद्दीन का गैंग भी शामिल है। इसी तरह जिले के विभिन्न थानों में अलग-अलग अपराध में लिप्त 67 बदमाशों की सूची बनाई गई है। इसमें अधिकतर जालसाजी के केस से जुड़े हैं। इन बदमाशों की हिस्ट्रीशीट खोलने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

**फरार होने के बाद से इस्तेमाल नहीं किया मोबाइल फोन और नंबर :** गुलरिहा थाने में डॉ. राहुल नायक की तहरीर पर 17 मई को अलाउद्दीन के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया था। सोमवार को केस दर्ज कराए 92 दिन पूरे हो गए, अभी तक पुलिस उसकी तलाश नहीं कर पाई है। पुलिस के अनुसार, कुशीनगर जिले के तमकुहीराज के रहने वाले अलाउद्दीन के साथ ही उसका भाई भी फरार है। सर्विलांस पर उसका मोबाइल और नंबर भी लगाया गया है।

पुलिस के अनुसार, फरार होने के बाद से ही एक बार भी अलाउद्दीन ने नंबर और मोबाइल का इस्तेमाल नहीं किया है। इस वजह से उसकी लोकेशन ट्रेस नहीं हो पा रही है। इस केस में गुलरिहा पुलिस ने एक सितंबर को गाजीपुर के भुडकुड़ा थाना क्षेत्र के पदुमपुर मैगर राय निवासी बृजेश लाल, वाराणसी के सारनाथ थाना क्षेत्र के दीनापुर चिरईगांव निवासी ओमप्रकाश गौतम और वाराणसी के चौबेपुर इलाके के बराई निवासी दीपक विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर जेल भिजवा चुकी है। अलाउद्दीन के साथ ही प्रयागराज की राम पांडेय की तलाश में भी पुलिस टीमें लगी हैं।

## रुपये कमाने की ललक में फर्जीवाड़े के दलदल में फंसता गया अलाउद्दीन

तमकुहीराज। डॉक्टरों की फर्जी डिग्री बनाने वाले गिरोह का सरगना अलाउद्दीन अब भी पुलिस की पकड़ से दूर है। सरगना के रूप में उसका नाम सामने आने के बाद उसके साथ रोज उठने-बैठने वाले लोग भी इन दिनों तमकुहीराज कस्बे से दूरी बनाए हुए हैं।

सूत्रों का कहना है कि अलाउद्दीन को कम उम्र में ही रुपये कमाने की ललक थी और इसी ललक में वह फर्जीवाड़े के दल-दल में फंसता चला गया। चर्चा तो यह भी है कि उसके किसी सगे ने ही उसे फर्जीवाड़े का तौर-तरीका सिखाया था। वह सगा भी इन दिनों फरार चल रहा है।

सूत्रों का कहना है कि शुरुआती दिनों में परिवार की आर्थिक स्थिति बेहतर नहीं होने के कारण कम उम्र में ही अलाउद्दीन के मन रुपये कमाने



अलाउद्दीन अली।

### सगे से ही सीखा था फर्जीवाड़े का तौर-तरीका, नाम सामने आने के बाद सगा भी फरार

की ललक पैदा हो गई थी। परिणाम स्वरूप उसने कस्बे एक पैथोलॉजी में बतौर सहायक न्यूनतम मेहनताना पर काम करने लगा। सीएचसी तमकुहीराज में तैनात एक कर्मी से संपर्क में आने के बाद अलाउद्दीन स्वास्थ्य विभाग में अपनी पैठ बनाने में सफल हो गया और वैध-अवैध कामों से रुपये कमाने लगा।

स्वास्थ्य विभाग की बारीकियों से जब अलाउद्दीन भली-भांति अवगत हो गया तो फर्जीवाड़े के गुर उसने अपने एक करीबी से सीखना शुरू कर दिया। जब कभी किसी मामले में कोई पेच फंसता तो वह उसी से रायशुमारी करता और फर्जीवाड़े के खेल में एक-एक सीढ़ी चढ़ते खुद इस खेल का सरगना बन बैठा। अपने बचाव के लिए अलाउद्दीन ने मजबूततंत्र भी विकसित कर लिया था, लेकिन मुकदमा दर्ज होने बाद एसपी सिटी गोरखपुर कृष्ण कुमार विश्नोई की जांच में स्वास्थ्य विभाग के फर्जीवाड़े की एक परत खुली तो फिर परत-दर-परत मामला खुलता चला गया। संवाद

### दबिश देने के बाद से ही उसका पर्सनल नंबर बंद

गोरखपुर पुलिस ने जब 11 अगस्त को अलाउद्दीन के घर दबिश दी थी, तभी से उसका पर्सनल नंबर बंद है। हालांकि, एक करीबी के नाम-पते से लिए गए नए नंबर से अलाउद्दीन लगातार कस्बा निवासी करीबियों के संपर्क में है। इससे पुलिस को उसकी हर गतिविधि की जानकारी तो मिल रही है, लेकिन उस तक पहुंचने में पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। बार-बार अलाउद्दीन लोकेशन बदल रहा है। गोरखपुर पुलिस उसके खिलाफ न्यायालय से गैर जमानती वारंट लेने के प्रयास में जुटी है। अलाउद्दीन को अब तक बचाव के लिए कहीं से कोई ठोस आश्वासन नहीं मिल सका है। इसके कारण सगे-संबंधियों की भी मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

# पुलिस ने मार्च कर कराया सुरक्षा का अहसास

**बनकटा बाजार।** पुलिस ने सोमवार को आगामी त्योहारों को लेकर थाना क्षेत्र के चौक-चौराहों पर पैदल मार्च कर सुरक्षा का अहसास कराया। एसओ चंद्रभूषण प्रजापति ने बताया कि एसपी के निर्देश पर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए दंगा नियंत्रण उपकरण के साथ थाना क्षेत्र के नारायणपुर कोठी, बनकटा बाजार क्षेत्र में पैदल मार्च किया गया। इस दौरान एसआई आकाश ग्वाल, आकाशदीप शुक्ल, मार्कंडेय सिंह, मदन प्रसाद आदि शामिल रहे। संवाद

# बहन की हत्या के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

रामकोला। भठही खुर्द में नौ सितंबर को 16 वर्षीय किशोरी की हत्या कर उसके शव को गन्ने के खेत में फेंकने के मामले में पुलिस ने पिता की तहरीर पर बेटे पर हत्या का केस दर्ज किया था। सोमवार को आरोपी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया।

भठही खुर्द के संवरू कुशवाहा नौ सितंबर को पत्नी के साथ कहीं गए थे। रात में घर पर उनका बेटा गोविंद कुशवाहा, बेटी माधुरी कुशवाहा के अलावा दो छोटे बच्चे थे। आपस में विवाद के बाद गोविंद ने रात में दुपट्टे से गला कसकर माधुरी की हत्या कर दी थी। शव को अवधेश यादव के गन्ने के खेत में फेंक दिया था। सुबह के सभासद जयप्रकाश राव ने शव मिलने की सूचना पुलिस को दी थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला कसने से माधुरी की मौत की पुष्टि हुई। सोमवार को पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया। इस संबंध में एसएचओ आनंद कुमार गुप्ता ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि हुई थी। संवाद

# छेड़खानी के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**फाजिलनगर।** चौराखास पुलिस ने छेड़खानी के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एक महिला ने गांव निवासी एक युवक पर छेड़खानी करने और छेड़खानी का विरोध करने पर मारपीट पर मारने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। रविवार को देर शाम पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी भागने के फिराक में है और वह फाजिलनगर के तरफ जा रहा है। सूचना के बाद पुलिस ने उसे बड़हरा चौराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया।

# छावनी में तब्दील रहा अमवा दुबे

## चोरी के आरोप में गिरफ्तार युवक की पुलिस कस्टडी में मौत की फैली थी अफवाह

संवाद न्यूज एजेंसी

**तुर्कपट्टी।** तुर्कपट्टी थाने की पुलिस ने रविवार को चोरी के आरोप में चार युवकों को गिरफ्तार किया था। इस मामले में अमवा दुबे गांव के एक आरोपी युवक की पुलिस कस्टडी में मौत की अफवाह फैल गई थी। लोग सड़क पर उतर आए थे।

पीआरवी के जवानों को भीड़ ने दौड़ा लिया था और उनकी बाइक व हेलमेट को भी छीन लिया गया था। रविवार की रात अमवा दुबे गांव पुलिस छावनी में तब्दील रहा। डॉयल 112 पुलिसकर्मी की तहरीर पर अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

अफवाह फैलाने वालों की पुलिस तलाश कर रही है। वीडियो के सहारे पीआरवी के जवानों से अभद्रता करने और बाइक व हेलमेट छीनने वाले लोगों को भी चिह्नित किया जा रहा है। दूसरी तरफ, अभद्रता करने के मामले में अज्ञात लोगों पर केस दर्ज किए जाने के बाद गांव के युवक कहीं चले गए हैं।

एसओ संजय कुमार ने बताया कि पुलिस के पास कुछ वीडियो और फोटो उपलब्ध है। इसमें से दोषियों की पहचान की जा रही है। इसके बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि अफवाह फैलाने वालों की भी तलाश की जा रही है।



अमवा गांव में सुबह न के बराबर रही चहल-पहल। स्रोत-सोशल मीडिया

### केस दर्ज होने के बाद गांव छोड़ चले गए युवक

**मामले** में अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज होने के बाद गांव के लोग डरे हुए हैं। उन्हें आशंका है कि कहीं पुलिस की कार्रवाई की जद में वह न आ जाय। देर रात कई घरों के युवक भी घर छोड़कर कहीं चले गए हैं। जो लोग घर पर हैं, वे बाहर निकलने से परहेज कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि इस घटना के दौरान कई ऐसे भी लोग थे, जो मौके पर बीच-बचाव करने गए थे या भीड़ देखकर मामले की जानकारी लेने गए थे। यदि ऐसे लोग भी वीडियो में नजर आये तो पुलिस उन पर भी कार्रवाई करने से परहेज नहीं करेगी।

**देर रात गांव में जमे रहे सीओ सदर :** सड़क जाम कर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी कर रहे लोगों को

रविवार की देर शाम सीओ सदर अभिषेक प्रताप अजेय ने समझा-बुझाकर और आरोपी युवक से वीडियो कॉलिंग पर बातचीत करा उनके गुस्से को शांत तो करा दिया, लेकिन मामले को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने गांव को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया।

# MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-17-09-2024



रोहिन नदी में डूबे युवक का शव मिलने के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई।

# 40 घंटे के बाद रोहिन में मिला डूबे युवक का शव

**पुरंदरपुर, हिन्दुस्तान संवाद।** शनिवार की शाम मछली पकड़ने गए रोहिन नदी में उतरे युवक की डूबने से मौत हो गई है। घटना के 40 घंटे बाद उसका शव घटनास्थल से एक किमी आगे उतराता मिला। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

शनिवार की शाम रानीपुर के टोला तेरहो निवासी परशुराम (45) मछली पकड़ने करीमद्दादपुर गांव के सामने रोहिन नदी के किनारे गया था। तभी से वह वापस नहीं आया। रात से ही परिजन उसको खोजने लगे, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। रविवार को दोपहर ग्राम प्रधान मनोज ने थाने पर सूचना दी। सूचना पर एसओ पुरुषोत्तम राव अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश शुरू कराई। पुलिस ने मदद के लिये एसएसबी नौतनवा के आरआरटी टीम को बुलाया। टीम ने रविवार की देर शाम तक परशुराम को नदी में खोजा, लेकिन उसका पता नहीं चला। सोमवार को सुबह से ही आरआरटी की टीम ने फिर युवक की तलाश शुरू की। टीम त्रिमुहानी पुल तक चली गयी, लेकिन उसका पता नहीं चला। काफी प्रयास के बाद दोपहर एक बजे के आसपास डूबने के स्थान से एक किलोमीटर आगे रघुनाथपुर के टोला कुड़िहवा के सामने रोहिन नदी में परशुराम का शव उतराता मिल गया। शव मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। एसओ पुरुषोत्तम राव ने बताया कि काफी प्रयास के बाद आरआरटी की मदद से डूबे व्यक्ति का शव बरामद किया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है। मामले में जरूरी कार्रवाई हो रही है।

# व्यवसायी से ठगी करने वाला दबोचा गया

**कार्रवाई**

**कोठीभार, हिन्दुस्तान संवाद।** सिसवा कस्बे के एक ई-रिक्शा कंपनी में डीलर बनने के इरादे से आये पड़ोसी राज्य बिहार के एक शख्स ने कंपनी के मालिक को फर्जी आरटीजीएस भुगतान का स्क्रीन शॉट दिखा कर चार ई-रिक्शा ठग लिया। बैंक में जांच पड़ताल के बाद ई-रिक्शा कंपनी मालिक को ठगी किये जाने का अहसास हुआ। उन्होंने मुकामी पुलिस को घटना से संबंधित लिखित शिकायत कर कार्रवाई की मांग की। 17 दिनों बाद पुलिस टीम ने बिहार राज्य से ठगी करने वाले शख्स को चारों ई-रिक्शा के साथ उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय से ट्रांजिट रिमांड पर लेकर कार्रवाई शुरू की।

कोठीभार क्षेत्र अंतर्गत सिसवा कस्बे के चित्रगुप्तनगर निवासी मुकेश कुमार जायसवाल व रितेश कुमार जायसवाल की रीबैंड के नाम से एक ई-रिक्शा कंपनी संचालित है। बीते 28 अगस्त को अपराह्न चार बजे के करीब पड़ोसी राज्य बिहार के पश्चिमी चंपारण अंतर्गत बगहा थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 31 रतनमाला निवासी आदर्श कुमार नामक शख्स कारखाने पर पहुंचा। कंपनी के निदेशक रितेश कुमार जायसवाल से डीलरशिप के लिये बात की। उसने तीन ई-रिक्शा और एक समान ढोने वाले वाहन को रितेश जायसवाल से क्रय किया। इन चारों गाड़ियों की कीमत 4.58 लाख का भुगतान उस शख्स ने अपने मोबाइल द्वारा आरटीजीएस के माध्यम से कर उसका स्क्रीन शॉट रितेश जायसवाल के मोबाइल पर भेज दिया। रितेश ने बड़े भाई मुकेश कुमार जायसवाल को भेजकर आरटीजीएस का पता बैंक से करने के लिए कहा। पता चला कि उसने खाता चेक कर बताया कि आरटीजीएस भुगतान खाते में कभी-कभी एक से दो घंटे के बाद भी नहीं दिखता है। आरोपी अपने साथ लाये चालकों के साथ उन चारो गाड़ी को लेकर चला गया। दूसरे दिन जब बैंक में कंपनी के लोगों ने पता किया तो वह भुगतान फर्जी निकला।

कंपनी के निदेशक रितेश जायसवाल ने आदर्श कुमार को फोन करना शुरू किया तो वह बहाने बनाता रहा। प्रभारी निरीक्षक कोठीभार अखिलेश कुमार सिंह ने चौकी प्रभारी सिसवा बृजभान यादव के नेतृत्व में टीम का गठन कर घटना का अनावरण करने के लिए निर्देशित किया। शनिवार की रात में सिसवा नगर चौकी प्राभारी बृजभान यादव पुलिस टीम के साथ बगहा बिहार आदर्श कुमार के घर पहुंच ठगी कर अपने साथ ले गए चारों ई-रिक्शा के साथ उसे गिरफ्तार कर लिया।



पुलिस ने ई रिक्शा व्यवसायी संग ठगी करने के आरोपी को दबोच लिया।

# नेपाली शराब के साथ महिला को पकड़ा

निचलौल। आबकारी निरीक्षक निचलौल वैभव कुमार यादव की टीम ने सोमवार को अवैध शराब के खिलाफ कई स्थलों पर छापेमारी की। इस दौरान मिश्रौलिया गांव की एक महिला मीरा को 60 शीशी नेपाली देशी शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया और उसके खिलाफ निचलौल थाना में आबकारी अधिनियम के तहत  मुक़दमा पंजीकृत कराया।

# ससुर ने दी तहरीर, दामाद पर मुकदमा

**सोनौली।** सोनौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी शख्स ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी बड़ी बेटी की शादी सिद्धार्थनगर के नौडिहवा के ग्राम तखवा में हुई है। बताया कि इसी 24 अगस्त से उसकी छोटी बेटी गायब है। काफी खोजबीन के बाद भी कुछ पता नहीं चला। जानकारी मिली कि 15 साल की उसकी छोटी लड़की को उसका ही दमाद गौतम बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। अपनी दिल्ली में रहने वाली बहन के घर रह रहा है। इस संबंध में कोतवाल अंकित सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज हो गया है। घटना की जांच की जा रही है।

# पति, ससुर व सास समेत सात पर दर्ज हुआ केस

**सिन्दुरिया।** क्षेत्र के नरायानपुर की महिला वंदना गुप्ता की तहरीर पर पुलिस ने सदर कोतवाली के लखिमा थरूआ निवासी उसके ससुराल के सात लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न के आरोप में केस दर्ज किया है। वंदना के अनुसार उसके पिता ने सामर्थ्य के अनुसार दहेज देकर उसकी शादी की थी। लेकिन शादी के बाद दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित किया जाने लगा। उसने पति प्रदीप, ससुर, सास सहित सात लोगों को इसके लिए आरोपित किया। एसओ अखिलेश कुमार वर्मा ने बताया कि सात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# टहलने निकला शख्स नहीं लौटा, परिजन परेशान

**ढूठीबारी।** ढूठीबारी कोतवाली क्षेत्र के किशुनपुर के बैरागी टोला निवासी एक शख्स सोमवार की सुबह घर से टहलने निकला लेकिन फिर घर वापस नहीं लौटा। उसके परिजनों की चिंता बढ़ गई है। परिजनों ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। किशुनपुर बैरागी टोला निवासी विजय गौड़ ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके पिता रामलखन गौंड सोमवार की सुबह साढ़े चार बजे घर से टहलने के लिए निकले और वापस लौटकर घर नहीं आये।

# नौतनवा में कस्टम ने पकड़ा एक ट्रक चाइनीज लहसुन

- फरेंदा बाईपास राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक ट्रक में लदा था चाइनीज लहसुन
- तस्करी कर भारत के बड़े शहरों में पहुंचाया जा रहा था लहसुन

**नौतनवा, हिन्दुस्तान संवाद।** नौतनवा कस्टम ने सोमवार को फरेंदा बाईपास राष्ट्रीय राजमार्ग से एक ट्रक में लदा चाइनीज लहसुन बरामद कर कब्जे में ले लिया है। नेपाल से तस्करी कर भारत की सीमाई इलाकों में इकट्ठा किए गए चाइनीज लहसुन ट्रक के जरिए भारत के बड़े शहरों में पहुंचाने के लिए ले जाया जा रहा था। कस्टम ने चालक को भी हिरासत में लेकर पूछताछ में जुटी है।

कस्टम विभाग को सूचना मिली थी कि ट्रक चाइनीज लहसून नौतनवा से फरेंदा की ओर जा रहा है। इस सूचना पर कस्टम विभाग की टीम फरेंदा बाईपास राष्ट्रीय राजमार्ग पर घेराबंदी कर ट्रक को पकड़ ली। ट्रक को कब्जे में लेकर नौतनवां कस्टम कार्यालय लाया गया। कस्टम उपायुक्त वैभव सिंह ने बताया कि चाइनीज लहसुन लदे ट्रक को पकड़ा गया है। वाहन चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में बच्ची की मौत, जांच में जुटी पुलिस

- **रेलवे अंडरपास के निकट बने टीन शेड में रह रहे थे तीन मासूम**
- **लावारिस बच्ची की संदिग्ध हालत में मौत के बाद पुलिस सक्रिय**

**नौतनवा, हिन्दुस्तान संवाद।** नौतनवा थाना क्षेत्र के बगहा के पास बने रेलवे अंडरपास के निकट स्थित एक टीन शेड में सोमवार की दोपहर तीन साल की मासूम बच्ची की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक बच्ची के साथ उसका एक 5 वर्ष का भाई व 8 वर्ष की बहन भी मौजूद थे। बच्ची की मौत की सूचना के बाद ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच में जुट गई है।

ग्रामीणों का कहना है कि तीनों बच्चे रेलवे अंडरपास के बने टीन शेड में रहा करते थे। गांव में इधर-उधर से मांग कर जीविकोपार्जन कर रहे थे। बच्चों के माता-पिता उन लोगों को लावारिस हालत में छोड़कर कहां चले गए हैं? किसी को कोई जानकारी नहीं है। सूचना पर पहुंची पुलिस पता लगाने में जुटी हुई है। चाइल्ड लाइन की टीम भी मौके पर पहुंची है। ग्रामीणों का कहना है कि बच्चे दिन में यहां खेलने आते थे, लेकिन इस बीच उनके माता-पिता कहीं चले गए। तभी से बच्चे यहीं गांव में ही खेलते थे और टीन शेड में ही रात गुजार रहे थे। बताया जा रहा है कि मासूम बच्ची खुशी की तबीयत पिछले चार-पांच दिनों से खराब चल रही थी। लेकिन इसकी किसी ने सुधि नहीं ली।

प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले की जांच-पड़ताल कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## सदर कोतवाली के कृत पिपरा का रहने वाला था युवक, खोस्टा बीट जंगल में मिली लाश

# रिश्तेदारी में आए युवक की हत्या कर शव जंगल में फेंका, सनसनी

### जांच

**झनझनपुर/चौक बाजार, हिन्दुस्तान टीम।** चौक जंगल में गला रेतकर फेंकी गई एक युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई है। यह युवक रविवार को शाम एक बरही कार्यक्रम में शामिल होने निकला था। मौके पर पहुंची पुलिस टीमों ने जांच शुरू कर दी है। फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंच साक्ष्य जुटाने में लग गयी।

सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कृत पिपरा निवासी प्रद्युम्न पुत्र हरिश्चंद्र चौक थाना क्षेत्र के ग्राम खोस्टा टोला मुरहिया निवासी अपने मौसा सुदर्शन के घर रविवार को शाम अपनी मां व चाचा अमरजीत के साथ गया था। सोमवार को उसका शव गांव के पश्चिम वन विभाग की कोठी से करीब तीन सौ मीटर पश्चिम जंगल में सड़क पर औंधे मुंह मिला। मृतक के मौसा के लड़के राजेश ने बताया कि शनिवार को बच्चे की बरही का कार्यक्रम था। उस दिन जिसको निमंत्रण दिया गया था वे लोग पहुंचे थे, लेकिन प्रद्युम्न अपनी मां जड़ावती व चाचा अमरजीत के साथ रविवार की शाम आया था। भोजन के बाद उसके चाचा उसी गांव में अपने एक रिश्तेदार रामप्रीत के घर सोने चले गए। पिता सुदर्शन व प्रद्युम्न बाहर सो गए। सोमवार की सुबह मृतक के चाचा अमरजीत को पिपरिया चौराहे पर घर जाने के लिए छोड़ घर वापस लौट रहा था। लोगों की भीड़ देख जब उधर गया तो देखा कि उसका गला किसी धारदार हथियार रेता हुआ है। इसकी सूचना ग्राम प्रधान दीपक जायसवाल को दी और प्रधान ने पुलिस को सूचित किया।



जंगल में युवक की लाश मिलने की सूचना पर पुलिस ने पहुंचकर जांच शुरू की।

### छह भाइयों में तीसरे नंबर का था

प्रद्युम्न अपने छह भाइयो राजू, संगम, अमित, सुमित, श्यामू में तीसरे नम्बर का था। इसमें बड़े भाई राजू की शादी हो गयी है। बाकी अन्य भाइयो की शादी नहीं हुई है।

"प्रथम दृष्टया लग रहा है कि युवक की गला रेतकर हत्या की गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही पूरी जानकारी मिल सकेगी।

**-राहुल शुक्ल,** एसओ

### शव के पास दाढ़ी बनाने वाला ब्लेड मिला

प्रद्युम्न लाल रंग का बनियान व जींस पहने था। जीन्स पेंट के दाहिने पॉकिट से एक एंड्रॉयड मोबाइल व चार्जर मिला। वहीं बाए पॉकेट में सुर्ती भरा एक पुड़िया मिला। पास में एक धारदार दाढ़ी बनाने का ब्लेड मिला था। उसका शव खून से लथपथ था। दो जगह काफी मात्रा में खून गिरा हुआ था।

**फारेंसिंक टीम ने जांच के लिए साक्ष्य जुटाए:** जंगल में युवक की गला रेतकर लाश फेंके जाने की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मौके पर पहुंची फारेंसिक टीम जांच कर कुछ नमूने अपने साथ ले गयी।

# नेपाल भेजी जा रही प्याज की बड़ी खेप

- नेपाल जाने के कारण प्याज 55 से 60 रुपये प्रति किलो बिक रहा
- महंगा बिकने के कारण लोगों की जेब हो रही ढीली

निचलौल, हिन्दुस्तान संवाद। निचलौल क्षेत्र के बॉर्डर के बाजारों से इन दिनों प्याज की खेप नेपाल भेजी जा रही है। इससे भारतीय क्षेत्र में भी प्याज महंगी बिक रही है। नेपाल में प्याज जाने के कारण यहां के लोगों की जेब ढीली हो रही है।

बार्डर से सटे लक्ष्मीपुर खुर्द, शीतलपुर, रेगहिया, बहुआर के बाजारों से इन दिनों भारत से नेपाल भारी पैमाने पर प्याज की तस्करी होने से प्याज जनता को रुलाने लगी है। पिछले एक सप्ताह में प्याज की कीमत में प्रति किलो 10 से 15 रुपए की बढ़ोतरी हुई है। फुटकर में 30 से 35 रुपए प्रति किलो बिकने वाली प्याज इन दिनों 55 से 60 रुपये किलो बिक रही है। व्यापारी इसके पीछे मुख्य कारण पिछले दिनों पड़ी बेतहाशा गर्मी से आवक कम होना बता रहे हैं। उनका कहना है किआने वाले दिनों में प्याज का दाम और अधिक बढ़ सकता है। आलू प्याज के व्यापारी धर्मेन्द्र ने कहा कि इस समय प्याज के दाम 53 रूपये से 55 रुपए किलो थोक में बिक रहा है। वहीं ग्राहकों का कहना है कि पहले एक साथ पांच किलो प्याज खरीदारी करते थे। लेकिन अब एक किलो खरीदने में भी सोचना पड़ रहा है।

इधर प्याज की बढ़ती कीमतों को देखते हुए तस्कर बॉर्डर क्षेत्र से प्याज सरहद पार करा कर अच्छी कमाई कर रहे है। प्याज कुछ माह पहले इसके आधे दाम में बिक रही थी, अब वही प्याज 55 से 60 रुपए किलो बिक रही है।15 दिनों में अचानक भाव आसमान पर पहुंच गए हैं। एसओ निचलौल देवेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि बार्डर से नेपाल जाने वाले लोगों की नियमित चेकिंग की जा रही है।

# सुरक्षा के बीच गणेश प्रतिमा का विसर्जन

महराजगंज, निज संवाददाता। जिले में सोमवार की रात को गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए मूर्तियां बड़ी धूमधाम से निकाली गईं। इस मौके पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी और ढ़ोल-नगाड़े की धुन पर थिरकते हुए मूर्तियों को विसर्जन स्थल की ओर ले जाया गया।



नगर में सोमवार को गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए निकला जुलूस।

सुरक्षा की दृष्टि से स्थानीय प्रशासन ने व्यापक व्यवस्था की थी। शहर के विभिन्न हिस्सों में पुलिस बल तैनात था, और सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे ताकि किसी भी अप्रिय घटना से निपटा जा सके। गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान भक्तों की उत्सुकता और श्रद्धा दिखी, जबकि प्रशासन ने शांतिपूर्वक और व्यवस्थित तरीके से समारोह को संपन्न कराने के लिए अपने प्रयासों को सुनिश्चित किया। कोतवाल मनोज कुमार रॉय, नगर चौकी इंचार्ज विजय द्विवेदी पुलिस कर्मियों संग नगर के मुख्य चौराहा पर मुस्तैद दिखे। इस आयोजन ने धार्मिक भावनाओं की गहराई को और सुरक्षा की महत्वपूर्णता को दर्शाया। यह आयोजन न केवल धार्मिक उत्साह का प्रतीक था, बल्कि सामुदायिक समरसता और व्यवस्था के प्रति प्रतिबद्धता का भी प्रमाण था।

## यातायात नियमों के उल्लंघन में 257 वाहनों का चालान

महराजगंज : जिले की यातायात पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने के मामले में सोमवार को कुल 257 वाहनों का चालान किया है। यातायात प्रभारी एपी सिंह ने बताया कि यातायात नियमों के अनुपालन को लेकर लगातार कार्रवाई की जा रही है। यातायात नियमों के उल्लंघन के चलते अधिकतर सड़क हादसे हो रहे हैं। सुरक्षित सफर के लिए चालक यातायात नियामें का का जरूर पालन करें ।(जासं)

## जिले में शांतिभंग में 46 पर हुई कार्रवाई

महराजगंज : जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में शांति व्यवस्था के मद्देनजर सोमवार को पुलिस ने कुल 46 लोगों के विरुद्ध शांतिभंग की कार्रवाई की है ।अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह ने बताया कि विभिन्न मामलों में आरोपितों को चालान किया गया है। (जासं)

# चालकों की मनमानी यात्रियों पर पड़ रही भारी

जागरण संवाददाता, आनंदनगरः फरेंदा क्षेत्र की सड़कों पर इन दिनों धड़ल्ले से ओवरलोड वाहन दौड़ रहे हैं। चालकों की मनमानी इतनी अधिक बढ़ गई है कि नियमों को ताक पर रखकर वाहन चला रहे हैं। ट्रैक्टर-ट्राली पर ओवरलोड सीमेंट व अन्य सामान ढोया जा रहा है। जिस पर किसी भी जिम्मेदार की नजर नहीं पड़ रही है।

ऐसी स्थिति में कभी भी दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। बेखौफ दौड़ रहे ओवरलोड वाहनों से दुर्घटना हो सकती है। ज्यादा पैसा कमाने के चक्कर में वाहन चालक यातायात नियमों को ताक पर रखकर यात्रियों के जीवन को भी खतरे में डालने से बाज नहीं आ रहे हैं। ऐसा नहीं है कि पुलिस व यातायात विभाग के लोग को भी इसकी खबर नहीं है, लेकिन न जाने को महकमा सब कुछ जान कर भी अनदेखा कर रहा है। फरेंदा कस्बे के विष्णु मंदिर, आंबेडकर तिराहा, बरदहिया बाजार, सिविल रोड के पास से अक्सर ओवरलोड वाहन गुजर रहे हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। एआरटीओ विनय कुमार ने कहा कि यातायात नियम का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की जाएगी।

# फर्जी रसीद दिखा ई-रिक्शा ले जाने वाला गिरफ्तार

- आरटीजीएस की स्क्रीन शाट दिखा ले गया था चार वाहन
- धनराशि का भुगतान मांगने पर मोबाइल कर लिया था बंद

जागरण संवाददाता, कोठीभार (महराजगंज): सिसवा कस्बे के एक ई-रिक्शा कारखाने में डीलर बनने आए बिहार के एक युवक ने कम्पनी मालिक को फर्जी आरटीजीएस भुगतान का स्क्रीन शॉट दिखा कर चार ई-रिक्शा ले कर चला गया। इसके बाद अपना मोबाइल स्विच आफ कर लिया। खाता चेक करने के बाद भुगतान जमा न होने पर परेशान कंपनी मालिक ने थाने पहुंचकर अपनी शिकायत दर्ज कराई। उसके बाद जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है।

नगरवासी मुकेश कुमार,रितेश कुमार की चित्रगुप्त नगर में रीबैंड के नाम से ई-रिक्शा कारखाना है 28 अगस्त को शाम चार बजे बिहार प्रांत के वार्ड नंबर 31 रतनमाला थाना बगहा जनपद पश्चिमी चंपापरण का निवासी आदर्श कुमार कारखाने पर आया था। रितेश कुमार से डीलरशिप के लिए वार्ता करने लगा। सारी प्रक्रिया पूरी होने के बाद तीन ई-रिक्शा और एक माल ढोने वाली ई-लोडर वाहन को क्रय किया। चारों गाड़ियों की कीमत चार लाख 58 हजार रुपया का भुगतान अपने मोबाइल द्वारा आरटीजीएस के माध्यम से भुगतान करने का दावा करते हुए स्क्रीन शाट कंपनी मालिक के मोबाइल पर भेज दिया। मुकेश कुमार ने उस स्क्रीन शाट को बैंक में भेज कर पता किया तब पता चला कि खाते धनराशि नहीं आई, लेकिन बिहारी युवक अपने साथ लाए चालकों के साथ चारों गाड़ी लेकर चला गया। घटना के दूसरे दिन बैंक में जाकर पुनः पता किया गया तो भुगतान फर्जी था। जिसके बाद कंपनी मालिक ने फोन करना शुरू किया तो आरोपित बार बार बहाने बनाता रहा। उसने न धनराशि का भुगतान किया और न ही ई-रिक्शा वापस किया। उसके बाद मुकेश कुमार ने पुलिस को तहरीर दिया। शनिवार की रात मे सिसवा नगर चौकी के इंचार्ज बृजभान यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम आदर्श कुमार के घर पहुंचकर ई रिक्शा के साथ आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। बिहार न्यायालय से ट्रांजिट रिमांड लेकर रविवार को कोठीभार थाने लाया गया, जहां से सोमवार को उसे जेल भेज दिया गया।

**यह और अन्य खबरें देखें-**
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# 20 वर्ष पूर्व हुई हत्या मामले में दो को आजीवन कारावास

- भूमि विवाद को लेकर 26 जून को नदुआ से घर लौटते वक्त हुई थी रामनाथ की हत्या
- अपर सत्र न्यायाधीश पवन कुमार श्रीवास्तव की अदालत ने सुनाया फैसला



जागरण संवाददाता, महराजगंज : अपर सत्र जिला न्यायाधीश पवन कुमार श्रीवास्तव ने वर्ष 2004 में भूमि विवाद को लेकर चौक के बेलभरिया निवासी रामनाथ की हत्या मामले में दो आरोपितों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दोषसिद्ध आरोपितों कपिलेदेव व सुरेश को न्यायालय ने 25-25 हजार अर्थदंड से भी दंडित किया है।

चौक थाना क्षेत्र के बेलभरिया गांव निवासी रामनाथ यादव की उनके पड़ोसियों से लंबे समय से विवाद चल रहा था। 26जून को उसके ऊपर उस वक्त हमला हुआ था, जब वह अपने भांजे अमरनाथ के साथ नदुआ से अपने गांव साइकिल से जा रहा था। रास्ते में आरोपितों ने उसे घेर लिया और फरसा और लाठी डंडा से मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने इस मामले में दोनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने के बाद आरोपपत्र न्यायालय में दाखिल किया। विचारण के दौरान सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता संतोष कुमार मिश्रा ने गवाह और साक्ष्यों के आधार पर बहस करते हुए दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। जिसपर हत्या के मामले में बेलभरिया गांव निवासी कपिल देव और सुरेश को दोषी ठहराया गया है। न्यायाधीश ने दोनों दोषियों पर 25-25 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

# सीमा पर तस्करी का 25 बोरी चावल बरामद

ठूठीबारी : भारत– नेपाल सीमा के निकट एसएसबी रोड पर पुलिस ने गश्त के दौरान भरवलिया पुल के पास पगडंडी पर लावारिस 25 बोरी चावल बरामद किया । कोतवाली प्रभारी योगेंद्र कुमार ने बताया कि भरवलिया में तस्करी का 25 बोरी चावल बरामद किया गया है। जिसे कस्टम विभाग को सिपुर्द कर दिया गया। (जासं)

# इलाज के अभाव में सड़क पर तड़पकर मर गई बच्ची

## बगहा रेलवे अंडरपास के समीप की घटना, सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर छानबीन में जुटी

जागरण संवाददाता, नौतनवा : थाना क्षेत्र के ग्राम सभा बगहा स्थित रेलवे अंडरपास के समीप खेल रही तीन वर्षीय बच्ची की सोमवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

श्री उर्फ बिगाड़ु एवं उसकी पत्नी कुछ माह पूर्व बच्चों को छोड़कर कहीं चले गए थे। तभी से आसपास के ग्रामीण ही संजना आठ वर्ष, हनुमान पांच वर्ष तथा खुशी तीन वर्ष को भोजन-पानी करा दिया करते थे। बच्चे पूरे दिन बगहा स्थित रेलवे अंडरपास के समीप ही खेला करते थे और रात में मुड़िला स्थित श्मशान घाट पर मौजूद मंदिर पर सोने के लिए चले जाते थे। लोगों के मुताबिक सबसे छोटी बच्ची खुशी की पिछले एक सप्ताह से तबीयत खराब थी। इस बीच सोमवार की सुबह बगहा स्थित रेलवे अंडरपास के निकट खेलने के दौरान ही खुशी की मृत्यु हो गई। वरिष्ठ उपनिरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंचे ग्राम प्रधान एकरामुद्दीन से तहरीर लेकर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया।

- कुछ माह पूर्व अपने तीन बच्चों को छोड़कर कहीं चले गए थे स्वजन
- दिन भर इधर-उधर रात में श्मशान के पास मंदिर पर सोते थे बच्चे



घटनास्थल पर जांच-पड़ताल करते वरिष्ठ उपनिरीक्षक संजय कुमार • जागरण

### लावारिस मिले बच्चों को लेकर रवाना हुई बाल संरक्षण की टीम

जासं, नौतनवा : क्षेत्र के स्थानीय कस्बा एवं मुड़िला से लावारिस अवस्था में पाए गए तीन बच्चों को सोमवार की शाम जिला बाल संरक्षण अधिकारी मो. जकी अहमद के नेतृत्व में नौतनवा पहुंची केश वर्कर वन स्टाप सेंटर लक्ष्मी रावत एवं सामाजिक कार्यकर्ता गुड्डी शर्मा की टीम कागजी प्रक्रिया पूरी कर उन्हें अपने साथ लेकर रवाना हो गई। जानकारी के मुताबिक कस्बा नौतनवा में साक्षी तथा क्षेत्र के मुड़िला में संजना व हनुमान को लावारिस हालत में घूमता हुआ देख लोगों ने उन्हें नौतनवा पुलिस को सिपुर्द कर दिया था। सोमवार की शाम पुलिस की सूचना पर महराजगंज से बाल संरक्षण की एक टीम नौतनवा थाने पर पहुंची। जिला बाल संरक्षण अधिकारी मो. जकी अहमद ने बताया कि नौतनवा पुलिस की मौजूदगी में कागजी प्रक्रिया पूरी कर बच्चों को अपने संरक्षण में ले लिया है।



जिला बाल संरक्षण अधिकारी मो. जकी अहमद व टीम के साथ बच्चे • जागरण

# पांच गोवंशियों को पकड़कर गोसदन भिजवाया

जासं, नौतनवा : कस्बे में सोमवार की सुबह गोवंशीय पशुओं को पकड़ने के लिए नगर पालिका कर्मचारियों द्वारा अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान कस्बा क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों से कुल पांच गोवंशीय पशु (साड़) पकड़ में आए। अधिशासी अधिकारी राहुल यादव ने बताया कि अभियान के दौरान पकड़ में आए सभी गोवंशीय पशुओं को गोसदन भिजवा दिया गया।



नौतनवा में अभियान के दौरान गोवंशीय पशुओं को पकड़ते नपा कर्मी • जागरण

# हेरोइन रखने के दोषी को दो साल की सजा

अदालत से

महराजगंज। न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश त्वरित न्यायालय कोर्ट संख्या द्वितीय अभय प्रताप सिंह ने एनडीपीएस मामले में एक दोषी को दो वर्ष छह माह की सजा सुनाई है। साथ ही पांच हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। पत्रावली के अनुसार, अभियुक्त विशाल वर्मा अप्रैल 2022 को ग्राम धौरहरा क्षेत्र सोनौली में नौतनवा पुलिस ने पकड़ा था। उसके पास से 26 ग्राम अवैध हेरोइन बरामद किया था, जिसे वह बेचने के लिए ला रहा था। इसे रखने के लिए उसके पास कोई अधिकार पत्र नहीं था। अभियुक्त से बरामद हेरोइन 05 ग्राम से अधिक है। मामले में नौतनवा पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध हेरोइन बरामदगी के मामले में सोनौली थाने में अभियोग पंजीकृत कराया था। पुलिस ने इस मामले की जांच कर न्यायालय में अभियुक्त के खिलाफ आरोप पत्र प्रेषित किया था। अभियुक्त विशाल वर्मा अप्रैल 2022 से जिला कारागार में इस मामले में निरुद्ध है। संवाद

# गोरखपुर की मंडियों में खपाने को जा रही एक ट्रक चाइनीज लहसुन की खेप बरामद

जासं, नौतनवा : कस्टम विभाग की टीम ने सोमवार की शाम बिक्री के लिए गोरखपुर मंडी की तरफ जा रही एक ट्रक चाइनीज लहसुन की खेप को गोरखपुर-सोनौली राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित फरेंदा के पास से बरामद कर उसे जब्त कर लिया। जानकारी के मुताबिक नेपाल से तस्करी कर भारतीय सीमा में लाई गई चाइनीज लहसुन की खेप को सीमावर्ती क्षेत्र में मौजूद अवैध गोदाम में डंप कर रखा गया था। सोमवार की दोपहर लहसुन की खेप को एक ट्रक में लादकर उसे खपाने के लिए गोरखपुर की ओर रवाना किया गया। ट्रक जैसे ही नौतनवा क्षेत्र से रवाना हुई तो इसकी सूचना कस्टम विभाग को मिली। सूचना मिलते ही हरकत में आए कस्टम के अधिकारियों ने ट्रक का पीछा कर उसे गोरखपुर-सोनौली राजमार्ग पर फरेंदा हाईवे के पास से ही पकड़कर जब्त कर लिया और आवश्यक कार्रवाई के लिए नौतनवा पर लेकर चले गए।

# डीलर बनने आया युवक चार ई-रिक्शा लेकर फरार, 17 दिन बाद गिरफ्तार

## बिहार का रहने वाला है आरोपी, पुलिस ने उसके घर से पकड़कर भेजा जेल

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिसवा बाजार।** कस्बे के एक ई-रिक्शा कारखाने में डीलर बनने आए बिहार के एक युवक ने कंपनी मालिक को फर्जी आरटीजीएस स्क्रीन शॉट दिखाकर चार ई-रिक्शा लेकर चला गया। बैंक में पड़ताल के बाद मालिक को ठगी का पता चला।

17 दिन बाद पुलिस ने आरोपी को ई-रिक्शा के साथ गिरफ्तार कर लिया। केस दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। चित्रगुप्तनगर वार्ड निवासी मुकेश कुमार, रितेश कुमार की सिसवा बाजार कस्बे में ई-रिक्शा का कारखाना है। 28 अगस्त को अपराह्न चार बजे के करीब बिहार के वार्ड नंबर 31 रतनमाला थाना बगहा जनपद पश्चिमी चंपारण निवासी आदर्श कुमार कारखाना पर आया और रितेश कुमार से डीलरशिप के लिए वार्ता करने लगा।

प्रक्रिया पूरी होने के बाद तीन ई-रिक्शा और एक माल ढोने वाली ई-लोडर क्रय किया और चारों गाड़ियों की कीमत 4.58 लाख का भुगतान अपने मोबाइल द्वारा आरटीजीएस के माध्यम से भुगतान किया। स्क्रीन शॉट कंपनी मालिक के मोबाइल पर भेज दिया। मुकेश ने तत्काल उस स्क्रीन शॉट को बैंक में भेज कर पता किया। बैंक कर्मचारी ने बताया कि आरटीजीएस भुगतान खाते में कभी-कभी एक दो घंटे के बाद प्रदर्शित होता है। इसके बाद बिहारी युवक ने साथ लाए चालकों के साथ चारों गाड़ी लेकर चला गया।



कोठीभार थाने पर बरामद ई-रिक्शा के साथ आरोपी। स्रोत-पुलिस

घटना के दूसरे दिन जब बैंक में पता किया गया तो भुगतान फर्जी था। इसके बाद कंपनी मालिक ने फोन करना शुरू किया तो आदर्श कुमार बार-बार बहाने बनाता रहा और न पैसे का भुगतान किया और न ही ई रिक्शा वापस किया। इससे परेशान होकर मुकेश कुमार ने कोठीभार थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई।

शनिवार को सिसवा नगर चौकी इंचार्ज बृजभान यादव के नेतृत्व में पुलिस ने आदर्श कुमार के घर पहुंचकर ई-रिक्शा के साथ गिरफ्तार कर लिया। बिहार न्यायालय से ट्रांजिट रिमांड पर लेकर पुलिस ने पूछताछ के बाद आरोपी को सोमवार को जेल भेज दिया।

### नौकरी के नाम पर धोखाधड़ी, केस दर्ज

**महराजगंज।** नौकरी दिलाने के नाम पर एक युवक से 1.46 लाख रुपये की धोखाधड़ी कर ली गई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। खोखरी नवापार, थाना कैंपियरगंज, जनपद गोरखपुर निवासी विजय ने कोल्हुई थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि बकैनिहा टोला धोबाहवा थाना कोल्हुई निवासी अजीत चौहान ने नौकरी दिलाने के नाम पर उनसे 1.46 लाख रुपये ले लिए। काफी समय बाद भी नौकरी नहीं मिली।

आरोपी से रुपये मांगे तो वह टाल-मटोल करने लगा। आरोपी के घर जाने पर उसकी पत्नी गाली गलौज करती है। पुलिस ने अजीत के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है। संवाद

# हत्या में दो को आजीवन कारावास की सजा

**अदालत से**

25 जून वर्ष 2004 को जमीन के लिए हुई थी हत्या, 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर एक पवन कुमार श्रीवास्तव ने दो दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 25 हजार का जुर्माना लगाया है।

अभियोजन के अनुसार, बरगदवा थाना कोतवाली निवासी अमरनाथ यादव वर्तमान में अपने मामा के घर बेलभरिया रहते हैं। बताया मेरे नाना गया यादव की दो पत्नियां थी। पहली पत्नी से जगरनाथ यादव व दूसरी से मेरे मामा रामनाथ यादव थे। मेरी नानी बसंता देवी ने कुछ जमीन मामा के लड़कों के नाम कर दी थी।

इसी बात को लेकर काफी दिनों से मेरे मामा और जगरनाथ के बीच विवाद होता रहता था, जिसका मुकदमा चल रहा था।

इसमें मेरे मामा के पक्ष में फैसला आया था, जिसमें अभी मुकदमा चल रहा है। 25 जून वर्ष 2004 में अपने नाना रामनाथ यादव के साथ नंदुआ बाजार से साइकिल से आ रहा था। इसी दौरान जगरनाथ यादव, उनके बेटे कपिल देव व सुरेश यादव ने गंडासा व फरसा लिए घेर लिया। गाली गलौज देते हुए जानमाल की धमकी देने लगे। अभियुक्तों ने मेरे मामा के ऊपर गंडासा और फरसा से वार दिया था, जिससे वह जमीन पर बेहोश होकर गिर गए।

आसपास के लोगों ने घटना को देखा था। मामा के हत्या के मामले में कपिल देव यादव व सुरेश यादव निवासी भेलभरिया के विरुद्ध चौक पुलिस ने हत्या के मामले में अभियोग पंजीकृत किया था। हत्या का आरोप सिद्ध होने पर दोषी कपिल देव एवं सुरेश यादव निवासी भेलभरिया थाना चौक जनपद महराजगंज को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-17-09-2024

# यौमे पैदाइश पर हुई मजलिस, निकला ईद मिलादुन्नबी का जुलूस

**कलवारी/कुदरहा (एसएनबी)।** पैगम्बरे इस्लाम मोहम्मद साहब के जन्म दिन के मौके पर कुसौरा बाजार स्थित शिव चौराहे पर रजा ए मुस्तफा कमेटी की अगुवाई में जस्टिन अली दे मिलाद ऊननवी का कार्यक्रम किया गया। जिसकी अध्यक्षता डा. किताबुल्लाह और संचालन मौलाना इरशाद निजामी ने किया। जिसमें तमाम उलेमाओं ने तकरीर के जरिए हजरत सल्ललाहो अलाहिविसल्लम मोहम्मद साहब की अवाम के प्रति प्रेम, त्याग और इंसानियत की बातें बताई गई।

सोमवार को यौमे पैदाईश के पाक मौके पर कुसौरा बाजार स्थित शिव चौराहे पर इस्लाम के चाहने वालों की मौजूदगी में मुस्लिम धर्मगुरुओं द्वारा तकरीर की गई। मजलिस में मौलाना सईद अहमद नूरानी, मौलाना मोहम्मद फारूक अलीमी, मौलाना इरफान रजा, मौलाना जमशेद, मौलाना अब्दुल हफीज आदि ने संबोधित किया। मौलाना इजहारुल हक ने अपने पैगम्बर के जन्मदिन पर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला । इसी क्रम में मोटर साइकिल का जुलूस निकाला गया जो कुसौरा होते हुए लालगंज तक गया तत्पश्चात लालगंज से कलवारी होते हुए नगर के रास्ते बक्सर तक गया। बक्सर से पुनः कुसौरा पहुंचकर कार्यक्रम में शामिल हुआ। जहां पर मेजबान कमेटी द्वारा सबका खैर मकदम किया गया। डीजे की धुन पर थिरकते हुए पैदल व बाइक सवारों ने सरकार की आमद मरहबा, इस्लाम जिंदाबाद समेत कई धार्मिक नारे लगाए। तो वही पर इस्लामिक झंडे के साथ साथ तिरंगा लहराया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से विधायक महादेवा दूधराम, बस्ती सदर विधायक महेन्द्र नाथ यादव, , सपा के प्रदेश सचिव विजय विक्रम आर्या, निजामुद्दीन, डा. किताबुल्लाह, अनिल भारती, सफतुल्लाह खान, निसार अहमद, बरकत अली, अशफाक अहमद, मोहम्मद शमीम, अनवारुल हक के अलावा अकीदतमंद अब्दुल रब, मुमताज अली, इरशाद अहमद, हाफिज कयामुद्दीन, मौलाना आजाद अहमद, जमशेद अहमद, समसुलहक, जाकिर हुसैन, मोहम्मद शमीम, रिजवान उल मुस्तफा, गुलाम अहमद रजा, एजाज अहमद, अब्बास अली, मोहम्मद रजा, जावेद मास्टर, जुनैद अहमद, जाबिर हुसैन, मेराज अहमद, हैदर अली, शहीद राजा, सदरुद्दीन, प्रधान नूर मोहम्मद , फरीद अहमद, अरुण कुमार, शेर मोहम्मद, निसार अहमद सहित तमाम हजरत मौजूद रहे।

**कुदरहा प्रतिनिधि** के अनुसार कुदरहा विकास क्षेत्र में इस्लाम के आखिरी पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के यौमे पैदाइस (जन्म दिन) के अवसर पर मदरसा अरबिया कादरिया रिजविया वजहुल उलूम जिभियाँव में नौजवान कमेटी के नेतृत्व में शिक्षक छात्र-छात्राओं द्वारा जुलूस निकाल कर अपने ईद मिलादुन्नबी मनाया गया। जुलूस में क्षेत्र के अन्य लोगो भी शामिल हुए। धर्म गुरुओं ने मोहम्मद साहब के जीवन आदर्शों पर भाषण दिया। जुलूस क्षेत्र के जिभियांव कुदराहा के विभिन्न गाँव में भ्रमण के बाद कुसौरा बाजार में जलसे में शामिल हुआ। इस्लाम के आखिरी नबी हजरत मोहम्मद साहब का जन्म 21 अप्रैल 571 ई और अरबी महीने के रबीउल अव्वल की 12 तारीख को सोमवार के दिन भोर में हुआ था। इस्लाम के मानने वाले रबीउल अव्वल का महीना शुरू होते ही घरों पर झंडे लगाते हैं। जुलूस निकालने वाले रास्तो की सजावट करते हैं। सोमवार को अकीदत मन्दो ने जुलूसे मोहम्मदी निकाल कर जन्मदिन मनाया। जुलूस में गाड़ियों पर मक्का और मदीना का प्रतीक बनाकर लगाया गया था। मदरसा अरबिया कादरिया रिजविया वजहुल जिभियांव से निकले जुलूस का कुदराहा में शादाब रजा के नेतृत्व में स्वागत किया गया। जुलूस में शामिल सभी लोगो को जलपान कराया गया।क्षेत्र के माना जनवाल छरदही धन्हवा के जुलूस कुसौर बाजार के शिव चौराहे पर पहुँच कर जलसे में तब्दील हो गया।





**बस्ती : मजलिस में तकरीर करते मौलाना मुफ्ती अख्तर हुसैन व मजलिस में मौजूद आम अवाम।**

# गणेश जागरण में झूमें श्रद्धालु

**छावनी(एसएनबी)।** बभनगावां में रविवार को श्री गणेश जागरण का आयोजन किया गया। भजन गायक नवीन पाण्डेय तथा उनकी मंडली द्वारा प्रस्तुत गीतों पर श्रद्धालु देर रात तक थिरकते रहे।कलाकारो द्वारा भगवान गणेश तथा राधा कृष्ण की मनमोहक झांकी निकाली गई। नरेन्द्र सिंह एवं सुदामा देवी ने पूजन- अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस मौके पर दिनेश सिंह, विपुल सिंह, मनीष, अनुराग, सविता, अमित सिंह, आलोक, चंदन, अर्पित सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



कलाकारों द्वारा निकाली गई झांकी ।

# पति ने महिला व बच्चों को पीटा, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** एक महिला व उसके बच्चो को पति तथा ससुर ने मिलकर गालियां देते हुए मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने अभियुक्तोंपर मुकदमा दर्ज किया है। रूधौली थानान्तर्गत मुगरहा गांव की रहने वाली फूलमती ने पुलिस को बताया कि उसकी बेटी खुशबू व बेटा सत्येन्द्र को पति महेन्द्र व ससुर खेलावन ने मिलकर गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित फूलमती पत्नी महेन्द्र गुप्ता निवासिनी मुगरहा थाना रूधौली की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी महेन्द्र पुत्र राम खेलावन, राम खेलावन पुत्र टोलई निवासीगण मुगरहा थाना रूधौली के विरुद्ध धारा 115(2), 352, 351(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# पुरानी रंजिश में मारपीट, चार नामजद

**बस्ती (एसएनबी)।** सोनहा थानान्तर्गत सल्टौआ गोपालपुर गांव में पुरानी रंजिश को लेकर सुजीत कुमार राना को विपक्षी परशुराम यादव द्वारा गालियां दी जा रही थी। जिसपर सुजीत ने उन्हें ऐसा करने से रोका तो परशुराम यादव व उसके परिवार के लोगो ने एकराय होकर पिटाई करने के साथ ही जान से मारने की धमकी दिया। मामले में पीड़ित सुजीत कुमार राना पुत्र अनिल कुमार राना ग्राम सल्टौआ गोपालपुर थाना सोनहा, की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी परशुराम यादव, भरतराम, संतराम यादव उर्फ झिक्की पुत्रगण राजाराम, राजाराम यादव निवासीगण सल्टौआ गोपालपुर थाना सोनहा के विरुद्ध धारा 115(2), 351(2), 352 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# बकाया मांगने पर युवक की पिटाई, मुकदमा दर्ज

**बस्ती (एसएनबी)।** बकाया पैसा वापस मांगने पर एक युवक को विपक्षी द्वारा गालियां देते हुए पिटाई की गयी और जान से मारने की धमकी दिया। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अभियुक्त पर मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत कैली अस्पताल गेट के बाहर अमित सेन अपना बकाया पैसा विपक्षी रवि से मांगने लगा। जिसपर रवि ने अमित को गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित अमित सेन उर्फ मुन्ना पुत्र श्रीराम सरन मोहल्ला विशुनपुरवा थाना कोतवाली की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी रवि पुत्र दीनानाथ निवासी सुपेलवा थाना कोतवाली के विरुद्ध धारा 115(2), 352, 351(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आने से महिला की मौत पर केस

**बस्ती (एसएनबी)।** रूधौली थानान्तर्गत गिधार गांव के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की चपेट में आकर रूधौली बाजार जा रही केवलधारी निवासिनी अरदा गम्भीर रूप से जख्मी हो गयी। स्थानीय लोगो की मदद से परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान केवलधारी की मौत हो गयी। मामले में मृतका के पुत्र रामवृक्ष पुत्र रामचरन ग्राम अरदा थाना रूधौली की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चालक के विरुद्ध धारा 281, 106 बीएनएस व 184 एमवी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। इसी प्रकार से थानाक्षेत्र के करमहिया पुल के पास अखिलेश कुमार अपने हीरो एचएफ डीलक्स यूपी 58 वी/ 6056 से घर जाते समय अज्ञात वाहन द्वारा ठोकर मार लग जाने से गम्भीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें आप पास के लोग ने सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र रूधौली पहुंचाया। जहां पर डाक्टर द्वारा इलाज के दौरान मृत्यु घोषित कर दिया।

# आपसी विवाद को लेकर पिटाई, एफआईआर

**बस्ती (एसएनबी)।** आपसी विवाद की बात को लेकर विपक्षियों ने घात लगाकर एक व्यक्ति को रास्ते में रोक लिया और गालियां देते हुए पिटाई की। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अभियुक्तो पर मुकदमा दर्ज किया है। मुण्डेरवा थानाक्षेत्र केऊंचगांव निवासी शैलेन्द्र कुमार ओड़वारा बाजार से मुण्डेरवा की तरफ आ रहे थे। जैसे ही वह कुसम्हा चौराहा के पास पहुंचे कि घात लगाकर बैठे कैलाशनाथ पाण्डेय व शिवम उर्फ डिम्पी द्वारा रोक लिया गया और गालियां देते हुए मारने पीटने लगे। इस दौरान मौके पर रामसजीवन पुत्र झिनकान व प्रमात्मा चौधरी, ऋषिमुनि तथा अन्य आस पास के लोगो द्वारा बीच बचाव करने पर विपक्षीगण जान से मारने की धमकी देते हुए चले गये। मामले में पीड़ित शैलेन्द्र कुमार पुत्र राजेन्द्र राय ग्राम ऊंचगांव थाना मुण्डेरवा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी कैलाश नाथ पाण्डेय पुत्र काशी प्रसाद पाण्डेय, शिवम उर्फ डिम्पी पुत्र अखिलेश पाण्डेय निवासीगण ग्राम उचगांव थाना मुण्डेरवा के विरुद्ध धारा 115(2), 352, 351(2), 127(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# टेंपो की ठोकर से बुजुर्ग घायल

**रुधौली (एसएनबी)।** वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के सरैया गांव के पास साइकिल सवार 68 वर्षीय बुजुर्ग को टेंपो की ठोकर से घायल हो गया।जिन्हें निजी वाहन से जिला अस्पताल भेजा गया। वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के खरहरा के रामबरन चौहान पुत्र शिवनाथ जो किसी काम के लिए से बस्ती रुधौली की तरफ जा रहे थे कि पीछे से आ रहे अनियंत्रित टेंपो की ठोकर से बुरी तरह घायल हो गए ,मौका देख टेंपो चालक टेंपो लेकर फरार हो गया ।मौजूद लोगों द्वारा घटना की जानकारी उनके स्वजन को दिया। स्वजन द्वारा आनन -फानन में जिला अस्पताल ले गए।

# घुमंतू जानवरों से चौपट हो रही फसल

**बस्ती (एसएनबी)।** कुदरहा ब्लाक के बानपुर क्षेत्र में इस समय घुमंतू जानवरों ने डेरा जमा रखा है। जिससे किसानों की खड़ी अच्छी खासी फसल चौपट हो जा रही है। किसान इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए गौशालाओं से लेकर वन विभाग व जिला मुख्यालय पर गुहार लगा रहे हैं लेकिन उनकी सुधि लेने वाला कोई नहीं है। कुदरहा ब्लाक के बानपुर, जिभियांव, कल्यानपुर व आसपास के गांवों में महीने भर से बड़ी संख्या में घुमंतू जानवर आ गए हैं। यह दिन-रात खेतों में घूमते रहते हैं। दिन में तो किसान उन्हें भगा देते हैं लेकिन रात में वह फिर आ जाते हैं। जिससे धान की तैयार हो रही फसल नुकसान हो जा रही है। क्षेत्र के किसान अजय बहादुर पाल, राकेश सिंह, पवन कुमार चौधरी, उमाकान्त दूबे, तरुण वर्मा, जोखन पाल व धर्मवीर सिंह आदि ने बताया कि हम लोगों ने इसके लिए आसपास के गौशालाओं और वन विभाग के अधिकारियों से संपर्क किया लेकिन कोई निजात नहीं मिल पाई। बताया कि जिला प्रशासन से भी शिकायत की गई लेकिन नतीजा शून्य रहा। अगर प्रशासन कोई कदम नहीं उठाएगा तो मजबूरन विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

# पति व ससुर के खिलाफ मारपीट का मुकदमा

**बस्ती।** रुधौली पुलिस ने पति व ससुर पर मारपीट के मामले में केस दर्ज किया है। इसी थाने के मुगरहा निवासी फूलमती देवी का आरोप है कि उनके पति महेन्द्र, ससुर राम खेलावन ने उन्हें, उनके बेटे सत्येन्द्र व बेट खुशबू को अपशब्द कहते हुए मारपीट कर जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

# कुसम्हा चौराहे पर रोक कर मारापीटा, मुकदमा दर्ज

**बस्ती।** मुंडेरवा थाने के कुसम्हा चौराहे पर हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है। इसी थाने के उचगांव निवासी शैलेन्द्र कुमार ने तहरीर में बताया है कि वे ओडवारा से मुंडेरवा बाजार जा रहे थे। रास्ते में कुसम्हा चौराहे के पास घात लगाकर खड़े विपक्षियों ने उन्हें रोक लिया। अपशब्द कहते हुए मारने-पीटने लगे। यह देख कुछ बीच-बचाव के लिए आ गए। जाते-जाते जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने उचगांव निवासी कैलाशनाथ पांडेय, शिवम उर्फ डिम्पी के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# अस्पताल गेट के बाहर मारापीटा, केस दर्ज

**बस्ती।** कोतवाली पुलिस ने कैली अस्पताल गेट के बाहर मारपीट के मामले में केस दर्ज किया है। विशुनपुरवा निवासी अमित सेन उर्फ मुन्ना ने तहरीर में आरोप लगाया है कि वह अपना बकाया रुपया मांगने विपक्षी के घर पर गए थे। इससे नाराज होकर विपक्षी ने कैली अस्पताल गेट पर अपशब्द कहते हुए मारपीट कर धमकाया और भाग निकला। पुलिस ने सुपेलवा निवासी रवि के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# सर्पदंश से बिगड़ी महिला की हालत, मौत

**कप्तानगंज।** थानाक्षेत्र के रतासी गांव में 35 वर्षीय महिला को सर्प ने डंस लिया। इससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन सीएचसी कप्तानगंज पहुंचे, जहां हालत गंभीर देखकर चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल ले जाते समय महिला ने रास्ते में दम तोड़ दिया। महिला की पहचान चंद्रकान्ति 35 वर्ष पत्नी चंद्रप्रकाश निवासी रतासी थाना कप्तानगंज के रूप में हुई। महिला के मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# बाइकों की भिड़ंत में दोनों चालक घायल

**सल्टौआ।** वाल्टरगंज थानाक्षेत्र के लक्ष्मनपुर गांव के पास दो बाइकों की भिड़ंत में दोनों सवार घायल हो गए। सोनहा थानाक्षेत्र के कंथुई गांव निवासी मुकेश कुमार बाइक से बस्ती की तरफ से घर आ रहे थे। अभी वह लक्ष्मनपुर गांव के पास पहुंचे थे कि सामने से आ रहे बाइक सवार से भिड़ंत हो गई। हादसे में मुकेश को सिर व पैर में गहरी चोट लगी है। मौके पर पहुंचे डायल 112 के कर्मियों ने मुकेश को जिला अस्पताल भेजा। दूसरे घायल शराफत अली निवासी बेलहरा थाना वाल्टरगंज को पीएचसी सल्टौआ भेजा।

# पिकअप की ठोकर से युवक घायल

**घघौवा।** छावनी थानाक्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार की देर शाम करीब चार बजे अयोध्या-बस्ती लेन पर तेज रफ्तार पिकअप की ठोकर बाइक सवार युवक घायल हो गया। घायल की पहचान छावनी थानाक्षेत्र के धिरौली पाण्डेय निवासी गौरव पाण्डेय के रूप में हुई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी विक्रमजोत पहुंचाया। चौकी प्रभारी विक्रमजोत रितेश सिंह ने बताया कि दुर्घटना में घायल का इलाज कराकर घर भेज दिया गया है।

# मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज

गौर। पुलिस ने मारपीट के मामले में केस दर्ज किया है। थानाक्षेत्र के सुल्तानपुर निवासी आदर्श तिवारी ने आरोप लगाया है कि शिवाघाट प्राइमरी विद्यालय के पास शनिवार को विपक्षियों ने मारपीट कर जानमाल की धमकी दी। थाना प्रभारी रामकुमार राजभर ने बताया कि तहरीर के आधार पर तीन नामजद व अन्य अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी गई है।

# ऑटो की ठोकर से बुजुर्ग घायल, अस्पताल भर्ती

साऊंघाट। वाल्टरगंज थानाक्षेत्र के सरैया निवासी एक बुजुर्ग हादसे में घायल हो गए। भादी खरहरा निवासी रामबरन चौहान किसी काम से बस्ती से रुधौली की तरफ जा रहे थे। गांव के पास ऑटो रिक्शा ने उन्हें ठोकर मार दी। हादसे के बाद ऑटो लेकर चालक भाग निकला। सूचना पर पहुंचे परिजन आनन-फानन में प्राइवेट वाहन से उन्हें जिला अस्पताल ले गए।

# शानो-शौकत के साथ निकली जुलूसे मोहम्मदी

**हर्रैया(एसएनबी)।** पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन के अवसर पर मुस्लिम समाज द्वारा धूमधाम से जुलूस निकाला गया।इस दौरान थानाध्यक्ष राणा डी पी सिंह अपने हमराहियों के साथ सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहे।

जामा मस्जिद हर्रैया में सोमवार को प्रातः नौ बजे भारी संख्या में क्षेत्र के मुस्लिम समाज के लोग इकट्ठा हुए।वहाँ से जुलूस निकाल कर मुख्य कस्बे से होते हुए बभनान रोड पर पहुंचे वहां से उसी रास्ते वापस जामा मस्जिद, गल्ला मंडी, मुरादीपुर चौराहा, रणजीत सिंह द्वार होते हुए जुलूस वापस जामा मस्जिद पहुँच कर समाप्त हुआ।



हर्रैया कस्बे में निकाला गया जुलूस और पुरैना में झण्डी दिखाकर जुलूस को रवाना करते विधायक।

दुबौलिया प्रतिनिधि के अनुसार पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मुस्लिम समाज के द्वारा बड़े ही धूमधाम और अकीदत के साथ दुबौलिया सहित अन्य कस्बों एवं बाजारो में जुलुसे ए मोहम्मदी निकाला गया।उस दौरान मुस्लिम समाज में खासा उत्साह देखा गया।गौरतलब है कि इस्लामिक कैलेंडर के मुताबिक रजब माह के बारह रबीउल अव्वल को पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब का जन्म हुआ था। मुस्लिम समाज के द्वारा पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्मदिन को जश्ने ईद मिलादुन्नबी के रूप में मनाते हैं।सुबह से कस्बों में लोगों में उत्साह देखा गया। सिसौनी, खुशहालगंज, विशेपरगंज, गोकुलपुर, रानीपुर लाद, बभरौली, निदूरी ,सेमरा , बसंतपुर, बैरागल सहित अन्य स्थानों पर लोगों ने बड़े ही अकीदत के साथ जुलूस निकला।दोपहर में आस पास के क्षेत्रों से आया जुलूस दुबौलिया में एकत्रित हो कर रामजानकी मार्ग से बैरागल मदरसे पर पहुंचा।जहां पर फतेहाखानी के बाद जुलूस वापस रामजानकी मार्ग से होते हुए दुबौलिया मदरसे पर वापस पहुंचा।वहाँ सिन्नी तकसीम के बाद लोग अपने घरों को लौट गए। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग हाथों में झंडा,परचम,लिए मोहम्मद की सदाये बुलंद करते हुए चलः रहे थे। दुबौलिया कस्बे के मुस्लिम वेलफेयर के सदस्यों के लोगों ने जगह जगह लोगों के जलपान एवं आवागमन की व्यवस्था में लगे रहे।ः वही दुबौलिया पुलिस द्वारा इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था में तैनात नजर आये। इस दौरान मौलाना मोहम्मद अकरम, कारी इम्तियाज अहमद , फरीद अहमद, , कैश मोहम्मद, नबी मोहम्मद, इकबाल अहमद, मोहम्मद अकरम, हैदर अली, सहित हजारों लोग मौजूद रहे।ः

बभनान प्रतिनिधि के अनुसार पैकोलिया थाना क्षेत्र के पुरैना खास गांव में मोहम्मद साहब का जन्मदिन समारोह आयोजित कर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कप्तानगंज के विधायक कवीन्द्र चौधरी उर्फ अतुल रहे।

गांव में मुख्य अतिथि के आते ही भारी संख्या मे ग्रामीणो ने फूल माला पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया। तत्पश्चात विधायक ने हरी झंडी दिखाकर जुलूस को रवाना किया ।जुलूस पुरैना खास गांव के मदरसे से निकाला जो गढ़या , यादव पूरवा ,धीरनपुर मोड , हसीनाबाद बजार होते हुए पकड़ी जप्ती गांव के मस्जिद पर जाकर समाप्त हुआ। ग्राम प्रधान मोहम्मद सलीम उर्फ कल्लू सपा नेता रोहिताश्व सिंह उर्फ नीलू, सूरज सिंह, जानकी सिंह ,राकेश विश्वकर्मा ,सिराज अहमद ,चांद बाबू, मोहम्मद फारूक, मोहम्मद गुलाम, रियाज अहमद, लाल बाबू, सलाहुद्दीन, रियाज अहमद, कलीमुद्दीन, शाहिद हुसैन, मेराज अहमद, आदि सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष एवं बच्चे बुजुर्गो जुलूस मे शामिल रहे।सुरक्षा के दृष्टिगत थानाध्यक्ष पैकोलिया संजू यादव व चौकी प्रभारी दिलीप सोनी अपने हमराहियो के साथ मौजूद रहे।

# जंगली जानवर मिलने पर गोरखपुर प्राणि उद्यान की मदद लेगा वन विभाग

बस्ती, निसं। जिले में किसी भी जंगली जानवर के निकलने पर गोरखपुर की मदद ली जाएगी। वहां पर स्थित शहीद अशफाक उल्ला खां प्राणि उद्यान के डॉक्टरों की मदद से जानवरों ट्रेंक्यूलाइज किया जाएगा। यह आख्या वन विभाग ने डीएम को दी है।

वन विभाग ने कप्तानगंज थानाक्षेत्र के ऐंठीडीह में भेड़ियों का झुंड देखने जाने पर डीएम को हालात की जानकारी दी। विभाग ने बताया कि ऐंठीडीह में भेड़ियों का झुंड नहीं, सियार का झुंड था। यह रिपोर्ट कप्तानगंज रेंज के वन कर्मियों की जांच बाद आई है। जांच में कोई भेड़िया नहीं मिला। मौके पर जाकर प्रधान व ग्रामीणों को बताया गया कि रात्रि में घर से बाहर नहीं निकले। कोई व्यक्ति घर के बाहर नहीं सोए। रात्रि में बाहर निकलना आवश्यक हो तो लोग झुंड में निकलें। भेड़ियों को लेकर वन कर्मियों को लगातार अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण करने का निर्देश दिया गया है। ग्रामीणों और प्रधानों को भेड़िया और सियार के अंतर को भी बताया जा रहा है।

# तीन पर मारपीट व धमकी केस दर्ज

हरैंया। हरैंया थानाक्षेत्र करनपुर गांव निवासी रेखा देवी पत्नी सत्यप्रकाश ने पुलिस को दी गई। तहरीर में आरोप लगाया कि रविवार को सुबह साढ़े छह बजे गांव राजकुमार उनकी पत्नी मालती पुत्री पूजा ने उनके दीवार किनारे जबरदस्ती गद्डा खोदने लगे। मना करने पर मारने-पीटने लगे। घटना देखकर बीचबचाव करने पहुंची उनकी ननद सुशीला व जेठान झिन्ना देवी व बेटे शुभम को पीटकर घायल कर दिया।

पुलिस ने आरोपित राजकुमार, मालती व पूजा के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# बालिका लापता

गौर। थानाक्षेत्र गौर स्थित कर्मा गांव निवासी एक बालिका लापता हो गई है। 10 वर्षीय माजदा खातून की घरवालों ने काफी खोजबीन की, लेकिन पता नहीं चला। बालिका की मां शहनाज ने गौर पुलिस को तहरीर देकर तलाशने की मांग की है।

थाना प्रभारी रामकुमार राजभर ने बताया कि तहरीर पर सूचना दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी गई है।

# किराने की दुकान का ताला तोड़कर चोरी

**दुस्साहस**

- जिले के कप्तानगंज थाना क्षेत्र के रमवापुर चौराहे की है घटना
- करीब 25 हजार रुपये के सामान उठा ले गए चोर, क्षेत्र में दहशत



किराने की दुकान में चोरी की घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस। ● हिन्दुस्तान

**कप्तानगंज, हिन्दुस्तान संवाद।** कप्तानगंज थानाक्षेत्र में फोरलेन के किनारे रमवापुर चौराहे पर स्थित किराने की दुकान में ताला तोड़कर चोरी की वारदात सामने आई है। रविवार की देर रात दुकान में घुसे चोर साबुन, तेल सहित तकरीबन 25 हजार रुपये का किराने का सामान उठा ले गए। बगल में स्थित दो गुमटियों के ताले भी टूटे मिले, लेकिन वहां से कुछ चोरी नहीं हुआ है। सोमवार की सुबह घटना की जानकारी दुकानदार को हुई।

बताया जा रहा है कि इसी थानाक्षेत्र के रमवापुर गांव निवासी राजाराम यादव ने रमवापुर चौराहे पर लोहे की गुमटी में किराने की की दुकान चलाते हैं। रोज की तरह रविवार की देर रात दुकान बंद कर घर चले गए। सोमवार की सुबह जब दुकान खोलने पहुंचे तो देखा कि दुकान का ताला टूटा था और अंदर रखा अधिकतर सामान चोरी हो चुका था। चोरों ने किराने के सभी कीमती सामानों पर हाथ साफ कर दिया। इस दुकान के बगल में स्थिति दो अन्य गुमटियों का भी ताला तोड़ा गया था, लेकिन यहां से चोरों के हाथ कुछ नहीं लगा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की। प्रभारी निरीक्षक कप्तानगंज दीपक दुबे ने बताया कि जांच-पड़ताल कर चोरों का सुराग लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

## पति व ससुर पर मारपीट का केस

**बस्ती।** रुधौली पुलिस ने पति व ससुर पर मारपीट के मामले में केस दर्ज किया है। मुगरहा निवासी फूलमती देवी का आरोप है कि उनके पति महेंद्र, ससुर राम खेलावन ने उन्हें, उनके बेटे सत्येंद्र व बेटी खुशबू को अपशब्द कहते हुए मारपीट कर जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। संवाद

# मारपीट के दो दोषियों को तीन साल की सजा

**अदालत से**

**बस्ती।** एसीजेएम द्वितीय अर्पिता यादव की कोर्ट ने मारपीट के मामले में जगतपाल सिंह और अमर सिंह निवासी पचवस थाना छावनी को तीन वर्ष की सजा और प्रत्येक को छह हजार के अर्थदंड से दंडित करने का आदेश दिया है। अर्थदंड जमा न करने पर 25 दिन अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी। पचवस गांव निवासी हरदीन सिंह ने जमीन के विवाद में मापीट की तहरीर देकर केस दर्ज कराया था। न्यायालय ने शंकर सिंह, अमर सिंह उर्फ बब्बू सिंह, मंगल सिंह तथा जगतपाल सिंह के विरूद्ध आरोपपत्र दाखिल किया। विचारण के दौरान शंकर सिंह व मंगल सिंह की मृत्यु हो गई। न्यायाधीश ने दोनों तरफ से तर्क सुनने के बाद जगतपाल सिंह व अमर सिंह को सजा सुनाई। संवाद

# 33 साल के बाद आया मारपीट के केस में फैसला

बस्ती। एसीजेएम द्वितीय अर्पिता यादव की अदालत ने मारपीट के 33 साल पुराने मामले में फैसला सुनाया है। अदालत ने मामले के आरोपी दो लोगों को तीन वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने दोनों पर छह-छह हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड नहीं देने पर 25 दिनों की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। लम्बी चली मुकदमें की कार्रवाई के दौरान दो आरोपितों की मौत हो चुकी है।

अभियोजन अधिकारी के अनुसार घटना छावनी थानाक्षेत्र के ग्राम पचवस की है। इसी गांव के हरदीन सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा था कि गांव के शंकर सिंह, अमर सिंह उर्फ बब्बू सिंह, मंगल सिंह व जगतपाल सिंह उसकी जमीन में मूजा रख रहे थे। मना करने पर गाली देने लगे। इसके बाद लाठी-डंडे से मारे-पीटे। मारपीट में वादी मुकदमा व उसके पुत्र बैजनाथ सिंह को चोटें आई थीं। पुलिस ने चारों आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आरोप-पत्र अदालत में दाखिल किया था। दौरान मुकदमा अभियुक्त शंकर सिंह व मंगल सिंह की मृत्यु हो गई। दोनों पक्षो की बहस सुनने के बाद अदालत ने अमर सिंह व जगतपाल सिंह को दोषी पाते हुए दंडित किया है।

# ग्राम प्रधान और देवर पर जालसाजी का केस दर्ज

- हर्रैया थानाक्षेत्र के सहसरांव गांव का मामला
- बाद में अपने नाम से लड़ा ग्राम प्रधानी का चुनाव

हर्रैया, हिन्दुस्तान संवाद। न्यायालय के आदेश पर सहसरावं की ग्राम प्रधान मीरा देवी के पति की मौत के बाद परिवार रजिस्टर में अपने नाम में हेराफेरी कर देवर प्रेमप्रकाश की पत्नी सुमन अंकित कराने के मामले में हर्रैया पुलिस ने दोनों पर धोखाधड़ी और जालसाजी सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है।

हर्रैया थानाक्षेत्र के सहसरावं की किरन देवी पत्नी ओमप्रकाश ने न्यायालय में याचिका दायर कर आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत सहसरावं की ग्राम प्रधान मीरा देवी के पति सुरेंद्र कुमार की मृत्यु 1994 हो गई थी। कुछ दिन बाद मीरा देवी अपने देवर प्रेमप्रकाश के साथ उनकी पत्नी बनकर रहने लगीं। इसके बाद परिवार रजिस्टर में अपना असली नाम छुपाकर देवर की पत्नी बनकर अपना नाम सुमन अंकित करा लिया। एक अप्रैल को 2001 को मीरा देवी को एक संतान पैदा हुआ, जिसका नाम अजय वर्मा रखा है। मीरा देवी ने प्रधान पद लेने व सरकारी धन दुरूपयोग के लिए दोनों ने ब्लाक अधिकारियों व कर्मचारियों को मिलाकर परिवार रजिस्टर में सुमन नाम अंकित करा रखा है। वर्ष 2021 में मीरा देवी ग्राम प्रधान निर्वाचित हुई थीं। जबकि 17 अप्रैल 2021 को ग्राम प्रधान पद नामांकन-पत्र में उन्होंने अपने पति का नाम सुरेंद्र कुमार लिखा है। पुलिस ने ग्राम प्रधान मीरा देवी व देवर प्रेमप्रकाश के विरुद्ध धोखाधड़ी व जालसाजी सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है। इस संबंध में हर्रैया थाना प्रभारी निरीक्षक डीपी सिंह ने बताया कि न्यायालय आदेश पर ग्राम प्रधान मीरा देवी व देवर प्रेमप्रकाश विरुद्ध विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है।

# कट्टे से फायर और लूटपाट में आठ पर केस

बस्ती। गौर पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आठ लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोप है कि भूमि विवाद को लेकर कट्टे से फायरिंग करने के साथ ही अलमारी से नकदी भी जबरन निकाल लिया गया। घटना की जांच थाने के एसआई विनय प्रताप सिंह को सौंपी गई है।

इसी थाने के अम्बरपुर निवासी अशोक कुमार ने तहरीर में बताया है कि इसी साल 21 जून को विपक्षी भूमि विवाद को लेकर एकराय होकर लाठी-डंडे हाथ में लेकर घर में घुस गए और मारपीट की। विरोध करने पर अपशब्द कहते हुए जान से मारने की नीयत से कट्टे से फायर दिया। इसके बाद अलमारी में रखा 54 हजार रुपया जबरन निकाल ले गए। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर इसी गांव के परशुराम, राकेश कुमार, राजेश कुमार, सावित्री देवी, प्रमिला देवी, रीता देवी, प्रीति देवी और गोंडा के छपिया थानांतर्गत भईगांव निवासी फूलचंद्र के खिलाफ जानलेवा हमला, लूटपाट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



विक्रमजोत कस्बे के पास बीड़ी तटबंध पर भेड़िए की आशंका में चौकसी बरतते ग्रामीण।

# बकरी को उठा ले गया जंगली जानवर, भेड़िए की आशंका

## दहशत

**घघौवा, हिन्दुस्तान संवाद।** छावनी थानाक्षेत्र के अकवारा गांव में रविवार की रात अनवर अहमद के बरामदे में बंधी एक बकरी को जंगली जानवर उठा ले गया। बकरी के चिल्लाने की आवाज सुनकर घरवाले जग गए। परिजनों के शोर मचाने पर जुटे गांववालों ने अंधेरी रात में बकरी के चिल्लाने की आवाज सुनते हुए जंगली जानवर का पीछा गया। साथ ही ग्रामीणों ने लकड़बग्घा/भेड़िया होने की आशंका भी जताई।

बकरी को लेकर नहर किनारे अधमरी हालत में छोड़कर जानवर झाड़ियों में छुप गया। काफी देर तक ग्रामीण वहीं जमे रहे। लेकिन किसी कि भी झाड़ियों में घुसने की हिम्मत नहीं हुई। देर रात सूचना पर पुलिस भी पहुंची। सावधानी बरतते हुए ग्रामीणों को सुरक्षित अपने अपने घरों को वापस भेजा। सुबह फिर कुछ युवा ग्रामीणों ने नहर किनारे झाड़ियों में सर्च अभियान चलाया, लेकिन जंगली जानवर का पता नहीं चल सका। क्षेत्र पंचायत सदस्य कलाम अहमद ने बताया कि लोग अपने छोटे बच्चों और बकरी, मुर्गी सहित पालतू पशुओं को बंद स्थानों पर रख रहे हैं। साथ ही ग्रामीण पूरी चौकसी भी बरत रहे हैं।

जनपद के दुबौलिया थाना क्षेत्र की है यह सनसनीखेज घटना

# मूक-बधिर महिला से युवक ने किया दुष्कर्म






- बोलने में असमर्थ होने से मदद के लिए गुहार भी नहीं लगा सकी पीड़िता
- घर पहुंच पति को इशारों में बताई घटना, आरोपी फरार

**दुबौलिया (बस्ती), हिन्दुस्तान संवाद।** जिले के दुबौलिया थानाक्षेत्र में एक दिव्यांग महिला के साथ शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। बोलने और सुनने में असमर्थ महिला मदद के लिए गुहार भी नहीं लगा सकी। विरोध करने पर महिला से आरोपी ने हाथापाई भी की। किसी तरह आरोपी के चंगुल से छूटकर दिव्यांग महिला घर पहुंची और इशारों में पति को घटना की जानकारी दी। पति ने पत्नी संग थाने पर पहुंचकर घटनाक्रम की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपी की धरपकड़ में जुट गई है। घटनास्थल से फोरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल कर साक्ष्य एकत्र किया है।

25 वर्षीय पीड़िता मूक-बाधिर है। उनके पति ने तहरीर में बताया है कि उनकी पत्नी बोल और सुन नहीं पाती। आरोप है कि 14 सितंबर की रात करीब आठ बजे वह शौच के लिए बाहर गई थी। तभी गांव का रहने वाला आरोपी बबलू ने अकेली पाकर दबोचकर गन्ने के खेत में दुष्कर्म किया। आरोपी के चंगुल से छूटने के बाद पीड़िता ने इशारों से पति को आरोपी का हुलिया बताकर उसकी पहचान कराई। इधर घटना के बाद से ही आरोपी बब्लू गांव से फरार बताया जा रहा है। इस बाबत सीओ कलवारी प्रदीप कुमार तिवारी ने बताया कि पीड़ित दिव्यांग महिला के पति की तहरीर पर रेप, एससी-एसटी की धाराओं में आरोपी बबलू के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। पीड़िता का मेडिकल कराया जा रहा है। आरोपी की धरपकड़ का प्रयास किया जा रहा है।

## किशोरी के साथ छेड़खानी, मुकदमा दर्ज

**बस्ती:** छावनी थानाक्षेत्र में एक किशोरी के साथ उसी के गांव के युवक की ओर से छेड़खानी किए जाने की घटना सामने आई है। पुलिस किशोरी की मां की तहरीर पर गांव के ही युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# कोर्ट के आदेश पर जानलेवा हमले का मामला दर्ज

जासं, बस्ती: गौर थाना क्षेत्र के अम्बरपुर गांव में भूमि विवाद को लेकर तमंचे से फायर करके 54 हजार रुपये लूटपाट किए जाने की घटना सामने आई है। पुलिस ने घटना के तीन महीने बाद अदालत के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित अशोक ने परशुराम, राकेश, राजेश, प्रमिला, सावित्री, प्रीती, रीता व फुलचन्द को नामजद कराया है।

# दुष्कर्म का झूठ बोलकर पैसे ऐंठने का आरोप, केस

- गौर थाना क्षेत्र के ढोढरी गांव निवासी की तहरीर पर दर्ज हुआ मुकदमा
- गरीब महिलाओं को योजनाओं का लाभ देने का लालच देकर फंसाने का आरोप

**जागरण संवाददाता, बस्ती:** महिलाओं से दुष्कर्म का झूठा आरोप लगवा कर आम नागरिकों से धनउगाही करने वाले रैकेट का कोतवाली पुलिस ने पर्दाफाश किया है। गौर थाना क्षेत्र के ढोढरी गांव के निवासी शशिकान्त पाण्डेय की तहरीर पर उनके गांव के ही दिलीप कुमार पाण्डेय के विरुद्ध पुलिस ने आपराधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पीड़ित ने अपनी तहरीर में बताया कि जनपद में एक ऐसा गैंग चल रहा है, जो गरीब महिलाओं को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने व पैसे का लालच देकर पहले उनका आधार कार्ड लेकर, सादे कागज पर हस्ताक्षर करवा लेता है।

फिर उनसे झूठा मनगढ़ंत आरोप लगाने का दबाव बनाता है। दुष्कर्म की घटना दिखाकर अच्छी छवि वालों को ब्लैकमेल करता है। इसके बाद अच्छी खासी रकम लेकर सुलह-समझौता करा देता है। इस तरह की आए दिन हो रही घटनाओं से परेशान होकर शशिकान्त पांडेय ने पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है।

शहर कोतवाल विजय दुबे ने बताया कि तहरीर के मुताबिक दर्ज मुकदमे की जांच-पड़ताल की जा रही है। आरोपित व उसके रैकेट के अन्य सदस्यों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

**यह और अन्य खबरें देखें-**
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# गन्ने के खेत में ले जाकर दिव्यांग के साथ दुष्कर्म

जागरण संवाददाता, बस्ती: जनपद के दुबौलिया थाना क्षेत्र में अनुसूचित जाति की दिव्यांग युवती के साथ गांव के ही युवक द्वारा दुष्कर्म किए जाने के मामले में पुलिस ने पीड़िता के पति की तहरीर पर आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। आरोपित अभी पुलिस की पकड़ से दूर है।

पीड़िता के पति ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि उनकी पत्नी गूंगी और बहरी है। शनिवार की रात करीब आठ बजे उनकी पत्नी शौच के लिए निकली थी। आरोप लगाया कि इसी बीच गांव के ही एक युवक ने उनकी पत्नी को गन्ने के खेत में खींच लिया और उनकी लाचारी का फायदा उठाकर उनके साथ दुष्कर्म किया। प्रभारी निरीक्षक मोतीचन्द्र राजभर ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है। पुलिस बारावफात त्योहार में व्यस्त थी, अब खाली हो गई है, जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

वहीं दिव्यांग युवती के साथ हैवानियत की घटना को लेकर गांव के लोग आक्रोशित हैं। आरोपित के तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है।

सीओ कलवारी प्रदीप कुमार त्रिपाठी ने बताया कि आरोपित की तलाश के लिए दुबौलिया पुलिस व स्वाट की टीम लगी हुई है। उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। जल्द ही वह गिरफ्त में होगा।

# तीन लोगों के विरुद्ध मारपीट व धमकी देने का मुकदमा दर्ज

जासं, हरैया: हरैया थाना क्षेत्र के करनपुर गांव में रविवार की सुबह दीवार के बगल में गड्ढा खोदने के विवाद को लेकर कुछ लोगों ने महिला, उसकी ननद, जेठानी व बेटे को मारपीट कर घायल कर दिया।

हरैया थाना क्षेत्र के करनपुर गांव की रेखा देवी पत्नी सत्यप्रकाश ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि सुबह साढ़े छह बजे गांव के राजकुमार व उनकी पत्नी मालती, पुत्री पूजा उनकी दीवार के बगल में जबरन गड्ढा खोदने लगे। मना करने पर अशब्द कहते हुए लाठी डंडा लेकर मारापीटा। बीच बचाव करने पहुंची उनकी ननद सुशीला व जेठानी झिन्ना देवी व उनके बेटे शुभम को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपितों के विरुद्ध मारपीट, अपशब्द कहने व जानमाल की धमकी देने की धारा में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस घायलों को मेडिकल जांच के लिए सीएचसी हरैया भेज कर मामले की छानबीन शुरू कर रही हैं।

# बाजे के साथ आज गणेश प्रतिमाओं का होगा विसर्जन





कंपनी बाग शिव मंदिर के पास स्थापित गणेश प्रतिमा व कुआनो नदी के अमहट तट पर गणेश प्रतिमा विसर्जन स्थल की तैयारी देखते एडीएम, एएसपी व सीओ सिटी• जागरण

जागरण संवाददाता, बस्तीः शहर में गणेश प्रतिमा का विसर्जन मंगलवार को किया जाएगा। जुलूस के दौरान पुलिस व प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए हैं। शहर में बीते सात सितंबर को गणेश चतुर्थी पर प्रतिमाओं की स्थापना हुई थी। 10 -दिवसीय गणेश उत्सव के बाद अनंत चतुर्दशी के दिन बप्पा को विदाई दी जाएगी।





कंपनी बाग पुलिस बूथ के पास स्थापित प्रतिमा व महरीखावां के पास गणेश प्रतिमा•

जिले भर में कुल 139 गणेश प्रतिमाएं जगह-जगह स्थापित की गई थीं। हालांकि मान्यता के अनुसार गणेश विसर्जन तीन, पांच या सातवें दिन भी करते हैं।

कई स्थानों पर पांचवें और सातवें दिन गणेश जी का विसर्जन किया जा चुका है। शहर की प्रतिमाएं अनंत चतुर्दशी के दिन विसर्जित की जाएंगी।

इसको लेकर एक दिन पहले सोमवार को एडीएम प्रतिपाल चौहान, एएसपी ओपी सिंह, सीओ सिटी सत्येन्द्र भूषण तिवारी व प्रभारी निरीक्षक विजय दुबे ने कुआनो नदी के किनारे अमहट घाट स्थित विसर्जन स्थल पर बुलडोजर लगाकर की सफाई करवाई गई। प्रतिमा विसर्जन के लिए जगह-जगह गड्ढा खुदवाया गया है।

# शौच के लिए गई किशोरी संग छेड़खानी

बस्ती, निज संवाददाता। छावनी पुलिस ने शौच के लिए गई किशोरी के साथ छेड़खानी के मामले में केस दर्ज किया है। 14 वर्षीय पीड़िता की मां ने तहरीर में बताया है कि तेरह सितंबर की सुबह उनकी बेटी शौच के लिए बाहर गई थी।

आरोप है कि रास्ते में गांव निवासी अनुराग ने उसके साथ छेड़खानी की। किसी तरह लड़की घर पहुंची और आपबीती बताई। इसके बाद जब अनुराग से इस बारे में पूछने गई तो अपशब्द कहने लगा तो घर चली आई। इसके बाद उसने घर में घुसकर मारपीट की। शोर मचाने पर पड़ोसी जुट गए तो धमकी देकर भाग निकला।

पुलिस ने आरोपी अनुराग के खिलाफ छेड़खानी, पॉक्सो व अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है।

# मारपीट के आरोप में तीन नामजद समेत कुछ अज्ञात पर केस दर्ज

गौर। तीन दिन पहले प्राथमिक विद्यालय शिवाघाट के पास हुए मारपीट के मामले में सुल्तानपुर गांव निवासी आदर्श तिवारी की तहरीर पर गौर पुलिस ने तीन नामजद सहित कुछ अज्ञात लोगों पर मारपीट की धारा में केस दर्ज किया है। पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि करमा गांव के मोतीन खान, सिद्धौर के आयुष पटेल, धनघटा के जुनैद व कुछ अज्ञात लोगों ने प्राथमिक विद्यालय शिवाघाट के पास शनिवार की शाम को उसे रोककर पहले गाली दी। प्रभारी निरीक्षक रामकुमार राजभर ने बताया किकेस दर्ज कर जांच की जा रही है। संवाद

# विघ्नहर्ता की प्रतिमाओं का आज होगा विसर्जन, पुलिस अलर्ट

## शहर की मूर्तियों का अमहट घाट और पुरानी बस्ती का कुआनो में होगा विसर्जन, जुलूस की निगरानी सीओ सिटी करेंगे

संवाद न्यूज एजेंसी

बस्ती। जिले में स्थापित ज्यादातर गणेश मूर्तियों का विसर्जन मंगलवार को किया जाएगा। इसके लिए सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं। जुलूस की निगरानी सीओ सिटी करेंगे।

एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने बताया कि मूर्तियों का विसर्जन शांतिपूर्ण हो, इसके लिए अलर्ट रहने की जरूरत है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली विजय कुमार दुबे ने सोमवार को कोतवाली क्षेत्र की गणेश मूर्तियों के विसर्जन के लिए अमहट घाट पर जेसीबी से गड्ढे खोदवाए गए। यातायात व्यवस्था एवं बिजली लाइट की व्यवस्था आदि का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

इस बार आधिकारिक तौर पर कुल 139 गणेश मूर्ति स्थापित की गई थी। जिनमें ग्रामीण क्षेत्र की अधिकतर मूर्ति का पहले ही विसर्जन किया जा चुका है। शहर के अलावा नगर बाजार समेत अन्य मूर्तियों का मंगलवार को विसर्जन होगा। पुरानी बस्ती के करुआ बाबा चौक से जुलूस निकाला जाएगा। इसके लिए पुलिस के अलावा एसएसबी के जवानों को भी तैनात किया गया है। इसके लिए चार थानाध्यक्षों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। सीओ सिटी की निगरानी में विसर्जन का जुलूस परंपरागत तरीके से निकलेगा।

हर मूर्ति के साथ सुरक्षा बल मुस्तैद रहेंगे। थानाध्यक्ष के साथ पर्याप्त कांस्टेबल और होमगार्ड गश्त करते रहेंगे। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक और पुरानी बस्ती के थानाध्यक्ष अपने क्षेत्रों में पूरे दल बल के साथ निगरानी करेंगे।

जुलूस के रास्ते में पड़ने वाले संवेदनशील स्थलों की पहले से निगरानी करने को कहा गया है। एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने बताया कि सीओ सिटी कि निगरानी में विसर्जन जुलूस निकलेगा।

पुरानी बस्ती से निकल कर मूर्तियों का विसर्जन कुआनो नदी के अमहट घाट पर किया जाना है। पुलिस बल को मुस्तैद कर दिया गया है। सभी को अपने तैनाती स्थल के हिसाब से जिम्मेदारी निभाने के निर्देश दिए गए हैं।

कहा कि इसके अलावा रिजर्व ड्यूटी के लिए फोर्स तैनात रखी जाएगी। इसमें सीओ स्तर के पुलिस अधिकारी शामिल हैं।



बभनान के बाबा बागेश्वर नाथ मंदिर परिसर में भगवान गणेश की महाआरती में शामिल श्रद्धालु। स्रोत-आयोजक

## महाआरती में उमड़ी आस्था... गणपति की हुई पूजा

संवाद न्यूज एजेंसी

बभनान (बस्ती)। नवयुवक गणपति पूजा समिति की ओर से 10 वर्षों से कस्बे के बागेश्वर नाथ मंदिर परिसर में भगवान श्री गणेश की मूर्ति स्थापित कर उत्सव मनाया जा रहा है।

इसके अलावा कस्बे में आधा दर्शन से अधिक स्थानों पर भी गणेश की उत्सव की धूम मची है। रविवार की रात महाआरती का आयोजन यादगार बन गया।

अयोध्या से आए विद्वान पंडितों ने मुख्य यजमान के साथ 1100 दीये जलाकर महाआरती की गई।

इस दौरान गणपति बप्पा मोरया व मेरे घर में पधारो गजानन जी जैसे भजनों की गूंज हुई। श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर होकर जयकारे की गूंज करते रहे।

गणेश प्रतिमा समिति के अध्यक्ष विवेक गुप्ता ने बताया कि व्यापारियों व समाजसेवियों के सहयोग से विगत 10 वर्षों से यहां पर गणेश मूर्ति स्थापित की जाती है। 10 दिन चलने वाले इस आयोजन में कस्बे के अलावा ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी आकर पूजा पाठ में भाग लेते हैं।

वहीं भंडारे की धूम मची रही। श्रद्धालु लाइन में लगकर प्रसाद लेते नजर आए। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रबल मलानी, सभासद माला देवी, राजेंद्र गुप्ता, दीपू, विशाल सिंह, अंकुर राज शर्मा आदि मौजूद रहे।



बाबा बागेश्वर नाथ मंदिर परिसर में स्थापित गणेश मूर्ति। संवाद

### जागरण में भजनों पर रातभर झूमे श्रद्धालु

छावनी। क्षेत्र के बभनगांवा में स्थापित भगवान गणेश प्रतिमा पंडाल में जागरण हुआ। भजन गायक नवीन पांडेय द्वारा एक से बढ़ कर एक भजन सुनाकर प्रस्तुत कर पूरा माहौल भक्तिमय बना दिया गया। श्रद्धालुओं से भरे पंडाल मे गणपति वंदना से शुरू हुए कार्यक्रम में देर रात तक कलाकार प्रस्तुति देते रहे। भगवान गणेश व राधा कृष्ण की मनमोहक झांकी आकर्षण का केंद्र रही। आयोजक नरेंद्र सिंह व सुदामा देवी ने विधिवत पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ कराया। मौके पर दिनेश सिंह, विपुल सिंह, मनीष, अनुराग सविता, अमित सिंह, आलोक, अतुल, चंदन, अर्पित आदि मौजूद रहे। संवाद

# लूटपाट के आरोप में आठ पर केस

**बस्ती।** 21 जुलाई को गौर थाना क्षेत्र के अंबरपुर में तमंचे से फायर और लूटपाट की घटना में पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आठ लोगों पर केस दर्ज किया है।

इसी थाने के अंबरपुर निवासी अशोक कुमार ने तहरीर में बताया है कि 21 जून को विपक्षी भूमि विवाद को लेकर एक राय होकर लाठी-डंडे हाथ में लेकर घर में घुस गए और मारपीट की।

विरोध करने पर अपशब्द कहते हुए जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायर दिया। इसके बाद अलमारी में रखा 54 हजार रुपये जबरन निकाल ले गए।

पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर गांव के परशुराम, राकेश कुमार, राजेश कुमार, सावित्री देवी, प्रमिला देवी, रीता देवी, प्रीति देवी और गोंडा के छपिया थानांतर्गत भईगांव निवासी फूलचंद्र पर जानलेवा हमला, लूटपाट समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। संवाद

SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-17-09-2024

# लाइन मैन व उपभोक्ता के बीच हुए विवाद में लाइन मैन पर मुकदमा दर्ज

**पथरा।** पथरा कस्बे में बीते बृहस्पतिवार को बिजली का कनेक्शन कटने और जोड़ने के विवाद में उपभोक्ता और लाइनमैन के बीच हुई मारपीट में तीन दिन बाद लाइनमैन पर भी पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पथरा फीडर पर तैनात संविदाकर्मी लाइनमैन फहीम और उपभोक्ता सिसवा निवासी दीपक पाल के बीच बृहस्पतिवार को पथरा कस्बे में कनेक्शन जोड़ने को लेकर दोनों लोगो में मारपीट हो गई थी। जहां पर दोनों लोग पथरा थाने पहुंचे कर तहरीर दिये। फहीम के तहरीर पर पुलिस ने दीपक पाल व उनके भाई के उपर मारपीट का मुकदमा दर्ज किया। उपभोक्ता ने लाइनमैन पर आरोप लगाया था कि बकाया बिजली का बिल जमा करने के लिए उसे 20000 हजार रुपया दिया था। लेकिन उसने न ही पैसा जमा किया और न ही कनेक्शन जोड़ा पैसा वापस मांगने पर गाली गलौज और मारपीट पर उतारू हो गया। मुकदमा दर्ज न होने पर वह अपना प्रार्थना पत्र लेकर पुलिस कप्तान के पास पहुंचा जिनके आदेश पर पथरा पुलिस ने चार दिन बाद लाइन मैन फहीम पर जानबूझकर सार्वजनिक शांति भंग अपमान व उकसावा देना विश्वास घात बेईमानी जैसी धाराओं मे रविवार देर सांय मुकदमा पंजीत किया। प्रभारी निरीक्षक भाग्यवती पाण्डेय ने कहा कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आगे जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

# नकली शराब बनाने और बिक्री करने वाले गैंग के चार सदस्य गिरफ्तार

**सिद्धार्थनगर।** जिले की एसओजी व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम के हाथ एक बड़ी सफलता हाथ लगी है।टीम ने जिले में नकली शराब बनाने और बिक्री करने वाले गैंग के चार सदस्यों को सोमवार की शाम को जोगिया कस्बे में स्थित पुल के पास से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए लोगो के कब्जे से पुलिस टीम ने सात बोतल अंग्रेजी शराब, भारी मात्रा में विभिन्न शराब के नाम की बोतल और ढक्कन समेत अन्य सामान बरामद किया है। साथ ही चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें जोगिया में स्थित दुकान का अनुज्ञापी भी शामिल है। पकड़े गए आरोपितों में दो महराजगंज, एक गोरखपुर और एक सिद्धार्थनगर का निवासी है। पुलिस टीम ने जिन आरोपितों को गिरफ्तार किया है उनमें रामनाथ पुत्र बलिराम गौंड़, निवासी करुआवाल थाना कोल्हुई राजकपूर जायसवाल पुत्र मंगल प्रसाद निवासी मथुरा नगर टोला, सनिचारहिया फरेंदा जिला महराजगंज, राजू प्रसाद पुत्र जंगल निवासी अगही थाना पीपीगंज जिला गोरखपुर और अनुज्ञापी निशांत कुमार अग्रवाल निवासी शोहरतगढ़ कस्बा जिला सिद्धार्थनगर शामिल हैं। सभी के खिलाफ आबकारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया है। टीम ने जब बोरे की तलाशी ली तो उसमें बड़ी मात्रा में पालीथिन में इंपीरियल ब्लू के डुप्लीकेट 70 ढक्कन, रायल स्टैग के 75 डुप्लीकेट ढक्कन, मैकडावेल के डुप्लीकेट 50 ढक्कन एवं कुछ खाली बोतलें बरामद हुई। टीम ने जब कड़ाई से पूछताछ किया तो इन लोगों ने बताया कि जोगिया कस्बे में स्थित शराब की दुकान पर इसे लेकर जा रहे थे।

# एसपी की देखरेख में निकला जुलूस



शोहरतगढ़ में निकले जुलूस के दौरान एसपी प्राची सिंह व चेयरमैन प्रतिनिधि रवि अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

**शोहरतगढ़।** शोहरतगढ़ कस्बा व ग्रामीण इलाकों में जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी की धूम रही। अकीदतमंदों ने जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाल कर अमन व शांति, भाईचारे का पैगाम दिया।

नगर पंचायत शोहरतगढ़ जामा मस्जिद से सदर अल्ताफ हुसैन व नवाब खां की अगुवाई में जुलूस निकाला गया। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए एसपी प्राची सिंह, एएसपी सिद्धार्थ, सीओ अरुणकांत सिंह, प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार सिंह पुलिस बल के साथ जुलुस की निगरानी में डटे रहे। जुलूस जामा मस्जिद से निकलकर अजीज मास्टर, रमजान गली से नीबी दोहनी, पुलिस बूथ होते हुए रेलवे स्टेशन मालगोदाम पर पहुंचकर पुनः जामा मस्जिद के पास आकर समाप्त हुआ। इस अवसर पर चेयरमैन प्रतिनिधि रवि अग्रवाल, अल्ताफ़ हुसैन, नवाब खान, शादाब अंसारी, सरफराज, एजाज अंसारी, वकील खां, अफसर अंसारी, मौलाना रजिउल्लाह, नियाज़ अहमद, असलम अंसारी, कलाम, गुड्डू, गैजू, निजामुद्दीन आदि मौजूद रहे।

## जोगिया पुलिस, आबकारी व एसओजी की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई

# मिलावटी शराब संग तीन गिरफ्तार



जोगिया पुलिस, आबकारी व एसओजी की संयुक्त टीम ने मिलावटी अंग्रेजी शराब व नकली ढक्कन के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। । • हिन्दुस्तान

- गिरफ्तार लोगों में दो महराजगंज और एक शोहरतगढ़ का

**ये हुए हैं गिरफ्तार**

पुलिस ने रामनाथ पुत्र बलिराम गौड़ निवासी करुआवल थाना कोल्हुई जनपद महाराजगंज, राजकूपर जायसवाल पुत्र मंगल प्रसाद निवासी मथुरानगर टोला सनिचरहिया थाना फरेंदा व शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के शोहरतगढ़ कस्बा निवासी निशांत कुमार अग्रवाल पुत्र अज्ञात को गिरफ्तार कर लिया है।

**जोगिया, हिन्दुस्तान संवाद।** जोगिया पुलिस, आबकारी व एसओजी की संयुक्त टीम ने रविवार को जोगिया कस्बा में वाहन चेकिंग के दौरान 13 बोतल मिलावटी अंग्रेजी शराब व 2285 नकली ढक्कन के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपितों में दो महराजगंज व एक सिद्धार्थनगर के शोहरतगढ़ का रहने वाला है।

प्रभारी निरीक्षक रामकृपाल शुक्ल ने बताया कि जोगिया में वाहन चेकिंग के दौरान एक बाइक पर दो लोग आ रहे थे। उन्हें रोककर तलाशी ली गई तो उनके कब्जे से 13 बोतल अंग्रेजी मिलावटी शराब, 2285 नकली ढक्कन बरामद हुए। पूछताछ में उन्होंने बताया कि हम लोग गोरखपुर से नकली ढक्कन लाकर सस्ते दाम में सिद्धार्थनगर व बलरामपुर जिले में बेचते हैं। उन्होंने बताया कि जोगिया कस्बा में एक अंग्रेजी शराब की दुकान के सेल्समैन को ढक्कन दिए हैं। इस सूचना पर पुलिस टीम ने जोगिया में स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान की जांच की तो वहां से भारी मात्रा में खाली ढक्कन, बोतल व मिलावटी शराब बरामद हुई। वहां से सेल्समैन को गिरफ्तार कर लिया गया है।

उन्होंने बताया कि आरोपितों पर धारा 318(4),338, 336(3), 340(2), 61(2) भारतीय न्याय संहिता-2023 व 60/64/72 आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया गया है।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम :** आरोपितों को गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक रामकृपाल शुक्ल थाना जोगिया, एसओजी प्रभारी शेषनाथ यादव, आबकारी निरीक्षक अवनीश कुमार पाण्डेय, एसआई सुरेन्द्र सिंह प्रभारी सर्विलांस सेल, एसआई चन्द्रप्रताप सिंह, हेड कांस्टेबल दिलीप कुमार, राजीव शुक्ल, आशुतोष धर दुबे, जनार्दन प्रजापति, हिन्दे आजाद, विवेक मिश्र, आरक्षी विरेन्द्र तिवारी, सत्येन्द्र कुमार, रोहित चौहान, छविराज यादव, राजाराम यादव, विरेन्द्र यादव, अभिनन्दन सिंह शामिल रहे।

# विवाद में लाइनमैन पर भी केस दर्ज

**पथरा बाजार।** पथरा बाजार कस्बे में गुरुवार को बिजली का कनेक्शन काटने और जोड़ने को लेकर उपभोक्ता और लाइनमैन के बीच हुई मारपीट में तीन दिन बाद लाइनमैन पर भी पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पथरा फीडर पर तैनात संविदाकर्मी लाइनमैन फहीम और उपभोक्ता सिसवा गांव निवासी दीपक पाल के बीच गुरुवार को पथरा कस्बे में कनेक्शन जोड़ने को लेकर मारपीट हो गई थी। जहां पर दोनों लोग पथरा थाने पर पहुंचे कर तहरीर दे दी।

लाइनमैन फ़हीम की तहरीर पर पुलिस ने दीपक पाल व उनके भाई पर मारपीट का केस दर्ज कर लिया। वहीं उपभोक्ता ने तहरीर देकर लाइनमैन पर आरोप लगाया था कि बकाया बिजली का बिल जमा करने के लिए उसे 20 हजार रुपये दिया था लेकिन उसने न ही पैसा जमा किया न ही कनेक्शन जोड़ा। पैसा वापस मांगने पर अपशब्दों का प्रयोग करते हुए मारपीट पर उतारू हो गया। प्रभारी निरीक्षक भाग्यवती पाण्डेय ने बताया कि फहीम की तहरीर पर केस दर्ज किया गया था। एसपी के निर्देश पर दीपक पाल की तहरीर पर केस दर्ज कर जांच की जा रही है।



शहर की नगर पालिका के सामने गांधी प्रतिमा के समक्ष सोमवार को भी शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा का धरना जारी रहा। • हिन्दुस्तान

# विधायक के धरने को अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंच का समर्थन

सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ से अपना दल एस के विधायक विनय वर्मा का शहर की नगर पालिका के सामने गांधी प्रतिमा के समक्ष एसपी को हटाने की मांग को लेकर सोमवार को सातवें दिन भी धरना जारी रहा। विधायक मंगलवार की शाम से ही धरना दे रहे हैं। उनका कहना है कि एसपी के हटने तक धरना जारी रहेगा।

वहीं पुलिसिया उत्पीड़न व भ्रष्टाचार के खिलाफ शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा के धरने को सोमवार को अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंच ने समर्थन दिया है। मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष मंगल प्रसाद वर्मा ने पत्र देकर धरने का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि जनता के ऊपर पुलिसिया उत्पीड़न व भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन को मंच अपना समर्थन दे रहा है। विधायक के इस आंदोलन में पूरा व्यापारी समाज व स्वर्णकार समाज सहयोग करेगा। विधायक ने कहा कि जो भी मुझे समर्थन दे रहा है पुलिस उसे प्रताड़ित करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस के लोग मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की छवि खराब कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब तक मांगें मानी नहीं जाएंगी तब तक धरना जारी रहेगा।

# जुलूस में हुई आपत्तिजनक नारेबाजी का वीडियो वायरल




- वीडियो वायरल होते ही प्रशासनिक अधिकारी शुरू की जांच
- एएसपी सिद्धार्थ बोले, जांच के बाद सामने आ जाएगी तथ्यों की सच्चाई

डुमरियागगंज, हिन्दुस्तान संवाद। डुमरियागंज थाना क्षेत्र के भारतभारी मंदिर के सामने सोमवार को बारावफात के मौके पर निकली जुलूस के दौरान कुछ लोगों की ओर से आपत्तिजनक नारेबाजी करने का मामला सामने आया है। जुलूस में शामिल लोगों की ओर से गुस्ताख-ए-नबी की एक सजा, तन से सर जुदा जैसे नारे लगाने का वीडियो वायरल हुआ है। हालांकि हिन्दुस्तान वायरल वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता है।

आपत्तिजनक नारेबाजी से संबंधित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस प्रशासन गंभीर हो गया। एएसपी सिद्धार्थ ने बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में आपत्तिजनक नारेबाजी से संबंधित प्रकरण की जांच कराई जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

जिले में ईद-ए-मिलादुन्नबी का त्योहार सोमवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मस्जिदों को भव्य रूप देने के साथ कस्बे को रंग-बिरंगे झालरों, बैलूनों व इस्लामी झंडों से सजाया गया था। वहीं नगर पंचायत शोहरतगढ़ जामा मस्जिद से सदर अल्ताफ हुसैन व नवाब खां की अगुवाई में जुलूस निकाला गया। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए एसपी प्राची सिंह, एएसपी सिद्धार्थ, सीओ अरुणकांत सिंह, प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार सिंह डटे रहे।



इटवा चौराहे पर रिमझिम वर्षा के बीच सुरक्षा का जायजा लेने पहुंची छाता लिए एसपी प्राची सिंह (दाएं), एएसपी सिद्धार्थ (बाएं) • जागरण

# ईद-ए-मिलाद-उन-नबी का निकला जुलूस, जगमग की गईं मस्जिदें

## हर तरफ दिखा उत्साह, अकीदतमंदों ने परंपरा का निर्वहन, जश्न के माहौल के बीच जमकर नारेबाजी, जनपद में रहे सुरक्षा के व्यापक इंतजाम

जागरण टीम, सिद्धार्थनगर : ईद-ए-मिलाद-उन-नबी (बारावफात) सोमवार को पारंपरिक ढंग से मनाया गया। रविवार रात से ही कार्यक्रम शुरू हो गया था। जनपद के प्रत्येक क्षेत्र में अकीदतमंदों ने परंपरा का निर्वहन करते हुए पर्व को मनाया। जगह-जगह जुलूस निकाला, इसमें बच्चे व महिलाएं भी सम्मिलित हुईं। आकर्षक झांकियां भी निकाली। युवाओं का दल अपने हाथ में तिरंगा लेकर साथ में चलता रहा। तकरीर (प्रवचन) के बाद जुलूस का समापन हुआ। सभी ने मुहम्मद साहब के बताई गई राह पर चलने का संकल्प लिया। रिमझिम वर्षा में भी जुलूस में शामिल लोगों का उत्साह कम नहीं हुआ।

नगर के शाहदिल तिराहा से बारावफात का जुलूस निकला। सिविल लाइन, बैंक रोड, साड़ीमाल रोड, कपिलवस्तु रोड, बांसी प्राइवेट टैक्सी स्टैंड तिराहा होते हुए सिद्धार्थ तिराहा पहुंचा। सिद्धार्थ तिराहा पर मौलाना महताब ने तकरीर किया। अनुयायियों को धर्म और शांति के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। जामा मस्जिद के इमाम सैय्यद मुईन कादिरी, सादिक समेत अन्य मौजूद रहे। डुमरियागंज तहसील में रात से मस्जिद व मदरसे को रोशनी से सजाया गया। मीलाद का आयोजन किया गया। पैगंबर इस्लाम हजरत मुहम्मद साहब के जीवन पर प्रकाश डाला। दूसरे दिन सुबह चारों ओर खुशियों से भरा माहौल रहा। अकीदतमंदों ने बैंक चौराहा से जुलूस निकाला। सिंगारजोत, सिकहरा, अफगानिया, हल्लौर, भटवलिया, मंसूरिया होता हुआ जुलूस तहसील मुख्यालय पहुंचा।

ईदगाह-ए-कादरिया के पास जुलूस समाप्त हुआ। जुलूस ईद ए-मीलादुन्नबी अंजुमन मौलाना महमूद अकरम ने तकरीर पढ़ा। अफजाल फारूकी, आफाकुल कादरी, जहीर फारूकी, मौलाना असबाब, फिरोज सिद्दीकी समेत अन्य मौजूद रहे। इटवा तहसील क्षेत्र में ईद-ए-मिलाद-उन-नबी खुशी के माहौल में मनाया गया। गुंबद, मस्जिद, मीनार को आकर्षक ढंग से सजाया गया। नमाज के बाद सुन्नी जामा मस्जिद से जुलूस उलमा-ए-कराम के नेतृत्व में निकला। जुलूस बिस्कोहर रोड से पहुंचे। बांसी और डुमरियागंज मार्ग का भ्रमण किया और सुरक्षा व्यवस्था की जांच की।



काबा के अंदाज में सजे वाहन • जागरण

### डीएम व एसपी रहे भ्रमणशील

डीएम डा. राजागणपति आर व एसपी प्राची सिंह लगातार क्षेत्र में भ्रमणशील रहे। इनके साथ एएसपी सिद्धार्थ भी निगरानी करते रहे। एसडीएम इटवा कल्याण सिंह मौर्य, सीओ इटवा गर्वित सिंह, एसओ इटवा श्रीप्रकाश यादव समेत भी भ्रमण करते रहे। डुमरियागंज में डीएम व एसपी के अलावा एसडीएम डुमरियागंज डा. संजीव दीक्षित, सीओ सतीश पांडेय, एसएचओ रमेश यादव, नायब तहसीलदार महबूब आलम भी सुरक्षा में लगे रहे।

### जुलूस में खूब बिका टोपी और साफा

जुलूस में सम्मिलित अकीदतमंद ने परंपरा के अनुसार सिर पर साफा बांध और टोपी पहनी। जुलूस में टोपी, पगड़ी व साफा जमकर बिक्री हुई। 20 से 50 रुपये में टोपी की बिक्री हुई। पगड़ी व साफा का मूल्य 100 से 150 रुपये रहा।

**शर्बत और पानी का लगाया स्टाल :** जुलूस में सम्मिलित अकीदतमंदों के लिए जगह-जगह लोगों ने स्टाल लगाया। यहां पर शर्बत, पानी के साथ पकवान भी रखे गए। डुमरियागंज विधायक सैय्यदा खातून मुख्य चौराहा पर स्टाल लगाकर पकवान वितरित किया। जहीर मलिक, सूर्य प्रकाश उपाध्याय, पूर्व प्रमुख सुहेल फारूकी, अकबर रिजवी, विजय अग्रहरि, अशफाक मलिक, आलम बख्तावर बीड़ समेत अन्य मौजूद रहे। नगर पंचायत डुमरियागंज अध्यक्ष के प्रतिनिधि अतीकुर्रहमान, इरफान मलिक की ओर से भी स्टाल लगाया गया। दिनेश पांडेय, नियामतुल्लाह, युसुफ समेत अन्य मौजूद रहे। आप नेता इंजी. इमरान लतीफ, सच्चिदानंद पांडेय, मोहम्मद हम्जा समेत अन्य ने भी स्टाल लगाया। मुख्यालय के अनुजनगर, पुरानानगर, स्टेशन रोड, आजादनगर, बेलसड़ मोहल्ला में भी लोगों ने स्टाल लगाया।

**नेता प्रतिपक्ष भी हुए जुलूस में सम्मिलित :** नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने जुलूस में प्रतिभाग किया। अकीदतमंदों को मुबारकबाद दिया। पर्व को शांति और परंपरागत तरीके से मनाने के लिए कहा। कांग्रेस के अरशद खुर्शीद समेत अन्य दलों के नेता भी जुलूस में शामिल हुए।

मौलाना मुहम्मद उस्मान अलीमी, मोहम्मद आसिफ अल्वी, मौलाना शमीम, फारूक हसन, रिजवान अल्लामा मोहम्मद राबे नूरानी, पीर रईस अहमद, अलहाज अकरीज अहमद, गुलाम मोहम्मद, अब्दुर्रहमान जम्मान अलवी, पीर मसऊद अलवी, अहमद नूरी, अल्लामा मोहम्मद समेत अन्य मौजूद रहे।

# आश्वासन पर नहीं तबादले के आदेश पर समाप्त करेंगे धरना

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर** : अपना दल एस से शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा का नगर पालिका स्थित गांधी प्रतिमा के पास धरना सातवें दिन भी जारी रहा। विधायक को जनप्रतिनिधियों के अलावा जिला प्रशासन ने भी फोन पर मनाने की कोशिश की। जिला प्रशासन ने उन्हें आश्वस्त भी किया कि वह धरना समाप्त करें। आगे कार्रवाई भी हो जाएगी, लेकिन विधायक कहना है कि वह आश्वासन पर नहीं, बल्कि तबादले के आदेश पर धरना समाप्त करेंगे। पुलिस अधीक्षक के स्थानांतरण की मांग को लेकर विधायक धरना दे रहे हैं। विधायक ने बताया कि सोमवार को उन्हें जिला प्रशासन की तरफ से और भाजपा के कुछ जनप्रतिनिधियों ने फोन किया गया। बताया गया कि वह अपना धरना समाप्त करें आगे कार्रवाई भी हो जाएगी। विधायक ने बताया कि धरने को लगातार लोगों का अपार समर्थन मिल रहा है। उद्योग व्यापार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष मंगल प्रसाद ने भी उन्हें अपना समर्थन दिया है।

# नकली अंग्रेजी शराब बेचने वाला गैंग धराया, चार लोग गिरफ्तार

## जोगिया कस्बे में स्थित शराब की दुकान से की जा रही थी बिक्री

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर: जिले में नकली शराब बनाने और बिक्री करने वाले गैंग के चार सदस्यों को रविवार की रात को एसओजी, पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने जोगिया कस्बे से थोड़ी दूर पर स्थित पुल के पास से गिरफ्तार किया है। टीम ने इनके पास से सात बोतल अंग्रेजी शराब, भारी मात्रा में विभिन्न शराब के नाम की बोतल और ढक्कन समेत अन्य सामान बरामद किया है। साथ ही चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें जोगिया में स्थित दुकान का अनुज्ञापी भी शामिल है। पकड़े गए आरोपितों में दो महराजगंज, एक गोरखपुर और एक सिद्धार्थनगर का निवासी है। सभी के खिलाफ आबकारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया है।

*एसओजी, पुलिस और आबकारी विभाग की टीम कस्बे के पास वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान बाइक सवार बोरा में सामान लादकर आते दिखे। टीम ने जब बोरे की तलाशी ली तो उसमें बड़ी मात्रा में पालीथिन में इंपीरियल ब्लू के डुप्लीकेट 70 ढक्कन, रायल स्टैग के 75 डुप्लीकेट ढक्कन, मैकडावेल के डुप्लीकेट 50 ढक्कन एवं कुछ खाली बोतलें बरामद हुई।

टीम ने जब कड़ाई से पूछताछ किया तो इन लोगों ने बताया कि जोगिया कस्बे में स्थित शराब की दुकान पर इसे लेकर जा रहे थे। वहां पर नकली शराब की बिक्री की जाती है। टीम ने दुकान पर छापेमारी किया तो वहां नकदी शराब बरामद किया गया। बरामदगी टीम में एसओजी प्रभारी शेषनाथ यादव, आबकारी निरीक्षक अवनीश कुमार पाण्डेय, संजय कुमार पांडेय, रितिक वर्मा और जोगिया थाने के प्रभारी निरीक्षक रामकृपाल शुक्ला समेत अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

- एसओजी, पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम को मिली सफलता



जोगिया थाना क्षेत्र में देर रात वाहन चेकिंग के दौरान पकड़ा गया शराब • जागरण

### यह हुए गिरफ्तार

पुलिस टीम ने जिन आरोपितों को गिरफ्तार किया है उनमें रामनाथ पुत्र बलिराम गौड़, निवासी करुआवाल थाना कोल्हुई राजकपूर जायसवाल पुत्र मंगल प्रसाद निवासी मथुरा नगर टोला, सनिचारहिया फरेंदा जिला महराजगंज, राजू प्रसाद पुत्र जंगल निवासी अगही थाना पीपीगंज जिला गोरखपुर और अनुज्ञापी निशांत कुमार अग्रवाल निवासी शोहरतगढ़ कस्बा जिला सिद्धार्थनगर शामिल हैं।

**गोरखपुर से लेकर आ रहे थे पकड़ा गया सामान**: पकड़े गए आरोपितों ने टीम की पूछताछ में बताया कि वह शराब का ढक्कन समेत अन्य सामान को खरीदकर गोरखपुर से लेकर आ रहे थे। इसे उन्हें जोगिया में स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान पर देना था।

# चोरी का पर्दाफाश, जेवरात समेत पकड़ा गया आरोपित

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : चिल्हिया थाना पुलिस ने सोमवार को चोरी के एक आरोपित को चुराए गए सामान के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपित का नाम गोलू यादव उर्फ रामपाल पुत्र राम प्रकाश ग्राम बरगदवा थाना चिल्हिया है। उसने सात सितंबर की रात में गांव निवासी मुकेश के घर में घुसकर नकदी समेत सोने का जेवर चुरा लिया था। पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश में जुटी हुई थी। पुलिस को सूचना मिली कि गांव का ही युवक ने घटना को अंजाम दिया है। पूछताछ में उसने घटना में शामिल होना स्वीकार्य कर लिया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर 1450 रुपये नकदी, कान का टिप्स व सोने की मक्खी बरामद किया है।

# रंगदारी का मुकदमा दर्ज होने के 24 घंटे बाद ही पलट गया वादी

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : मोहाना थाना पुलिस ने पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष रहे मुमताज अहमद निवासी पूरब पड़ाव तेतरी बाजार समेत अन्य लोगों के खिलाफ रंगदारी, घर में घुसकर मारपीट करने, धमकी देने के आरोप में मुकदमा रविवार को दर्ज किया था। अभी मुकदमा दर्ज हुए 24 घंटे ही बीता था कि वादी कपिलवस्तु कोतवाली क्षेत्र के बर्डपुर नंबर नौ निवासी जुबेर अहमद पुत्र मन्ना अपनी शिकायत से पलट गए। उन्होंने इंटरनेट मीडिया पर वीडियो प्रसारित करके कहा कि गलतफहमी की वजह से उन्होंने मुकदमा दर्ज करा दिया था। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस को दिये तहरीर के माध्यम से जुबेर अहमद ने कहा था कि बीते 30 जून को मुमताज अपने दो साथियों के साथ बर्डपुर कस्बे में स्थित उसके कार्यालय में आए और कहा कि वहां काम करना है तो उन्हें रुपये देने होंगे। इसके बाद सभी फिर 12 सितंबर को इन लोगों ने दोबारा बर्डपुर में धमकी दी। थाना प्रभारी जीवन त्रिपाठी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। मुझे वादी के पलटने की जानकारी नहीं है।

# आरोपितों के विरुद्ध साक्ष्य जुटाने में पुलिस को मुश्किल

## धान खरीद के घोटाला

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर :** धान खरीद में 16 करोड़ रुपये के घोटाले में पीसीएफ के जिला प्रबंधक अमित चौधरी समेत चार लोगों के खिलाफ सदर समेत बांसी कोतवाली, खेसरहा और मिश्रौलिा थाने में पांच लोगों के खिलाफ के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। बांसी कोतवाली पुलिस ने दो आरोपित केंद्र प्रभारियों को गिरफ्तार किया है, जबकि अन्य आरोपित अभी फरार है। पुलिस भी उनके खिलाफ अभी तक साक्ष्य न होने से हाथ नहीं डाल रही है। जांच में लगी पुलिस टीम इनके खिलाफ साक्ष्य जुटाने में पसीना बहा रही है। इसकी वजह पीसीएफ प्रबंधक के फरार और अन्य विभागीय कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाना है।

पीसीएफ के क्षेत्रीय प्रबंधक बस्ती मंडल विजय कुशवाहा की तहरीर पर 31 अगस्त को सदर थाने में पीसीएफ के जिला प्रबंधक अमित चौधरी व भुगतान अधिकारी सहायक गणक उमानंद उपाध्याय के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज कराया था। डीएम के निर्देश पर एडीएम उमाशंकर की अध्यक्षता में मामले की जांच हुई थी। उसमें पता चला कि पीसीएफ की ओर से वर्ष 2023-24 में जिले में कुल 51116.230 टन धान की खरीद हुई थी। इसमें से सिर्फ 44038.518 टन धान ही संबद्ध राइस मिलों को भेजा गया था। 6372.894 टन धान भारतीय खाद्य निगम के न तो गोदाम पहुंचा और न ही राइस मिलों को। जांच में पता चला कि पीसीएफ के जिला प्रबंधक व भुगतान अधिकारी ने मिलकर साढ़े 16 करोड़ रुपये के धान का गबन कर लिया है।मुकदमा दर्ज होने के बाद करीब 14 करोड़ रुपये विभाग के पास जमा कराया जा चुका है। प्रभारी निरीक्षक सदर संतोष कुमार तिवारी का कहना है कि इस मामले में अभी तक साक्ष्य संकलन किया जा रहा है। आरोपित प्रबंधक के फरार होने और विभागीय कर्मियों के हड़ताल पर जाने से साक्ष्य मिलने में दिक्कत आ रही है।

# संवाद से नहीं निकला परिणाम सातवें दिन भी धरने पर विधायक

संवाद न्यूज एजेंसी

सिद्धार्थनगर। अपना दल (एस) के नेता व विधायक विनय वर्मा ने सोमवार को लगातार सातवें दिन नगर पालिका परिषद स्थित महात्मा गांधी प्रतिमा के समक्ष धरना दिया। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह को हटाने की मांग को लेकर विधायक धरना दे रहे हैं।

दिन-रात धरने पर बैठे विधायक और पुलिस एक दूसरे को आरोपित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। स्थानीय स्तर पर नेताओं और अधिकारियों ने जो संवाद किया, उसका सार्थक परिणाम नहीं निकल सका है, जबकि इस मामले में लोगों की निगाहें शासन के निर्णय पर भी है।

विधायक विनय वर्मा जिस दिन धरने पर बैठे उसी दिन जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर ने मध्यस्थता करके धरना शुरू नहीं होने देने की पूरी कोशिश की। यही कारण था कि विधायक का धरना निर्धारित समय से पांच घंटे देर से शुरू हुआ। इसके साथ ही भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान सहित कई नेताओं ने भी पहल की, लेकिन सात दिन तक संवाद का सार्थक परिणाम नहीं निकला है, जबकि विधायक का एलान है कि जब तक पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह को नहीं हटाया जाएगा, तब तक वह धरने से नहीं हटेंगे।

उधर, आईजी बस्ती आरके भारद्वाज ने विधान सभा सचिवालय के प्रमुख सचिव प्रदीप कुमार दुबे के निर्देश पर विधायक के शिकायतों की जांच की और रिपोर्ट भेज दी है।

**पुलिस अधीक्षक को हटाने की मांग को लेकर धरना दे रहे हैं विधायक**

## व्यापारिक संगठन ने दिया समर्थन

**अखिल** भारतीय उद्योग मंच एवं अखिल भारतीय स्वर्णकार राजनैतिक चेतना मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष मंगल प्रसाद वर्मा ने सोमवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में विधायक के धरना का समर्थन किया, जबकि कुछ व्यापारियों के एक दूसरे पत्र के माध्यम से विधायक पर भी आरोप लगाए हैं। विधायक विनय वर्मा ने कहा कि पुलिस उनके समर्थकों को डरा धमका रही है ताकि लोग धरना से दूरी बनाए रहे, लेकिन समर्थक उनका सहयोग कर रहे हैं। पुलिस से जनता को न्याय के बजाय अन्याय मिल रहा था तो उन्होंने धरना देने का निर्णय लिया।

# चोरी के मामले में एक गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर। चिल्हिया पुलिस ने एक संदिग्ध को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 1450 रुपये बरामद किया गया। पुलिस के मुताबिक आरोपी चोरी करता है। गोलू यादव उर्फ रामपाल निवासी बरगदवा थाना चिल्हिया के रूप में की गई है।

पूछताछ करने के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया। यह जानकारी एसओ चिल्हिया दुर्गा प्रसाद ने दी है। उन्होंने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि एक संदिग्ध जाने वाला है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए आरोपी गोलू को पकड़ लिया गया है। संवाद

# उपभोक्ता से हुए विवाद में लाइनमैन पर केस दर्ज

पथरा। पथरा कस्बे में बृहस्पतिवार को बिजली का कनेक्शन काटने और जोड़ने के विवाद में उपभोक्ता और लाइनमैन के बीच हुई मारपीट में तीन दिन बाद लाइनमैन पर भी केस दर्ज हो गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

पथरा फीडर पर तैनात संविदाकर्मी लाइनमैन फहीम और उपभोक्ता सिसवा निवासी दीपक पाल के बीच बृहस्पतिवार को पथरा कस्बे में कनेक्शन जोड़ने को लेकर दोनों लोगों में मारपीट हो गई थी।

**पथरा में बिजली कनेक्शन काटने को लेकर हुआ था विवाद**

जहां पर दोनों लोग पथरा थाने पहुंचे कर तहरीर दिया था। फहीम के तहरीर पर पुलिस ने दीपक पाल व उनके भाई के ऊपर मारपीट का मुकदमा दर्ज किया।

उपभोक्ता ने लाइनमैन पर आरोप लगाया था कि बकाया बिजली का बिल जमा करने के लिए उसे 20000 हजार रुपये दिया था, लेकिन उसने न ही पैसा जमा किया और न ही कनेक्शन जोड़ा पैसा वापस मांगने पर मारपीट पर उतारू हो गया। उपभोक्ता के तहरीर पर मुकदमा दर्ज न होने पर वह प्रार्थना पत्र लेकर एसपी के पास पहुंचा जिनके आदेश पर पथरा पुलिस ने चार दिन बाद लाइन मैन फहीम पर मुकदमा पंजीकृत किया। प्रभारी निरीक्षक भाग्यवती पांडेय ने बताया कि जांच की जा रही है। संवाद

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-17-09-2024


# नबी की शान में निकला बरावफात का जुलूस, लगाए गए लंगर

धनघटा (एसएनबी)। ईद मिलादुन्नबी/बरावफात त्योहार के मौके पर सोमवार को धनघटा और महुली थाना क्षेत्र के मदरसों एवं मस्जिदों से नबी की शान में भारी भरकम जुलूस निकाला गया। जुलूस में शामिल लोग नाते-कलमा पढते हुए मु. सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के दिखाए हुए रास्ते पर

आयत इतरा नाजिल हुई बांद में धीरे-धीरे कुरान के पैगाम को पूरी इन्सानियत तक पहुंचाने की जिम्मेदारी उन्हे सौंपी गई। मुहम्मद साहब के जन्म दिन को बरावफात त्योहार के तौर पर

## सख्त रहा पुलिस का पहरा

धनघटा थाना क्षेत्र के हैंसर बाजार में भारी पुलिसबल के साथ प्रभारी निरीक्षक धनघटा अनिल कुमार जहां खुद सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाल रखे थे तो वही पौली कस्बे में चौकी प्रभारी पौली रजनीश राय भारी पुलिस बल के साथ मुस्तैदी से डटे रहे। इसके अलावा थाना क्षेत्र के अन्य स्थानों



महुली कस्बे में निकाला गया बरावफात का जुलूस तथा धनघटा थाना क्षेत्र के पौली कस्बे में मुस्तैद पुलिसकर्मी। फोटो : एसएनबी

चलने का आह्वान किया। इस दौरान महुली थाना क्षेत्र के महुली कस्बे में हुजूर के सैदाईयों ने लंगर लगाकर लोगों को पानी भी पिलाया।

मान्यता है कि इस्लाम धर्म के आखिरी पैगम्बर मु. साहब का जन्म 570 ई. में 12 रबीउल अव्वल को मक्का शहर में हुआ था। अल्पायु में ही उनके पिता अब्दुल्लाह और माता अमीना का देहान्त हो गया तो उनका पालन-पोषण चाचा अबूतालिब ने किया। 40 साल की उम्र में ही मुहम्मद साहब को पैगम्बर बना दिया गया और उन पर कुरान की पहली

मनाया जाता है। इस मौके पर धनघटा थाना क्षेत्र के दोकड़ा, मानपुर, छितहीं, लखनोहर, रौंजा, महुली, नाथनगर, हरिहरपुर,महादेवा, काली जगदीशपुर एवं मोलनापुर व धनघटा थाना क्षेत्र के हैंसर, सोनाड़ी, छपिया, नावनकला, नैतवापुर, बकौली कला, बण्डा बाजार, रूस्तमपुर, शनिचरा बाजार, दुलहापार, सुरैना, सोनहन व दीपपुर डिहवा आदि गांवों में स्थित मस्जिदों एवं मदरसों से गाजे-बाजे के साथ हरा झण्डा लेकर नाते-कलाम पढते हुए बरावफात का जुलूस निकाला गया। इस मौके पर संवेदनशीलता को देखते हुए

पर भी सुरक्षा व्यवस्था चौकस बनाए रखने के लिए पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी।

प्रभारी निरीक्षक महुली रामकृष्ण मिश्र ने पुलिसकर्मियों के साथ स्थानीय कस्बा महुली समेत थाना क्षेत्र में लगातार भ्रमण करते हुए सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाली। एसडीएम धनघटा रमेश चन्द्र व तहसीलदार योगेन्द्र कुमार पांडेय भी लगातार तहसील क्षेत्र का भ्रमण करते हुए बरावफात के जुलूस को सकुशल मुकाम तक पहुंचाने को लेकर पूरे दिन निगहबानी करते रहे।

# बहु ने सास-ससुर पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया, पुलिस ने दर्ज किया केस

बखिरा। पकरडीहा निवासी एक महिला ने अपने सास व ससुर पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपी सास-ससुर समेत चार लोगों पर केस दर्ज किया है।

निशा पत्नी मनोज ने बताया कि वह विगत आठ वर्षो से सास-ससुर से अलग रहती हैं। इसके बावजूद उसके सास-ससुर उसे अक्सर प्रताड़ित करते हैं। विगत 13 सितम्बर सुबह साढ़े छह बजे घरेलू विवाद की वजह से उसके ससुर, सास व दो देवरों ने उसे व पति मनोज को गाली दिया। लाठी डंडे से मारा पीटा, जिससे उन दोनों को काफी चोट आई। पुलिस ने आरोपी ससुर नारायण देव, सौतेली सास मीना, सौतेले देवर दीपक व दीपांशु पर केस दर्ज कर कार्रवाई की।

# बारावफात : डीएम व एसपी ने मगहर व बखिरा कस्बे का किया दौरा

**संतकबीरनगर/बखिरा/मगहर (एसएनबी)।** बारावफात को सकुशल संपन्न कराने, सुरक्षा व कानून व्यवस्था सुदृढ़ रखने तथा शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाये रखने हेतु जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर व पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने सोमवार को नगर पंचायत मगहर एवं बखिरा में पैदल गश्त किया। उन्होंने गश्त के दौरान धर्मगुरुओं, जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों से अपील किया कि सभी लोग एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करें।

क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखें, साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वालों/असामाजिक तत्वों/किसी भी प्रकार की आपराधिक, अवांछित गतिविधियां दिखाई देने पर इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें।



बारावफात के दृष्टिगत भ्रमण करते डीएम व एसपी। फोटो : एसएनबी

दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें बल्कि अफवाह की पुष्टि उच्चाधिकारियों से करें। जिले में सौहार्दपूर्ण वातावरण का माहौल बनाये रखने में पुलिस व प्रशासन का सहयोग करें। साथ ही सोशल मीडिया पर ऐसे कमेंट न करें जिससे किसी की धार्मिक भावनाएं आहत हो और किसी भी प्रकार की भड़काऊ, गलत, अशोभनीय पोस्ट शेयर न करें, लोगों से शांति व आपसी सौहार्द के साथ त्यौहार मनाने की अपील की। साथ ही त्योहार के दौरान गड़बड़ी पैदा करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई हेतु सख्त हिदायत दिया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद संतीश कुमार सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# डीएम, एसपी ने पुलिस फोर्स के साथ किया पैदल मार्च

जागरण टीम, संतकबीर नगर: ईद-ए-मिलाद को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक व पुलिस विभाग सोमवार को अलर्ट रहा। डीएम व एसपी के साथ पुलिस फोर्स ने मगहर, बखिरा सहित अन्य स्थानों पर पैदल मार्च किया। आम जनमानस को शांति व उनकी पुख्ता सुरक्षा का संदेश दिया।

डीएम महेंद्र सिंह तंवर व एसपी सत्यजीत गुप्ता शांति व कानून व्यवस्था सुदृढ़ रखने के लिए सोमवार को पुलिस फोर्स के साथ मगहर में पैदल मार्च किया। कोतवाली प्रभारी सतीश कुमार सिंह की उपस्थिति में धर्मगुरुओं, जन प्रतिनिधियों व समाजसेवियों से एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करने, शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। इसके साथ ही आपसी सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी। इसके बाद डीएम व एसपी ने सीओ केशवनाथ, एसओ श्याम मोहन व पुलिस फोर्स के साथ बखिरा कस्बा में पैदल मार्च किया।



बखिरा कस्बा में पैदल मार्च करते डीएम महेंद्र सिंह तंवर( दाएं से दूसरे), एसपी सत्यजीत गुप्ता ( दाएं से तीसरे) • जागरण



दुधारा थाना के लोहरौली में गश्त करते तहसीलदार जनार्दन मौर्य ( दाएं), सीओ अजीत चौहान ( दाएं से दूसरे) • जागरण

इन्होंने आम जनमानस से शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की। इंटरनेट मीडिया पर ऐसा कोई कमेंट न करें, जिससे किसी की धार्मिक भावनाएं आहत हो। आपसी सौहार्द को बनाए रखें। वहीं मेंहदावल तहसील क्षेत्र प्रशासनिक व पुलिस विभाग सक्रिय रहा। एसडीएम उत्कर्ष श्रीवास्तव व तहसीलदार आनंद कुमार ओझा के नेतृत्व में पुलिस बल ने मेंहदावल नगर क्षेत्र में पैदल मार्च किया। नगर के ठाकुरद्वारा, अंजाहिया बाजार, चौक बाजार, उत्तरपट्टी, पश्चिमटोला, ब्रह्मचारी सहित कई स्थानों पर पैदल मार्च करते हुए लोगों से शांतिपूर्ण ढंग से पर्व को मनाने की अपील की। उपजिलाधिकारी ने कहा कि कोई नई परंपरा कायम करने का प्रयास कदापि न करें। जुलूस में तेज ध्वनि, शासन के नियमों का उल्लंघन कदापि न करें।

पैदल मार्च के दौरान थानाध्यक्ष रामकृपाल सिंह, उप निरीक्षक सत्येंद्र यादव, मोतीलाल यादव, बृजेश सिंह, शुभम सिंह, अनुराग सिंह, वीरेंद्र रावत, सुमित आदि मौजूद रहे। जबकि महुली थाना क्षेत्र में थानाध्यक्ष रामकृष्ण मिश्र के नेतृत्व में पुलिस फोर्स ने पैदल मार्च किया। शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सक्रिय रहे। वहीं दुधारा थाना क्षेत्र में थानाध्यक्ष जय प्रकाश दूबे व बाघनगर पुलिस चौकी के प्रभारी संजय यादव के नेतृत्व में पुलिस फोर्स ने पैदल मार्च कर शांति व सुरक्षा का संदेश दिया।

# धर्मसिंहवा में निकाला गया बारावफात का जुलूस दोनों पक्ष हुए शामिल



जुलूस में शामिल दोनों पक्ष के लोग। फोटो : एसएनबी

धर्मसिंहवा (एसएनबी)। धर्मसिंहवा में ईद-ए-मिलाद-उन-नबी यानी बारावफात के मौके पर बड़े धूमधाम से जुलूस निकाला गया। जुलूस में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए और महफिल के साथ मजहबी नारे लगाते हुए आगे बढ़ते नजर आए। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रसाशन की ओर व्यापक इंतजाम किए गए। प्रशासन द्वारा जुलूस की निगरानी ड्रोन कैमरे की। एक पक्ष के अनुमति पर निकाले गए जुलूस में आखिरकार दोनों पक्षों के लोग शामिल हुए। एसडीएम तहसीलदार के नेतृत्व में जुलूस के दौरान भारी फोर्स तैनात रही।

## एसडीएम, तहसीलदार के साथ भारी पुलिस फोर्स रही तैनात

बारावफात जुलूस की अनुमति को लेकर के धर्मसिंहवा में दो पक्ष आमने-सामने अपना दमखम लगा रहे थे। एक पक्ष से दारुल उलूम अहमदिया मेराजुल उलूम मदरसे के पूर्व प्रधानाचार्य मौलाना अली अहमद जुलूस के लिए अनुमति मांग रहे थे तो वहीं दूसरे पक्ष के मदरसे के प्रबंधक अकबाल अहमद अनुमति के लिए दावेदारी पेश किए थे।मेंहदावल एसडीएम ने रविवार को दोनों पक्षों से वार्तालाप करके सभी बिंदुओं को जांच परख कर मदरसे के वर्तमान प्रधानाचार्य रेहान अहमद को जुलूस निकालने की अनुमति तमाम शर्तो के आधार पर दिया था जुलूस की अनुमति में पारंपरिक स्थान पर समापन किए जाने की भी बात कही गई थी। सोमवार को दारूल उलूम अहमदिया मेराजुल उलूम मदरसे के प्रांगण से प्रबंधक पक्ष जुलूस निकालने की तैयारी कर रहा था तो दूसरे पक्ष के मौलाना अली अहमद अपने आवास के सामने जुलूस की तैयारी कर रहे थे मदरसे से आ रही जुलूस में मौलाना अली अहमद गुट भी शामिल हो गया। बारावफात जुलूस में लोग काफी जोश के साथ नारेबाजी कर रहे थे जुलूस स्थानीय कस्बे के मदरसे से भ्रमण करते हुए गौरी राई के बडौदा यूपी बैंक तक गया इसके बाद मंसूरी मोहल्ला होते हुए आबादी क्षेत्र से गुजरकर दोबारा मुख्य बाजार में आ गया। जुलूस कस्बे के मेराज मंजिल पर पहुंचकर दो भाग में बटने लगा ज्यादातर संख्या में लोग जुलूस के साथ आगे बढ़ गए और मौलाना अली अहमद के मकान के सामने समापन के अवसर पर सलामती की दुआ पढ़ी गई। वहीं प्रबंधक पक्ष के बचे हुए जो लोग मेराज मंजिल पर रुके थे उनका कहना है कि मेराज मंजिल पर समापन के दौरान सलामती की दुआ पढ़ी गई थी।कई जगह पर जूलूस में शामिल लोगों लिए जलपान की भी व्यवस्था की गई थी। इस दौरान लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला। साथ ही जूलूस में शामिल लोग मजहबी नारे लिखी तख्तियां हाथों में लिए नजर आए। छोटे छोटे बच्चे भी बड़े ही उत्साह के साथ हाथों में झंडे लिए जुलूस में चल रहे थे। वहीं एसडीएम व तहसीलदार के नेतृत्व में धर्मसिंहवा पुलिस ने बारावफात के जुलूस को सकुशल संपन्न कराने के लिए कड़े इंतजाम किए थे।इस मौके पर थानाध्यक्ष पूनम मौर्या मय फोर्स के साथ मौजूद रहे।

# 14 वर्षीय किशोरी के अपहरण के आरोप में युवक नामजद

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 14 वर्षीय किशोरी को बहला-फुसलाकर उसका अपहरण किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। आरोप है कि घर से जाने के दौरान किशोरी चार थान सोने-चांदी के जेवर और 5000 नकदी भी साथ लेकर गई है। काफी खोजबीन के बाद जब परिजनों को किशोरी के बारे में कोई जानकारी नही मिली तो किशोरी की मां ने धनघटा थाने पहुंचकर आरोपी युवक के विरूद्ध पुलिस को लिखित प्रार्थनापत्र सौंपा जिसके आधार पर सोमवार को पुलिस ने आरोपी युवक के विरूद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज कर अपहृता व नामजद आरोपी की तलाश सरगर्मी से शुरू कर दी है।

पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने बताया कि उसकी 14 वर्षीय बेटी बीते 13 सितम्बर की सुबह 9 बजे गांव के कोटेदार के घर गल्ला लेने गई थी उसी दौरान गांव निवासी सोनू पुत्र ब्रह्मानन्द गुप्ता उर्फ भोपई ने उसकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर उसे लेकर कही दूर चला गया। उसकी बेटी घर से 4 थान सोने-चांदी के जेवरात और 5000 नकदी भी साथ लेकर आरोपी के साथ गई है। काफी खोजबीन के बाद भी बेटी का कोई सुराग नहीं मिल पा रहा है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी सोनू के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 87, 137 (2) के तहत मुकदमा दर्ज कर अपहृता और आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा अनिल कुमार ने बताया कि जल्द ही अपहृता को बरामद कर नामजद आरोपी को गिरफ्त में लेते हुए उसके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# समय से दें सूचना तो मौके पर पहुंचेगी पुलिस

संतकबीरनगर। महुली थाना परिसर में रविवार की देर शाम पीस कमेटी की बैठक हुई। एसओ रामकृष्ण मिश्र ने लोगों को उच्चाधिकारी के आदेशों-निर्देशों से अवगत कराया। त्योहार के दौरान आने वाली समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों, धर्मगुरुओं, जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों से अपील किया कि सभी लोग एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करें। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखें।

साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वालों, असामाजिक तत्वों, किसी भी प्रकार की आपराधिक अवांछित गतिविधियां दिखाई देने पर इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। गड़बड़ी पैदा करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही किए जाने की चेतावनी दी।

## दुष्कर्म के मामले में आरोपित को भेजा जेल

संतकबीर नगर : मेंहदावल पुलिस ने सोमवार को दुष्कर्म के मामले में गोरखपुर जिले के आरोपित युवक को मेंहदावल के टैक्सी स्टैंड से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने के बाद उसे जेल भेज दिया। तहरीर में महिला ने उल्लेख किया है कि गोरखपुर ज़िले के कैंपियरगंज थाना के नौगो पुरवा गांव निवासी सोनू गत 30 अगस्त को घर में घुस गया। उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। उसकी तहरीर पर पुलिस आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके उसकी तलाश में जुटी थी। सूचना मिलने पर सोमवार को वरिष्ठ उप निरीक्षक हरि नारायण दीक्षित, मुख्य आरक्षी सुरेन सिंह के साथ मेंहदावल के टैक्सी स्टैंड से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने के बाद उसने घटना में शामिल होने की बात स्वीकार कर लिया है। उसे जेल भेज दिया। (जासं)

## फरार चल रहे वारंटी को पुलिस ने भेजा जेल

संतकबीर नगर : कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने फरार चल रहे इसी थाना के जंगलऊन (सरही) गांव निवासी वारंटी मंगरु को सोमवार को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। उप निरीक्षक राजेश कुमार दूबे ने बताया कि वारंट जारी होने के बाद भी यह आरोपित कोर्ट में पेश नहीं हो रहा था। उसकी तलाश में पुलिस जुटी थी। सूचना मिलने पर वह सहयोगी आरक्षी घनश्याम मणि व धर्मवीर पासवान के साथ उसके गांव में दबिश दी। आरोपित को जेल भेजा है। (जासं)

# मेंहदावल टैक्सी स्टैंड से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

संतकबीरनगर। मेंहदावल पुलिस ने सोमवार को कस्बे के टैक्सी स्टैंड के पास से दुष्कर्म मामले के आरोपी को गिरफ्तार किया। एसओ आर के सिंह ने बताया कि पीड़िता ने 30 अगस्त को प्रार्थना दिया। आरोप मढ़ा कि गोरखपुर जिले के कैम्पियरगंज क्षेत्र का रहने वाला आरोपी युवक उसके घर में घुस कर उससे दुष्कर्म किया। इस प्रकरण में आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरु की गई। सूचना के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में लेते हुए जेल भेज दिया।

# डीएम और एसपी ने की पैदल गश्त

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर व पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने संयुक्त रूप से बारावफात को सकुशल संपन्न कराने के लिए मगहर में पैदल गश्त किया। सुरक्षा व कानून व्यवस्था सुदृढ़ रखने तथा शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाये रखने के निर्देश दिए।

गश्त के दौरान डीएम व एसपी ने धर्मगुरुओं, जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों से कहा कि सभी लोग एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करें। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखें। साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वालों, असामाजिक तत्वों, किसी भी प्रकार की आपराधिक अवांछित गतिविधियां दिखाई देने पर इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें बल्कि अफवाह की पुष्टि उच्चाधिकारियों से करें। जिले में सौहार्दपूर्ण वातावरण का माहौल बनाए रखने में पुलिस व प्रशासन का सहयोग करें। सोशल मीडिया पर ऐसे कमेंट न करें जिससे किसी की धार्मिक भावनाएं आहत हों तथा किसी भी प्रकार की भड़काऊ, गलत व अशोभनीय पोस्ट शेयर न करें।



ईद मीलादुन्नबी के जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते डीएम महेंद्र सिंह तंवर व एसपी सत्यजीत गुप्ता।

# बहू ने सास-ससुर पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया, केस

बखिरा। पकरडीहा निवासी एक महिला ने सास व ससुर पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपी सास-ससुर समेत चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

पीड़िता निशा पत्नी मनोज ने बताया कि वह आठ वर्ष से सास-ससुर से अलग रहती है। इसके बावजूद उसके सास-ससुर उसे प्रताड़ित करते हैं। 13 सितंबर सुबह 06:30 बजे घरेलू विवाद में ससुर, सास व दो देवरों ने उसे व पति मनोज को गालियां दीं और लात, घूंसे व लाठी डंडे से मारापीटा, जिससे उन दोनों को काफी चोट आई। पुलिस ने आरोपी ससुर नारायण देव, सौतेली सास मीना, सौतेले देवर दीपक व दीपांशु के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। संवाद

# कोर्ट के आदेश पर चार के खिलाफ केस

संतकबीरनगर। मेंहदावल पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर कुसौना खुर्द निवासी दंपती समेत चार के खिलाफ केस दर्ज किया। धर्मसिंहवा क्षेत्र के अतरीनानकार निवासी संजय पुत्र प्राद का आरोप है कि 31 जुलाई 2024 को मेंहदावल क्षेत्र के कुसौना खुर्द निवासी विष्णु, ओम प्रकाश, मीरा देवी और भूरे ने उसे तहसील मेंहदावल से घर जाते समय रास्ते में रोक लिया। आरोप है कि लोगों ने उसकी बाइक छीन कर उसे मारापीटा और जानमाल की धमकी दिया। एसओ आरके सिंह ने बताया कि कोर्ट के निर्देश पर दंपति समेत चार पर केस दर्ज किया गया।

# एमवी एक्ट में 69 वाहनों का चालान

संतकबीरनगर। एसपी सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमवार को सभी थाना क्षेत्रों की पुलिस ने संदिग्धों की तलाश में वाहनों की चेकिंग की। पुलिस ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत 69 वाहनों का चालान किया। इसके अलावा 90,500 रुपये शमन शुल्क की वसूली की। अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# पुलिस ने जनसहयोग से दो कैमरा लगवाया

संतकबीरनगर। धनघटा पुलिस ने सोमवार को ऑपरेशन त्रिनेत्र अभियान के तहत जनसहयोग से 02 सीसीटीवी कैमरा लगवाया। एसओ अनिल कुमार ने कैमरे का महत्व बताते हुए कहा कि आप जब अपने घरों से बाहर होते है, तो कैमरे घर की रखवाली करते हैं। एसओ ने अपील किया कि लोग अपने-अपने घरों, कॉलोनियों व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे जरूर लगवाएं। कम से कम एक कैमरे से सड़क पर भी निगरानी रखें। जिससे अपराधिक व असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखी जा सके।

# कंपनी की फ्रेंचायजी देने के नाम पर ठगी, मुकदमा

**जासं, संतकबीर नगर :** कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने सोमवार को कंपनी की फ्रेंचायजी देने के नाम पर ठगी करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया।

शहर के मोती चौराह निवासी ध्रुवचंद्र ने पुलिस को बताया कि जून माह में एक कंपनी के ब्रांड की फ्रेंचाइजी लेने का विज्ञापन निकला था। 15 जून को फोन पर आदित्य परमार से संपर्क किया, जिसने स्वयं को कंपनी का प्रतिनिधि बताया। 24 जून को आवेदन पत्र भरकर ईमेल पर भेज दिया। तीन जुलाई को स्वीकृति की बात कही गई। इसके बाद पंकज सिंह ने फोन करके दो लाख 95 हजार रुपया ले लिया। फिर नौ लाख रुपये की मांग की गई। कंपनी से संपर्क करने पर दोनों के प्रतिनिधि न होने की जानकारी मिली। कोतवाली प्रभारी सतीश कुमार सिंह ने बताया कि इस मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## एक स्थान पर लगवाए दो सीसीटीवी कैमरे

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने स्थानीय जन सहयोग से एक स्थान पर दो सीसीटीवी कैमरे लगवाए हैं। थाना धनघटा पुलिस ने एक स्थान पर दो कैमरे लगवाकर सराहनीय कार्य करने वाले व्यक्ति को माल्यार्पण कर सम्मानित किया। इसके साथ ही पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्र एवं हर घर कैमरा अभियान के तहत जनसामान्य से अपील की कि वह अपने घरों, कॉलोनियों व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे जरूर लगवाएं। एक कैमरे से सड़क को कवर करें, जिससे आपराधिक व असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखी जा सके। संवाद

# मारपीट का वीडियो वायरल चार आरोपितों पर मुकदमा

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर : खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र के बनकटिया गांव में मारपीट करने का एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो गया। इसमें पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

तहरीर में बनकटिया गांव के राधेश्याम पांडेय ने बताया है कि भूमि विवाद को लेकर रविवार को गांव के ही रहने वाले कपिल यादव व उनके लड़के देवनाथ यादव, रामकवल यादव व रूपेश यादव एकजुट होकर लाठी-डंडा व हाकी लेकर घर में घुसकर मारने लगे। जब बीच बचाव करने उनके पिता रामसूरत आए तो आरोपितों ने उन्हें भी मारपीट कर घायल कर दिया।

लोगों के बीच बचाव के बाद उनकी जान बची। गांव के ही किसी ने मामले की वीडियो बना ली थी, जो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रही है। कोतवाली प्रभारी सतीश कुमार सिंह ने बताया कि इस मामले में आरोपितों पर मामला दर्ज किया गया है।

नबी की शान में बखिरा में निकला जुलूस • जागरण

# अकीदतमंदों ने ईद मिलादुन्नवी पर निकाला जुलूस, मनाई खुशियां

## शहर, कस्बा, ग्रामीण अंचलों में नवी की शान में गूंजी फिजाएं, जलसा व मिलाद करके मना जश्न, घर, मस्जिदों, मदरसों में साज-सज्जा करके हुई जगमग


महुली में नबी की शान में जुलूस निकालते अकीदतमंद • जागरण


मगहर में निकला जुलूस • जागरण


ईद मिलादुन्नबी पर शहर में निकला जुलूस • जागरण

जागरण टीम, संतकबीर नगर: ईद मिलादुन्नबी सोमवार को उत्साह के साथ मनाया गया। हजरत मोहम्मद की जयंती पर घरों-मस्जिदों, मदरसा सजा करके खुशियां मनाई गईं। शहर, कस्बा व ग्रामीण अंचलों में निकले जुलूस-ए-मोहम्मदी में अकीदतमंद शामिल हुए। नबी की शान में कलाम पेश करके अमन-चैन का पैगाम दिया गया। जगह-जगह मिलाद, जलसा करके मुबारकबाद दी गई।

शहर के पठान टोला, अंसार टोला से भव्य जुलूस निकला। जो ईदगाह, खलीलाबाद चौराहा, कोतवाली मार्ग, गोला बाजार से आदि स्थानों से वापस लौटा। बिथियानी, मंझरिया, इस्लामाबाद चौक आदि स्थानों से जुलूस निकला। खलीलाबाद चौराहा, गोला बाजार तिराहा, बरदहिया बाजार, अंसार टोला, पठान टोला, मुखलिसपुर चौक, गोला बाजार, बैंक चौराहा, मिल चौक, बिथियानी, मंझरिया आदि स्थानों से गुजरा। इसमें युवाओं का उत्साह देखते बन रहा था। लाउडस्पीकर पर विभिन्न स्लोगन की मधुर ध्वनि रात-सौगात में बजाते रहे। समुदाय के लोग सुबह जल्दी उठकर फजिर की नमाज पढ़ी। नबी की शान में कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा। जुलूसों में इस्लामिक परचम लहराकर हुआ, बड़े-बुजुर्ग नाते-शरीफ का नजराना पेश किया। बच्चों पर संगीत से शान में चलते ढोल पर पैगंबर की याद ताजा कर व्यक्तित्व व कृतित्व पर रोशनी डाल उनके बताए रास्ते पर चलने की सीख दी गई। नगर पालिका खलीलाबाद अध्यक्ष जगत जायसवाल के नेतृत्व में अनेक सभासद व शहरवासी मौजूद रहे।

**धनघटा में मनाई खुशियां, सौहार्द का दिया संदेश** : धनघटा (ईद मिलादुन्नबी) पर नगर पंचायत धनघटा में जुलूस निकला। अध्यक्ष मोहम्मद आमिर अंसारी के नेतृत्व में निकला जुलूस लेहुआ स्थित मदरसा दारुल उलूम तनवीरुल इस्लाम, अमरडोभा, तप्पुलवा, पौली, हल्दी आदि स्थानों से पुलिस चौकी के निकट पहुंचा। अमन व भाईचारा का संदेश दिया। ड्रोन कैमरे से निगरानी की गई। मौलाना मुकर्रम खान ने कहा कि आज का दिन सारी दुनिया के लिए अमन और खुशहाली का दिन है। जफर इकबाल, अमीन अहमद अंसारी, मोहम्मद कमर, मेंहदी हसन, वलीउल्लाह, डा. मुमताज, मोहम्मद तौहिद, वलीउल्लाह, शाहिद आदि मौजूद रहे। महुली कस्बा में जुलूस निकाला गया। मदरसा के अनेक बच्चे हरे रंग के झंडे के साथ नाते कलाम पढ़ते हुए जुलूस में शामिल हुए। नाथनगर बाजार में गौहर अली के नेतृत्व में जुलूस निकला। नगर पंचायत हरिहरपुर, मंझरिया, हरपुर, लखनौरा टोला, आदि पर सलमान, शाकिर, साबिर हुसैन, मौलाना आबिद अली, मौलाना जलालुद्दीन, सदरे आलम, इकरामुल्लाह, सद्दाम हुसैन, सफदर खान, मेराज, अजीजुर्रहमान, सलमान आदि मौजूद रहे। सेमरियावां में बाइक व पैदल जुलूस निकला। जो पचपोखरी, देवरिया लाल, सूबिया, बसडीला, कम्हरिया, जामडीह, शाहपुर, दुधारा, पारा शेख, पारा कला, गौरिया, खरिगावां, सोहरौली, सिसवा खलिसी आदि स्थानों पर वापस लौटा। नगर पंचायत मगहर में मदरसा शेरपुर के प्रबंधक कारी मोहम्मद अख्तर नसीम बरकाती व कारी अहमद हुसैन की सरपरस्ती में अकीदत के साथ निकला। शेरपुर, अंजान शहीद, तकिया बाजार, आर्य समाज मंदिर, कैलाबाद, शाही जामा मस्जिद, काजीपुर, मिल चौराहा होते हुए वापस मदरसा पहुंचा। जहां फातेहा व सलाम के बाद शिरनी बांटी गई। मौलाना मुसद्दिक उर्फ जामी बरकाती, मौलाना मुबश्शिर नज्मी, मौलाना अबुजर, मौलाना एजाज अहमद, जहीर बरकाती, हाफिज जमाल अहमद, जुल्फेकार अहमद, वसीम हुसैन, सैफ हुसैन, समसाद अलीमुद्दीन कादिरी, रईस आलम, मेंहदी हसन, अवधेश सिंह, मुजीब अख्तर, अहमद खान, तनवीर अहमद आदि मौजूद रहे।


दुधारा में निकला बाइक जुलूस • जागरण

# ड्रोन से हुई बारावफात के जुलूस की निगरानी, लोगों ने किया इस्तकबाल

## पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के यौमे पैदाइश पर जुलूस-ए-मोहम्मदी में शामिल लोगों को बांटी गई मिठाई



ईद मिलादुन्नबी के मौके पर मगहर में जुलूस निकालते लोग। स्रोत आयोजक



शहर में निकाले गए जुलूस में मिठाई वितरित करते लोग। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब की जयंती ईद मिलादुन्नबी के मौके पर सोमवार को नगर से देहात तक जुलूस ए मोहम्मदी निकाला। खलीलाबाद शहर में निकाले गए जुलूस में काफी संख्या में लोग शामिल हुए। धर्मसिंहवा कस्बे में ड्रोन से जुलूस की निगरानी हुई।

विवाद न होने पाए, इसके लिए पीएसी के साथ ही पुलिस फोर्स मौजूद रही। जिले में पुरअमन के साथ जुलूस निकला, लोगों ने जुलूस में शामिल लोगों का इस्तकबाल किया। शहर में डीएम और एसपी ने भ्रमण कर जुलूस का जायजा लिया।

खलीलाबाद के अंसार टोला, विधियानी, बंजरिया और पठान टोले से जुलूस निकाला गया। जुलूस नगर के विभिन्न स्थानों से होकर गुजरा। नगर पालिका प्रशासन की ओर से आजाद चौक पर स्टाल लगाया गया। जहां चेयरमैन जगत जायसवाल ने जुलूस में शामिल लोगों को फल वितरित किए। इस दौरान मौलाना राशिद, मुफ्ती नईम, अब्दुल्लाह खां, मास्टर वसीम, नूरुल्लाह खां, वसी खां, अय्यूब अंसारी, अहमद अली अंसारी, मास्टर मकसूद आदि मौजूद रहे। इधर डीएम महेंद्र सिंह तंवर और एसपी सत्यजीत गुप्त ने शहर का भ्रमण किया। मगहर प्रतिनिधि के अनुसार नगर तथा आसपास के क्षेत्रों में भव्य जुलूस निकाला गया।

इस दौरान या मोहम्मद के नारों की सदाएं गूंजती रहीं। जुलूस में नगर के हिंदू-मुस्लिम सभी लोगों के अलावा विभिन्न मदरसों के बच्चों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। नगर के विभिन्न स्थानों पर जुलूस में शामिल लोगों के लिए चाय, पानी, मीठे आदि के स्टाल लगाए गए। जुलूस मोहल्ला शेरपुर, तकिया बाजार, रानी बाजार, शाही जामा मस्जिद, काजीपुर चौराहा, कताई मिल चौराहा होते हुए पुनः उक्त मदरसों पर पहुंच कर समाप्त हुआ। इस अवसर पर हाजी बदरे आलम अंसारी, मास्टर जहीर अहमद, अवधेश सिंह, हाजी मौलवी शौकत अली, रंजीत कन्नौजिया आदि मौजूद रहे। बेलहर प्रतिनिधि के अनुसार बेलहर खुर्द, मंझरिया पाठन, लोहरसान, बेलवा मिश्र, पसनारा, समथा, पवहरि, पजराभिरी, रमवापुर मिश्र, कुल्हडिया, जंगल दशहर, जंगल बेलहर में जुलूस निकाले इस दौरान एसओ जितेंद्र कुमार यादव, दिलीप कुमार, राजीव यादव आदि मौजूद रहे।

**बखिरा में की गई तकरीर :** बखिरा। बारावफात पर जुलूस के दौरान पुलिस चौकी के सामने तकरीर हुई। इस दौरान कुछ देर जुलूस के रुकने से जाम की स्थिति बन गई। डीएम और एसपी के पुलिस कर्मियों ने जाम खुलवाया और कुछ ही देर में जुलूस को आगे बढ़वा दिया।

### एसडीएम-तहसीलदार के नेतृत्व में तैनात रही फोर्स

धर्मसिंहवा। ईद मिलादुन्नबी पर सोमवार को धर्मसिंहवा कस्बे में प्रशासन के लगाए गए ड्रोन कैमरे की निगरानी में जुलूस निकाला गया। यहां बारावफात के जुलूस की अनुमति को लेकर दो पक्ष अपनी दावेदारी पेश कर रहे था। एक पक्ष से दारुल उलूम अहमदिया मेराजुल उलूम के पूर्व प्रधानाचार्य मौलाना अली अहमद अनुमति मांग रहे थे, तो दूसरी तरफ मदरसे के प्रबंधक अकबाल अहमद अनुमति की दावेदारी पेश कर रहे थे। तहसील प्रशासन ने रविवार को सभी से बातचीत की और अंततः मदरसे के वर्तमान प्रधानाचार्य को जुलूस की अनुमति तमाम शर्तों के आधार पर दी। सोमवार को मदरसे से प्रबंधक जुलूस निकालने की तैयारी कर रहे थे, तो दूसरे पक्ष के मौलाना अली अहमद अपने आवास के सामने जुलूस की तैयारी कर रहे थे। मदरसे से आ रहे जुलूस में मौलाना अली अहमद भी शामिल हो गए। जुलूस में लोग काफी जोश के साथ मोहम्मद साहब की शान में नारेबाजी कर रहे थे। जुलूस कस्बे में भ्रमण करते हुए गौरी राई के बड़ौदा यूपी बैंक तक गया। इसके बाद मंसूरी मोहल्ला होते हुए आबादी क्षेत्र से गुजरकर दोबारा मुख्य बाजार में आ गया। संवाद

### लंगर और नात ख्वानी का आयोजन

धनघटा। ईद मिलादुन्नबी के मौके पर नाथनगर क्षेत्र में जगह- जगह जुलूस निकाला गया। क्षेत्र के मुस्लिम इलाकों में त्योहार को लेकर सजावट की गई। क्षेत्र के रैना, टेकड़ा, नाथनगर पुरानी बाजार, जयराम पट्टी, हरिहरपुर, महुली, मुखलिसपुर आदि जगहों के मदरसों से जिम्मेदारों की देखरेख और शिक्षकों के साथ बच्चों और लोगों ने भव्य जुलूस निकाला। जुलूस में नात पढ़ी गई। इस दौरान देश में अमनचैन की दुआएं मांगी गईं। संवाद

# आज ज़िले में आएंगी प्रभारी मंत्री

संतकबीरनगर। जिले की प्रभारी मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम मंगलवार को जनपद के भ्रमण पर रहेंगी। इस दौरान वह विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगी। साथ ही विकास को लेकर अधिकारियों के साथ वार्ता करेंगी। यह जानकारी सूचना विभाग ने दी है। संवाद

# मोबाइल चोरी के तीन आरोपी गिरफ्त में

मेंहदावल। क्षेत्र में मोबाइल चोरी तथा झपटमारी के मामले को लेकर पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लिया है। अभी केस तो पंजीकृत नहीं है, लेकिन पुलिस मामले की जांच में जुटी है। उम्मीद है कि बड़े पैमाने पर वारदातों का खुलासा करने में पुलिस सफल होगी।

मेंहदावल थाना क्षेत्र में बड़े पैमाने पर मोबाइल चोरी की वारदातें घटित हो रही हैं। 18 अगस्त को बसडीला में एक महिला का मोबाइल चोरों ने छीन लिया था। जब वह मोबाइल पर किसी रिश्तेदार से बात कर रही थी। पीड़िता ने तत्काल मामले की सूचना पुलिस को दी और प्रार्थनापत्र भी दिया। इसी तरह कस्बे के कुछ लोगों के मोबाइल गायब हो चुके हैं। मोबाइल चोरी तथा छिनैती की वारदातें पुलिस के लिए सिरदर्द बन गई हैं। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर तीन आरोपियों को हिरासत में लिया है। आरोपियों के हिरासत को लेकर थाना क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म है। बताया जा रहा है कि पुलिस प्रशासन बारावफात के जुलूस में व्यस्त है। इसके बाद पुलिस इस पर कुछ खुलासा कर सकती है। संवाद

**कई मोबाइल चोरी की वारदातों का हो सकता है खुलासा**

b

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-17-09-2024

# दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

खरगूपुर। महिला को निर्वस्त्र कर उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है। प्रभारी निरीक्षक कमलाकांत त्रिपाठी ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला को निर्वस्त्र कर उसके साथ दुष्कर्म किया गया था। इस मामले में छिटनापुर निवासी साहिद अली पुत्र साबिर अली के विरुद्ध पीड़िता ने मुकदमा दर्ज कराया था।

### पैगम्बर हजरत मोहम्मद की यौमे-ए-पैदाइश पर रिवायती अंदाज में निकाले गए जुलूस, जगह-जगह लगे लंगर

# जिलेभर में सरकार की आमद मरहबा से गूंजी फिजां



गोंडा शहर में सोमवार को पूरी शानो-शौकत से निकाला गया जुलूस-ए-मोहम्मदी।



खरगूपुर में सोमवार को निकाला गया जुलूस-ए-मोहम्मदी।

गोण्डा, संवाददाता। पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब की यौमे पैदाइश के मौके पर सोमवार को जिलेभर में जुलूस-ए-मोहम्मदी रिवायती अंदाज में निकाले गए। इस दौरान रसूल के दीवानों ने सब्ज परचम लेकर सरकार की आमद मरहबा के नारे लगाए। उधर, इबादतगाहों और घरों में कुरानख्वानी के साथ खुसूसी दुआएं मांगी गई। साथ ही जुलूस के साथ चल रहे लोगों के लिए जगह-जगह लंगर लगाकर तबर्रुक बांटे गए। हालांकि शाम को बारिश होने पर जुलूस रुका रहा। इसके बाद लोगों का उत्साह कम नहीं हुआ।

गोंडा शहर में जुलूस बहराइच रोड स्थित तिवारीपुरवा, सर्कुलर रोड व माली टोला से भव्य जुलूस निकाला गया। दोपहर बाद मोहल्ला इमामबाड़ा के सुनहरी मस्जिद तथा स्टेशन रोड स्थित तकिया मस्जिद से भी जुलूसे मोहम्मदी निकाला गया। जुलूस में बड़ी संख्या में लोगों ने अपने हाथों में झंडे लेकर आका की आमद मरहबा, सरकार की आमद मरहबा की सदाएं बुलंद कर रहे थे। नगर के डिप्टी मस्जिद समेत चौराहे को लाइटों और गुब्बारों व झंडों से सजाया गया। मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में देर रात तक लोगों की चहल पहल जारी रही। मस्जिद और घर रोशनी से जगमग रहे। लोगों ने नबी ए करीम मोहम्मद मुस्तफा पर दरूद व सलाम पेश किए। साथ ही फातिहा पढ़कर दुआएं मांगी गई।

**इटियाथोक क्षेत्र में सात जगहों से निकला जुलूस:** इटियाथोक कोतवाली क्षेत्र में सात जगहों से अलग-अलग जुलूस शांतिपूर्वक निकले। थानाध्यक्ष शेषमणि पांडेय के साथ पीएसी की एक कंपनी सुरक्षा के मुस्तैद रही। सोमवार की दोपहर आसपास क्षेत्रों से निकलने वाले जुलूस मदरसा गुलशने बरकात के मैदान में इकट्ठा हुए। जुलूस की अगुवाई मदरसे के प्रधानाचार्य मौलाना मुर्तुजा कर रहे थे। जुलूस देर शाम रेलवे मैदान में पहुंचा यहां पर मौलाना नजमुल हक ने सरकार की आमद और उनके वफात के बारे में जानकारी दी। इस दौरान गुलजार अहमद, अजीज खान, अब्दुल सबूर, नौशाद अहमद, मैनू मास्टर, इसरार अहमद, मो नसीम, शफीक अहमद, राजा, तारिक चौधरी, सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

**जुलूस में शामिल थी आकर्षक झांकियां:** खरगुपुर में जश्ने ईद मिलादुन्नबी का जुलूस में मक्का एवं मदीना सहित इस्लाम धर्म के अन्य पवित्र स्थानों की झांकियां भी शामिल थी। प्रेम एवं भाईचारा व शांति के प्रतीक मोहम्मद साहब के जन्मदिन पर मस्जिदों, मकानों एवं कस्बे को आकर्षक लाइटों से सजाया गया था। वहीं अकीदतमंदों ने मस्जिदों एवं घरों में विशेष इबादत की। जुलूस में मौलाना मोहम्मद कलाम मिस्बाही, हाफिज लियाकत, कारी यार मोहम्मद, कारी मोहम्मद वसीम, मोहम्मद अखलाक खान, शमशेर अली शकील रहमी, अहमद रजा आदि रहे।

**अकीदत के साथ मना ईद मिलादुन्नबी:** छपिया में ईद मिलादुन्नबी का पर्व मसकनवा कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्रों में पूरे अकीदत के साथ मनाया गया। मौलाना नशीबदार ने बताया कि कि इस दिन का खास महत्व है। सीओ आरके सिंह, एसओ कृष्ण गोपाल राय, चौकी प्रभारी तेज नारायण गुप्ता मुस्तैद रहे। इस मौके पर मो हसन, अखलाक, अखलाक, मो शाहिद, मो सैफ, मोकैफ, असगर अली, शहंशाह, सुहैल आदि में लोग रहे।

## जुलूस में शामिल होने आ रहे बाइक सवार भिड़े, चार जख्मी

करनैलगंज। रविवार की देर रात नगर में चल रहे बारावफात के जुलूस में शामिल होने आ रहे दो बाइक सवार आपस में भिड़ गये। जिससे उनकी बाइक क्षतिग्रस्त होकर सड़क पर ही पलट गयी। इस हादसे में चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से सीएचसी लाया गया। जहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए गोण्डा रेफर कर दिया गया। घटना रविवार देर शाम की बताई जा रही है। नगर में बारावफात के मौके पर चल रहे जुलूस में हिस्सा लेने के लिये खरगूपुर व कटरा बाजार से दो-दो युवक अलग अलग बाइकों से होकर आ रहे थे। अभी वे पहाड़ापुर पुलिस चौकी के पास पहुंचे ही थे कि उनकी बाइकें आपस में भिड़ गयी। इससे दोनो बाइकें सड़क पर ही पलट गयी। हादसे में बाइक सवार इमरान खरगूपुर, कृष्णा ऊर्फ शिवकुमार, नियामत अली खान व एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गये।

## महंगूपुर के गांव में नई परंपरा डालने से पुलिस ने रोका

नवाबगंज। थानाक्षेत्र के महंगूपुर में सोमवार को जुलूस-ए-मोहम्मदी निकालने को दो समुदाय के मध्य तनाव उत्पन्न हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने गांव में बारावफात के जुलूस निकालने की नई परम्परा डालने से आयोजनकर्ताओं को रोक दिया। सोमवार को महंगूपुर गांव में बरावफात को लेकर जुलूस निकालने की तैयारी मुस्लिम पक्ष कर रहा था। जानकारी होने पर यह बात पूरे गांव में चर्चा का विषय बन गयी। इस पर्व पर पूर्व में कभी ऐसा नहीं देखने को मिला ऐसा कई लोगों का कहना था। आक्रोश बढ़ने लगा और लोग जगह-जगह इकट्ठा होने लगे। माहौल खराब होने से पूर्व ही यह जानकारी गांव के ही किसी व्यक्ति ने पुलिस को दे दी। मौके पर थाने से दो सिपाही पहुंचे किन्तु जुलूस निकालने को लेकर मुस्लिम समुदाय अड़ा रहा। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि जानकारी मिली कि गांव में नई परम्परा के अंतर्गत जुलूस निकाला जा रहा था। इसपर तत्काल रोक लगा दी गयी है।

# विवाहिता को घर से निकाला, केस

अलावल देवरिया, संवाददाता। सालपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम भदवां सोमवंशी निवासी विवाहिता पूनम देवी ने ससुराल वालों पर मारपीट करके घर से निकालने की शिकायत एसपी से की है। पत्र में बताया है कि उसकी शादी जयराम से हुई थी।

विवाह के कुछ दिन बाद से उसका पति व दो ननद और सास उसे तरह-तरह की यातना दे रहे और मारपीट करते हैं। जिससे उसकी तबियत खराब होने लगी। बीते छह तारीख को विपक्षियों ने मुक्का, थप्पड़, डंडा तथा चप्पलों से उसे मारा-पीटा और बाल पकडकर घसीटा, किसी प्रकार से उसने अपनी जान बचाई। इसकी सूचना फोन से मायके वालों को दी तभी से वहीं रह रही हूं।

प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के आदेश के आधार पर समुचित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# चार्ज न देने पर पेशकार के खिलाफ केस

तरबगंज, संवाददाता। स्थानांतरित पेशकार के विरुद्ध चार्ज हस्तगत न करने तथा शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने पर डीएम के आदेश पर प्रभारी तहसीलदार ने मुकदमा दर्ज कराया है। प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

- तबादले के बाद भी चार्ज न देने पर डीएम ने दिए थे कार्रवाई के आदेश
- तहरीर पर तरबगंज पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरु की

प्रभारी तहसीलदार रंजन वर्मा ने तहरीर में आरोप लगाया है कि तहसीलदार न्यायालय के नवनियुक्त पेशकार शिव प्रसाद को स्थानांतरित पेशकार अजय कुमार बीते दो माह से चार्ज नहीं दे रहे हैं। वह बिना किसी सूचना के न्यायालय तथा तहसील से अनुपस्थित रहते हैं।

न्यायालय पर ताला लगाकर फोन बंद कर बगैर सूचना गायब हो जाते हैं। अजय कुमार के कब्जे में तहसीलदार न्यायालय की तमाम महत्वपूर्ण पत्रावलियां है परन्तु बार-बार मौखिक व अन्य माध्यम से अवगत कराये जाने के बावजूद चार्ज नहीं दिया जा रहा है। इससे प्रतीत होता है कि चार्ज में रखी महत्वपूर्ण पत्रावलियों का गबन कर लिया गया है।

इसके कारण चार्ज हस्तगत नहीं किया जा रहा है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी पेशकार के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

चार्ज स्थानांतरण को एसडीएम ने गठित की टीमः स्थानांतरित पेशकार की सुपुर्दगी में उपलब्ध पत्रावलियों को सूचीबद्ध कराकर नवनियुक्त पेशकार को चार्ज हस्तगत कराने के लिए एसडीएम ने पांच सदस्यीय टीम का गठन किया है।

एसडीएम विशाल कुमार का कहना है कि चार्ज के हस्तान्तरण में काफी विलम्ब होने से न्यायिक कार्य प्रभावित हो रहा है। ऐसी स्थिति में प्रभारी तहसीलदार रंजन वर्मा के नेतृत्व में पेशकार अजय कुमार के पास उपलब्ध पत्रावलियों को सूचीबद्ध करने एवं नवनियुक्त पेशकार शिव प्रसाद को शीघ्र चार्ज का हस्तान्तरण कराने के लिए जांच कमेटी का गठन किया गया है।

कमेटी में नायब तहसीलदार बेलसर चन्दन जायसवाल, रजिस्ट्रार कानूनगो विनोद कुमार सिंह, रजिस्ट्रार कानूनगो नन्द लाल यादव, न्याय लिपिक दीपक मिश्रा तथा कम्प्यूटर आपरेटर संदीप तिवारी को शामिल किया गया है।

# दुष्कर्म व अपहरण के आरोपित गिरफ्तार

संसू, जागरण • खरगूपुर : प्रभारी निरीक्षक कमलाकांत त्रिपाठी ने बताया कि दुष्कर्म के आरोपित छिटनापुर निवासी साहिद अली को गिरफ्तार किया गया है। वही नवाबगंज प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह ने कहा कि कोचिंग गई छात्रा के अपहरण के आरोपित बिहार के जनपद सिवान थाना म्हाराजगंज के ग्राम तुक्कीपुर निवासी मुन्ना सिंह को गिरफ्तार किया गया है। 21 अगस्त को छात्रा का अपहरण किया गया था।

# लौव्वा वीरपुर में दिनदहाड़े बकरी उठा ले गया भेड़िया

- बिजली उपकेंद्र के पास खूंटे पर बंधी बकरी को बनाया निशाना
- वन विभाग की निष्क्रियता पर स्थानीय लोगों में जबरदस्त रोष

नवाबगंज, सवांददाता। क्षेत्र के लौव्वा वीरपुर गांव में बिजली उपकेंद्र के निकट रहने वाले एक परिवार की बकरी भेड़िया दिन में ही उठा ले गया। ग्रामीणों का कहना है कि पखवारे भर से हम लोग खौफ में जी रहे हैं। विभाग हाथ पर हाथ धरे बैठा है। हालांकि, एसडीओ सुदर्शन ने बताया कि सूचना मिलने पर संबंधित क्षेत्रों में वनकर्मियों की टीम भेजकर निगरानी कराई जा रही है।

महंगूपुर निवासी राम लौटन यहां बालू टीले पर छप्पर रख निवास करते हैं। बताया जाता है कि उनकी पत्नी घर के अंदर थी। बाहर बकरियां खूंटे पर बंधी हुई थी। सोमवार सुबह करीब 9 बजे बकरियों के चिल्लाने पर जब वह बाहर निकली तो देखा भेड़िया एक बकरी लेकर भाग रहा था। अकेली होने के नाते वह कुछ कर भी नहीं पाई। कुछ दिन पहले भी इनकी बकरी के बच्चे को भेड़िया उठा ले गया था। पास ही मूंज की झाड़ियां हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि अक्सर भेड़िया यहां दिखाई भी पड़ता है। वन विभाग को हर बार घटना की सूचना दी जाती है पर वन कर्मी क्षेत्र में भ्रमण कर लौट जाते हैं। भेड़िये को पकड़ने का कोई प्रयास लोगों को अब तक नहीं दिखा।

बहरहाल पखवारे भर भेड़िया के खौफ में जी रहे महंगूपुर, चौखड़िया और विश्नोहरपुर लोगों में वन विभाग की निष्क्रियता पर आक्रोश पनप रहा है।

# हादसे में व्यापारी की मौत वाहन चालक पर मुकदमा

संसू, जागरण • मनकापुर : रेहरा-टिकरी मार्ग पर मूसेगंज के पास सड़क दुर्घटना में व्यापारी वरुण कुमार की मौत हो गई। मृतक के स्वजन का रो-रोकर बुरा हाल है।

बताया जाता है कि ग्राम भिटौरा के मजरा मूसेगंज के रहने वाले वरुण कुमार रविवार की रात में भोजन करने के बाद गांव के पास ही रेहरा-टिकरी मार्ग पर टहल रहे थे। अज्ञात चार पहिया ने ठोकर मार दी, जिससे वरुण की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। चालक वाहन लेकर फरार हो गया। मौत की सूचना पर घर में कोहराम मच गया। स्वजनों का रो-रोकर हाल बेहाल है। मृतक पांच भाइयों में तीसरे नंबर पर थे। स्वजन मृतक की शादी करने वाले थे। मृतक वरुण गांव में ही आटा चक्की व किराना की दुकान चलाते थे। मृतक के पिता शांतिराम ने पुलिस को तहरीर दी है। अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक हरिश्चंद्र भारती ने बताया कि अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा किया गया है।

# 700 रुपये के लिए इलाज में की गई लापरवाही, महिला मरीज की मौत

## उल्टी-दस्त की थी शिकार स्वजन बोले कर्मियों ने मारपीट भी की

### स्वजन का आरोप

संसू, जागरण ● गोंडा : स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध बाबू ईश्वर शरण चिकित्सालय में उल्टी-दस्त की समस्या को लेकर भर्ती कराई गई महिला की रविवार की रात में मौत हो गई। स्वजन ने 700 रुपये के लिए इलाज में लापरवाही व तीमारदार की पिटाई किए जाने का आरोप लगाकर रोष जताया। नगर कोतवाली पुलिस ने मृतका के देवर से तहरीर ली और कार्रवाई का भरोसा देकर शांत कराया। वीडियो भी इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है।

नगर को इमामबाड़ा निवासी महेश निषाद ने बताया कि रविवार की दोपहर में उनकी भाभी अंजू को उल्टी-दस्त की समस्या होने पर बाबू ईश्वर शरण चिकित्सालय लेकर आए। चिकित्सक ने भर्ती करने की सलाह दी। भाभी को भर्ती करा दिया। आरोप लगाया कि स्वास्थ्य कर्मी उससे वार्ड में सुई, ग्लूकोज लगाने के लिए रुपये देने की मांग की। उनके 700 रुपये मांगा गया। रुपये न देने पर इलाज में लापरवाही की गई, जिससे रविवार की रात में अंजू की मौत हो गई।

आरोप है कि शव ले जाने से पूर्व भी रुपये मांगे गए। रुपये न होने की बात कहने पर स्वास्थ्य कर्मियों ने बाहर से कुछ लोगों को बुला लिया। तीमारदारों की पिटाई की गई। प्रकरण



मेडिकल कालेज परिसर में नाराज लोगों को समझाती पुलिस ● सौ. इंटरनेट मीडिया

> प्रकरण संज्ञान में आया है। जांच के आदेश दिए गए हैं। कमेटी बनाई जा रही है। रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। पूर्व में रुपये मांगने व मारपीट के प्रकरण में इंक्रीमेंट रोकने के साथ ही चेतावनी दी गई है।
>
> – डा. धनंजय श्रीकांत कोटास्थाने, प्रधानाचार्य मेडिकल कालेज

में हंगामे की सूचना पर नगर कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शांत कराया। नगर कोतवाल मनोज पाठक ने कहा कि इमामबाड़ा निवासी महेश निषाद ने तहरीर दी है। स्वास्थ्य कर्मियों पर रुपये मांगने, इलाज में लापरवाही व मारपीट करने का आरोप लगाया है। तथ्यों की जांच कराई जा रही है।

पहले भी मरीज व तीमारदार की हो चुकी पिटाईः इससे पहले सात अगस्त को भी मेडिकल कालेज के आपातकालीन कक्ष में इलाज कराने आए मरीज व तीमारदार से मारपीट की गई। वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित होने के बाद उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने जांच कर कार्रवाई का आदेश दिया था, लेकिन प्रकरण में कोई कार्रवाई नहीं की गई।

### हत्या व रिश्वतखोरी में दर्ज किया जाए मुकदमा

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के पदाधिकारियों ने अंजू की मौत पर दुख जताने के साथ ही स्वास्थ्य कर्मियों के कार्यप्रणाली की निंदा की। राकेश उर्फ गुड्डू वर्मा ने कहा कि मृतका अंजू का परिवार विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल से जुड़ा है। इनके देवर संगठन के पदाधिकारी हैं। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों के विरुद्ध हत्या, कर्तव्य के प्रति उदासीनता, रिश्वतखोरी व इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराए जाने की मांग की।

# सरकारी फाइल गायब करने वाले पेशकार पर केस

संसू, जागरण ● तरबगंज : प्रभारी तहसीलदार रंजन वर्मा ने बताया कि न्यायालय में पेशकार अजय कुमार तैनात थे, इनके अनुपस्थित रहने व लापरवाही बरतने पर पटल परिवर्तन किया गया था। स्थानांतरण के बावजूद पेशकार ने चार्ज नहीं दिया। वह तहसीलदार न्यायालय में ताला लगाकर व फोन स्विच आफ करके आए दिन बिना सूचना के अनुपस्थित रहते थे। तहसीलदार ने कहा कि कई बार मौखिक व अन्य माध्यमों से सूचना देने के बावजूद पेशकार ने न तो चार्ज दिया और न ही महत्वपूर्ण फाइलों उपलब्ध कराई। न्यायिक कार्य प्रभावित होने से अधिवक्ता लगातार विरोध जता रहे थे। अधिवक्ताओं ने संपूर्ण समाधान दिवस में भी शिकायत दर्ज कराई थी। डीएम नेहा शर्मा ने संबंधित के खिलाफ एफआइआर कराने के आदेश दिए थे। प्रभारी तहसीलदार ने सरकारी फाइलें गायब करने की आशंका जताते हुए मुकदमा कराया गया है। प्रभारी निरीक्षक तरबगंज राजेश सिंह ने बताया कि प्रभारी तहसीलदार की तहरीर पर आरोपी पेशकार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। एसडीएम विशाल कुमार ने बताया कि करीब एक माह पहले अजय कुमार का पटल स्थानान्तरित करते हुए पेशकार पद से वासिल वाकी नवीस के पद पर किया गया था। जिला मुख्यालय से स्थानान्तरित होकर तहसीलदार के न्यायालय पर पेशकार पद पर आए शिव कुमार को आरोपी पेशकार ने चार्ज नहीं दिया, जिससे न्यायिक कार्य बाधित है। एसडीएम ने बताया कि संबंधित कर्मचारी के खिलाफ विभागीय जांच भी चल रही है।

# चोरी के आरोपित को पुलिस ने पकड़ा, बाइक बरामद

संसू, जागरण ● गोंडा : नगर कोतवाली पुलिस ने बाइक चोरी के आरोपित को गिरफ्तार किया है। बाइक भी बरामद की गई है। कोतवाल मनोज पाठक ने कहा कि जानकीनगर निवासी सुनील कुमार तिवारी ने 23 अगस्त को दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा कि वह गांधी पार्क के पास बाइक खड़ी करके टहल रहे थे।उनकी बाइक चोरी हो गई। जांच में श्रावस्ती के नासिरगंज चंदकोटिया निवासी अंकित श्रीवास्तव का नाम सामने आया। आरोपितों को सर्किट हाउस मार्ग स्थित आश्रय आवास के पास से गिरफ्तार किया गया है। चोरी की बाइक भी बरामद की गई है।

# जिलेभर में निकाले जुलूस-ए-मोहम्मदी

## मस्जिदों व मदरसों में रंगीन रोशनी के बीच कुरानख्वानी जुलूसों का किया स्वागत

जागरण टीम • गोंडा : इस्लाम धर्म के प्रवर्तक पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्म दिन ईद- मिलादुन्नबी (बारावफात) अकीदत के साथ मनाया गया। रंगीन रोशनी के बीच रविवार की पूरी रात मस्जिदों व मदरसों में जलसा हुआ,जहां कुरानख्वानी व नातिया पढ़ी गई। सोमवार को विभिन्न जगहों से जुलूस-ए मोहम्मदी निकाल कर हुजूर की आमद पर खुशियां मनाई गईं। पूरे दिन जगह-जगह पांडाल सजाकर लोगों के स्वागत के साथ लंगर बांटे गए।

पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्म दिवस पर लोगों ने मस्जिदें, अपने घरों मुहल्लों को लाइट की रौशनी आदि से सजाया था। रविवार को रात में जाग कर इबादत की। कई स्थानों पर जश्ने ईद मीलादुन्नबी का प्रोग्राम किया गया जिसमें उलेमाओं ने अपने तकरीर में पैगंबर मोहम्मद साहब के शांति और इंसानियत से रहने के उपदेशों का जिक्र किया। शहर में सभी जगह से जुलूस निकलकर एकता तिराहा पहुंचे,जहां सभी एक होकर मंनोरंजन तिराहा तक गए। यहां से वीर अब्दुल हमीद चौक होते हुए इसका समापन नगर पालिका परिषद में जलसा के साथ किया गया। जलसा में जुलूस आयोजकों व सजावट करने वालों को पुरस्कृत भी किया गया। कई स्थानों पर जुलूस के स्वागत में लंगर बांटे गए।



कर्नलगंज बाजार में जुलूस निकालते लोग•जागरण

### मेडिकल कॉलेज से सबंद्ध बाबू ईश्वर शरण अस्पताल में फिर दिखी अमानवीयता,पीड़ित ने तहरीर दी

# इलाज के लिए मांगे रुपये, न देने पर पीटा

गोण्डा, संवाददाता। स्वशासी मेडिकल कॉलेज से सम्बद्ध बाबू ईश्वर शरण अस्पताल एक बार फिर मरीज के तीमारदारों से हुई मारपीट को लेकर चर्चा में है। पीड़ित परिजनों का आरोप है कि पहले इलाज के लिए रुपये की मांग की गई और मौत के बाद मृत्यु प्रमाणपत्र के लिए पैसे मांगे गए। न देने पर कर्मचारियों ने खुद व बाहरी लोगों को बुलाकर मारपीट की। पीड़ित ने नगर कोतवाली में एफआईआर दर्ज करने के लिए तहरीर भी दी है। सीओ सिटी सौरभ वर्मा ने जांच के बाद कार्रवाई की बात कही है।

बताया जाता है कि नगर कोतवाली क्षेत्र के इमामबाड़ा निवासी महेश निषाद अपनी 40 वर्षीय भाभी अंजू को उल्टी-दस्त से पीड़ित होने पर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया था। रविवार दोपहर से ही महिला का इलाज चल रहा था। देररात तबीयत बिगड़ने पर परिजनों से समुचित इलाज के लिए रुपये की मांग की गई। रुपए न देने पर इलाज में लापरवाही की गई जिसकी वजह से महिला की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि मौत के बाद मृत्यु प्रमाणपत्र के लिए भी स्टाफ नर्स ने 700 रुपये की मांग की। जब परिजनों ने पैसे देने से इनकार किया और विरोध किया तो गोंडा मेडिकल कॉलेज के कर्मचारियों ने मिलकर जमकर उनकी पिटाई कर दी। परिजनों का यह भी आरोप है कि जब से मरीज भर्ती किया गया था, तब से ही अस्पताल स्टाफ पैसे की मांग कर रहा था। ग्लूकोज, सुई, और सिरिंज के लिए भी पैसे मांगे जा रहे थे। पैसे न देने पर नर्स और अस्पताल के कर्मचारियों ने बाहरी लोगों को बुलाकर मारपीट की।



शहर में मेडिकल कॉलेज से संबद्ध अस्पताल में रविवार रात हंगामे के बाद गुस्साए लोगों को समझाती पुलिस।

- परिजनों ने मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए रुपए मांगने का लगाया आरोप
- परिजनों ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की

**रात में घंटों चला हंगामा :** रविवार रात मरीज के परिजनों से मारपीट को लेकर घंटों हंगामा चलता रहा। मारपीट की सूचना पर हिन्दू संगठनों से जुड़े लोग भी पहुंचे और कार्रवाई की मांग करने लगे। अस्पताल के जिम्मेदारों ने पहुंचकर लोगों को समझा बुझाकर शांत भी कराया। रात में नगर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची और लोगों को शांत कराने में जुटी रही।

बाबू ईश्वर शरण अस्पताल के मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. एमडब्ल्यू खान ने कहा कि पूरे मामले की जांच कराई जाएगी। जांच में दोषी मिलने पर कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी। इस बीच विहिप के प्रांतीय नेता राकेश वर्मा गुड्डू ने कहा कि भर्ती अंजू निषाद की मौत के बाद परिजनों से मारपीट की घटना अमानवीय है। चिकित्सा कर्मियों ने बहुत ही गलत काम किया है। मृतका मरीज अंजू निषाद का परिवार विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल से जुड़ा हुआ है। घटना पर बजरंग दल पदाधिकारियों ने भी कड़ी नाराजगी जताई है। कार्रवाई न होने पर मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री से भी शिकायत की जाएगी।

### अगस्त में इमरजेंसी में हुई थी मारपीट

गोंडा। बीते अगस्त माह के पहले हफ्ते में शहर के न्यू इन्द्रा आवास कालोनी निवासी नबी अहमद ब्लड प्रेशर अधिक होने पर अस्पताल की इमरजेंसी में अपने भाई सद्दाम के साथ इलाज कराने गया था। वहां बेवजह काफी देर तक बैठाए रखा जब उसके भाई ने इलाज के बाबत पूछा तो स्टाफ बिफर गया। यही नहीं उसकी और भाई सद्दाम की लात-घूंसों से जमकर पिटाई कर दी गई। मामला मीडिया में आने के बाद डिप्टी सीएम ने जांच के आदेश दिए थे। इस मामले में जांच के नाम पर लीपापोती की गई और किसी पर कार्रवाई नहीं हुई।

> "इस मामले में परिजनों ने इलाज में लापरवाही बरतने के साथ मारपीट का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। वहीं चिकित्साकर्मियों के खिलाफ विभागीय जांच होने की जानकारी मिली है। जांच के बाद तथ्यों के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।
>
> -सौरभ वर्मा, सीओ सिटी

# बारावफात पर महंगूपुर में तनाव, पुलिस तैनात



नवाबगंज के महंगूपुर गांव में जुलूस के लिए सजाई गई झांकी को वापस भेजती पुलिस टीम। संवाद

विश्नोहरपुर (गोंडा)। नवाबगंज थाना क्षेत्र के महंगूपुर गांव में मुस्लिम पक्ष सोमवार सुबह बारावफात पर जुलूस निकालने की तैयारी कर रहा था। इसकी जानकारी जब गांव के लोगों को हुई तो नई परंपरा की शुरुआत को लेकर चर्चा होने लगी। लोग विरोध पर उतर आए। सूचना पर थाने से दो सिपाही पहुंचे और जुलूस निकालने पर रोक लगा दी। मगर दूसरे पक्ष के लोग नहीं माने। सूचना पर कोतवाल निर्भय नारायण सिंह टीम के साथ पहुंचे और नई परंपरा कायम करने पर पूरी तरह से रोक लगा दी। उन्होंने जुलूस के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली पर तैयार की गई झांकी को वापस करा दिया। कोतवाल ने बताया कि गांव के कुछ लोग नई परंपरा कायम करना चाहते थे, इसके चलते रोक लगाई गई है। गांव में एहतियातन पुलिस फोर्स तैनात की गई है। (संवाद)

# उल्लास के साथ निकला जुलूस-ए-मोहम्मदी

## पैगंबर मोहम्मद की यौम-ए-पैदाइश पर शहर से गांव तक मनाया गया जश्न, जुलूस के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। बारह रबी-उल-अव्वल पर रविवार को शहर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में ईद-ए-मिलादुन्नबी का जश्न मनाया गया। उल्लास के साथ जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया। जुलूस की शोभा बढ़ाने के लिए घोड़े व ऊंट भी शामिल किए गए। इससे पहले लोगों ने घरों व मस्जिदों में पैगंबर मोहम्मद साहब की यौमे पैदाइश पर कुरानख्वानी की और नियाज फातिहा कराया। जुलूस के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

गोराचौकी बाजार से कस्बा में कदमे रसूले पाक तक जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया। कटरा बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत निंदूरा गांव और आसपास क्षेत्र में उल्लास के साथ मोहम्मद साहब का जन्मदिवस मनाया गया। मुफ्ती अताउर्रहमान की अगुवाई में जुलूस निकाला गया। इसमें प्रधान नबीउद्दीन खान के साथ ही पूर्व प्रधान मसीदुल व लिल्लाही खां तथा हजारों लोग शामिल हुए।

वजीरगंज संवाद के अनुसार घरों एवं मोहल्लों को झालर-झंडों से सजाया गया था। देर रात तक ईद-ए-मिलादुन्नबी का सिलसिला चलता रहा।

खरगूपुर संवाद के अनुसार स्थानीय कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में गाजे-बाजे के साथ जुलूस निकाला गया। इसमें मक्का एवं मदीना सहित इस्लाम धर्म के अन्य पवित्र स्थानों की झांकियों के साथ बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

करनैलगंज संवाद के अनुसार सकरौरा चौराहे पर बनाया गया द्वार बिजली की रोशनी से जगमगाता रहा। बस स्टॉप तिराहे से नई बाजार यतीमखाना चौराहे तक रंगबिरंगी झालर व गुब्बारे से सजावट की गई थी। मनकापुर संवाद के अनुसार मनकापुर गांव, शेखपुरवा, धरमपुर, रामापुर, फिरोजपुर आदि गांवों से वाहनों पर गुम्मदे खजरा व काबा शरीफ की झांकियां धार्मिक झंडों व गाजे-बाजे के साथ निकाली गईं। मोतीगंज संवाद के अनुसार खोरहंसा व जमुनियाबाग बाजार में भी ईद-ए-मिलादुन्नबी की रौनक रही।

परसपुर संवाद के अनुसार आंटा, कटैला, पसका, मोहना, बनवरिया, कुड़ियांव, भौरीगंज सहित ग्रामीण अंचलों में जुलूस निकाला गया। इटियाथोक संवाद के अनुसार आसपास के गांव से आई अंजुमनें जुलूस की शक्ल में इटियाथोक बाजार की तरफ निकलीं। रुपईडीह संवाद के अनुसार बारावफात पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने सोमवार को क्षेत्र की मस्जिद से ईदगाह तक जुलूस निकाला।





करनैलगंज में बारावफात के मौके पर की गई सजावट। शहर में सोमवार को निकाले गए जुलूस-ए-मोहम्मदी में शामिल अकीदतमंद। संवाद

### रैली निकालकर बताए पैगंबर के संदेश

गोंडा। जश्ने ईद-ए-मिलादुन्नबी पर मुस्लिम तालीमी युवा मंच की ओर से रैली निकालकर पैगंबर मोहम्मद के उपदेशों वाले स्लोगन लेकर रैली निकाली गई। पंडरीकृपाल के इंद्रापुर में मंच के अध्यक्ष शहंशाह आलम की अगुवाई में मुस्लिम युवाओं ने हाथों में तख्तियां लेकर संदेश दिया कि जिस इंसान ने अपने पड़ोसी को नुकसान पहुंचाया, वह जन्नत नहीं पहुंच सकता। शराब सभी बुराइयों की जड़ है। सब्र इंसान की सबसे बड़ी ताकत है। (संवाद)

# चाय-पकौड़ा दुकान पर विवाद में खौलता तेल फेंका, पांच झुलसे

संवाद न्यूज एजेंसी

### नवाबगंज थाना क्षेत्र के परशुरामपुर मोड़ की घटना

**नवाबगंज।** परशुरामपुर मोड़ पर चाय-पकौड़ा बेचने वाले दुकानदार की दबंगों ने पिटाई की। दुकान पर उसके बेटों व काम कर रहे लोगों पर कढ़ाही से खौलता तेज उड़ेल दिया। इससे दुकानदार समेत पांच लोग झुलस गए। पुलिस ने छह लोगों पर एफआईआर दर्ज कर ली है।

जफरापुर गांव निवासी पाटनदीन ने थाने में तहरीर दी। इसमें बताया कि परशुरामपुर मोड़ के पास चाय-पकौड़े की दुकान है। सोमवार दोपहर विवाद को लेकर खुर्दाबाद निवासी अनंतराम यादव, जितेंद्र, श्रवण, संदीप, विजयपाल तथा सुरेंद्र पहुंचे और डंडे से मारने लगे। कढ़ाही में खौल रहा तेल दुकानदार के लड़कों प्रदीप व कुलदीप पर फेंक दिया। इससे दोनों झुलस गए। बचाने के लिए आए हरिवंशपुर निवासी वंशी वर्मा और नौशाद को भी पीटकर घायल कर दिया। दोनों पर भी खौलते तेल की छींटें पड़ीं और दुकानदार पर भी खौलता तेज पड़ा।

# दो की हादसों में व रेलकर्मी की हार्ट अटैक से मौत

संवाद न्यूज एजेंसी

मनकापुर (गोंडा)। मनकापुर क्षेत्र में रविवार देर रात हुए दो हादसों में दो युवकों की मौत हो गई। वहीं, रेलवे कॉलोनी में रेलकर्मी की हार्ट अटैक से मौत हो गई है।

क्षेत्र के ग्राम भिटौरा के मूसेगंज निवासी वरुण कुमार (38) को रविवार रात मनकापुर-नवाबगंज मार्ग पर सड़क पार करते समय अज्ञात चारपहिया वाहन ने रौंद दिया। वरुण की मौके पर ही मौत हो गई। उनके पिता शांतिराम ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

दूसरे मामले मनकापुर रेलवे गुमटी 145 एसपीएल क्रॉसिंग के पास डाउन ट्रैक के बगल झाड़ी में 42 वर्षीय अज्ञात युवक का शव पड़ा मिला। रेलवे स्टेशन अधीक्षक अभिषेक त्रिवेदी की सूचना पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

कुशीनगर के थाना अहरौली के ग्राम बुसवा उर्फ विशुनपुर निवासी संतोष कुमार (29) रेलवे में मनकापुर में चतुर्थ श्रेणी कर्मी (ब्रेक मेंटनेंसमैन) पद पर तैनात थे। वह रेलवे कॉलोनी के कमरे में रहते थे। सोमवार सुबह तबीयत खराब होने पर संतोष को सहकर्मी रामदीन यादव, राजेश व दीपक ने सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉ. आदित्य कुमार ने मृत घोषित कर दिया।

## दो बाइकों की भिड़ंत में चार युवक घायल

करनैलगंज। बारावफात पर करनैलगंज नगर में निकले जुलूस में हिस्सा लेने के लिए खरगूपुर व कटरा बाजार के दो-दो युवक दो बाइकों से जा रहे थे। पहाड़ापुर पुलिस चौकी के पास दोनों बाइकों में भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार इमरान, कृष्णा उर्फ शिवकुमार व नियामत अली खान निवासी खरगूपुर व एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। चारों को सीएचसी लाया गया। डॉ. मोहम्मद मुदस्सिर ने बताया कि प्राथमिक उपचार के बाद चारों को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। (संवाद)

# मेडिकल कॉलेज में महिला की मौत, परिजनों से मारपीट

## डायरिया पीड़ित अंजू ने देर रात दम तोड़ा, इलाज में लापरवाही का आरोप

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। महाराजा देवीबख्श सिंह राज्य चिकित्सा महाविद्यालय का महिला मेडिकल वार्ड रविवार को डायरिया से पीड़ित महिला की मौत के बाद जमकर हंगामा हुआ। तीमारदारों ने स्वास्थ्यकर्मियों पर इलाज में लापरवाही बरतने, वसूली करने तथा बाहरी लोगों को बुलाकर पीटने का आरोप लगाते हुए हंगामा काटा। इससे करीब डेढ़ घंटे तक अफरातफरी में मरीज व तीमारदार परेशान रहे।

नगर कोतवाली क्षेत्र के अयोध्या रोड इमामबाड़ा निवासी अंजू देवी (40) उल्टी-दस्त से पीड़ित थीं। रविवार को पूर्वाह्न 11:20 बजे अंजू को मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड में दिखाया गया। डॉक्टरों ने अंजू को महिला मेडिकल वार्ड में भर्ती कर डायरिया के लक्षण बताकर उपचार शुरू किया। रात 11:15 बजे अंजू ने दम तोड़ दिया। इसके बाद स्वास्थ्यकर्मियों व तीमारदारों में विवाद शुरू हो गया। तीमारदार महेश निषाद ने बताया कि उनकी भाभी को भर्ती कराने के बाद बाहर से दवा व इंजेक्शन मंगाए गए।

### तीमारदारों ने कहा- स्वास्थ्यकर्मियों ने फोन कर बाहरी लोगों को बुलाकर कराई पिटाई

### जांच के लिए कमेटी गठित

"वार्ड में महिला की मौत के बाद हंगामे की जानकारी मिली है। मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम गठित की गई है। जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। हालांकि पीड़ित की ओर से लिखित शिकायत नहीं मिली है।

**- डॉ. आफताब आलम,** प्रभारी सीएमएस मेडिकल कॉलेज

इंजेक्शन लगाने के नाम पर हर बार सुविधा शुल्क लिया गया। रात में इंजेक्शन लगाने के नाम पर स्टाफ ने 700 रुपये की मांग की। रकम न देने पर इलाज में लापरवाही की गई। इसी वजह से मरीज की मौत हो गई। तीमारदारों का आरोप है कि शिकायत करने पर स्टाफ ने अभद्रता करते हुए फोन करके कुछ बाहरी लोगों को बुला लिया। जिन्होंने पूरे परिवार की पिटाई कर दी।

महेश के अनुसार उनके भाई के कपड़े फट गए व मां को भी चोटें आई हैं। पुलिस ने पहुंचकर मामले को शांत कराया। इसके बाद परिजन शव लेकर घर चले गए।

वहीं, नाइट ड्यूटी स्टाफ ने सामूहिक रूप से सीएमएस को पत्र लिखकर अवगत कराया कि मरीज अंजू देवी की हालत नाजुक थी। उपचार में कोई लापरवाही नहीं हुई है। महिला की मौत के बाद तीमारदारों ने हंगामा व गालीगलौज शुरू कर दिया, जिसके बाद पुलिस को फोन कर सूचना दी गई। वहीं, पीड़ितों ने नगर कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# रेलवे क्रॉसिंग पर लगा जाम एंबुलेंस व पीआरवी भी फंसी

संवाद न्यूज एजेंसी

## करनैलगंज-हुजूरपुर मार्ग पर लगभग 40 मिनट बंद रहा समपार फाटक

गोंडा। करनैलगंज-हुजूरपुर सड़क मार्ग पर रेलवे क्रॉसिंग पर सोमवार को दोनों तरफ से वाहनों का लंबी लाइन लग गई। जाम में एंबुलेंस व यूपी-112 पीआरवी भी घंटों फंसी रही। इससे लोगों को गंतव्य तक पहुंचने में काफी परेशानी हुई। करनैलगंज-सरयू रेलवे स्टेशन पर स्थित समपार संख्या-282 पर क्रॉसिंग बंद होने से जाम की यह परेशानी आए दिन दुश्वारी पैदा करती है।

सोमवार को लगे जाम को खुलवाने में आरपीएफ जवानों को मशक्कत करनी पड़ी। नहवा परसौरा निवासी अरविंद शुक्ला ने बताया कि वह बाजार से घर लौट रहे थे, तभी गेट बंद हो गया। तब तक मरीज लेकर करनैलगंज सीएचसी आ रही एंबुलेंस भी फंस गई। कुछ ही देर में दोनों तरफ वाहनों की लंबी लाइन लग गई। इसके थोड़ी देर बाद एक अन्य एंबुलेंस भी फंस गई। सायरन व हूटर बजने के बावजूद एंबुलेंस को रास्ता नहीं मिल सका। अधिवक्ता राजू चौबे ने बताया कि 40 मिनट तक क्रॉसिंग बंद रही।

## ओवरब्रिज निर्माण की मांग

**करनैलगंज।** तहसील बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम सौंप कर क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज का निर्माण कराने की मांग की है। संघ के अध्यक्ष गोपालजी तिवारी व महामंत्री ओमप्रकाश यादव की अगुवाई में दिए गए मांग पत्र में बताया गया कि हुजूरपुर रोड पर स्थित रेल क्रॉसिंग व गोंडा-लखनऊ मार्ग पर जहांगिरवा व सरयू रेलवे क्रॉसिंग पर आए दिन जाम लग जाता है। (संवाद)

# किशोरी को जहरीले जंतु ने काटा, गंभीर

**परसपुर (गोंडा)।** परसपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कृपापुरवा मलावां में एक किशोरी को किसी जहरीले जंतु ने काट लिया। गांव के रविशंकर श्रीवास्तव की बेटी महिमा श्रीवास्वत (14) सोमवार की शाम शंकरगंज चौराहा लाला बगिया से सब्जी लेकर घर लौट रही थी। वह घर के पास ही गली में पहुंची थी। उसी समय उसे किसी जहरीले जंतु ने काट लिया। परिजन उसे सीएचसी परसपुर लेकर आए। अधीक्षक लवकेश शुक्ल ने बताया कि किशोरी का इलाज किया जा रहा है। (संवाद)

## ■ मंदबुद्धि युवक को बंधक बनाने पर दंपती पर केस

**नवाबगंज (गोंडा)।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के लोलपुर गांव निवासी रामअजोर ने थाने पर दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि उनका चचेरा भाई पंचम (40) मंदबुद्धि है, उसका मानसिक संतुलन ठीक नहीं रहता है। आरोप है कि उमरी बेगमगंज थाना क्षेत्र के नयपुर गांव निवासी राधेश्याम और उनकी पत्नी राजकुमारी बीते एक फरवरी को पंचम को घर से लेकर चले गए और उसे अपने घर में बंधक बनाकर रखे हैं। उसे न तो अपने घर पर आने दे रहे हैं और न ही परिवार वालों से मिलने दे रहे हैं। कोतवाल निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि पीड़ित के भाई की तहरीर पर पति-पत्नी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर ली गई है। (संवाद)

## ■ युवती लापता, अपहरण का केस दर्ज

**नवाबगंज (गोंडा)।** नवाबगंज क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि उसकी 22 वर्षीय बहन शनिवार की सुबह करीब नौ बजे घर से कॉलेज जाने के लिए निकली थी। मगर शाम तक घर वापस नहीं लौटी। उसकी तलाश की गई मगर पता नहीं चल सका। प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि भाई की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर किया गया है। (संवाद)

# करंट की चपेट में आकर मासूम झुलसा

**मनकापुर(गोंडा)।** नगर पंचायत मनकापुर के पटेल नगर निवासी आशीष निषाद का बेटा युवराज (4) व बेटी वामिका (3) सोमवार की सुबह आठ बजे घर की छत पर एल्युमिनियम का तार लेकर खेल रहे थे। इस बीच घर के ऊपर से गुजरी हाई टेंशन लाइन के संपर्क में युवराज का तार आने से उसके बाएं हाथ का पंजा झुलस गया और वह मूर्छित होकर वहीं गिर गया। गनीमत रही कि इस बीच अचानक विद्युत सप्लाई ट्रिप हो गई, जिससे मासूम की जान बच गई। परिजन बच्चे को लेकर सीएचसी गए। वहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद वापस घर भेज दिया। डॉक्टर आदित्य कुमार ने बताया कि बच्चे का हाथ झुलस गया था। जिसका इलाज कर दिया गया है। (संवाद)

# कहासुनी के विवाद में पीटा, केस

**वजीरगंज(गोंडा)।** क्षेत्र के भगोहर गांव निवासी अरुण गोस्वामी ने थाने पर तहरीर देकर अवगत कराया कि पूर्व कहासुनी के विवाद को लेकर गांव के ही रामभजन, पेशकार व हरेंद्र गोस्वामी ने उन्हें व अमित गोस्वामी को डंडे से मारापीटा और जान से मारने की धमकी दी। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर लिया गया है। (संवाद)

# कोर्ट की फाइलें गायब करने में फंसे पेशकार, केस दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

तरबगंज (गोंडा)। तहसीलदार तरबगंज न्यायालय के पेशकार राजस्व वाद की फाइलें गायब करने में फंस गए हैं। पेशकार पर शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने के साथ ही महत्वपूर्ण फाइलों को गायब करने और चार्ज न देने के आरोप में डीएम के आदेश पर तरबगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

प्रभारी तहसीलदार रंजन वर्मा ने न्यायालय के पेशकार अजय कुमार के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि पेशकार का तबादला होने के बावजूद उसने चार्ज दिया नहीं दिया। तहसीलदार की कोर्ट पर ताला जड़कर व फोन स्विच ऑफ करके आये दिन बिना सूचना के आरोपी पेशकार नदारद रहता था। कई बार मौखिक व अन्य माध्यमों से सूचना देने के बावजूद न उसने चार्ज दिया और न ही महत्वपूर्ण फाइलें ही उपलब्ध कराईं। प्रभारी तहसीलदार ने अंदेशा जताते हुए तहरीर में बताया कि महत्वपूर्ण फाइलें गायब कर ली गई हैं, यही कारण है कि पेशकार चार्ज हस्तांतरित नहीं कर रहा है। कोतवाल राजेश सिंह ने बताया कि आरोपी पेशकार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। एसडीएम विशाल कुमार ने बताया कि विभागीय जांच भी कराई जा रही है।

### न्यायालय पर ताला जड़कर गायब था तहसीलदार कोर्ट का पेशकार

### डीएम के निर्देश पर प्रभारी तहसीलदार ने दर्ज कराई रिपोर्ट

## फर्जी अभिलेख से बैनामा कराने पर 14 नामजद

गोंडा। फर्जी अभिलेख तैयार कर जमीन का बैनामा कराए जाने के मामले में 14 नामजद लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई है। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल से नगर कोतवाली क्षेत्र के मुन्नन खां चौराहा निवासी लतीफुर्रहमान ने शिकायत की थी। बताया कि डिसमिल के वह मालिक हैं। जिसके फर्जी अभिलेख तैयार कर शहर के तोपखाना निवासी अजीज अहमद, मजीद, रफीक, शफीक, वसीम, नईम सगीर, शकील, हलीम, मोहम्मद जाबिद निवासी सलारपुरवा, अखलाक संजय कुमार, अब्दुल सलीम निवासी पूरेशिवा बख्तावर तथा नसीम निवासी झंझरी ने जमीन बैनामा कर दिया। आरोप लगाया कि यह सभी एक गैंग बनाकर जमीन हड़पने की साजिश करते हैं। नगर कोतवाल मनोज पाठक ने बताया कि एसपी के आदेश पर एफआईआर दर्ज कर जांच क्राइम प्रभारी अरविंद यादव को सौंपी गई है। (संवाद)

BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-17-09-2024

# जमीन कब्जे में पांच पर केस

उतरौला, संवाददाता। सार्वजनिक संपत्ति पर अनाधिकृत कब्जा किए जाने को लेकर पुरैना बुलंद के पांच लोगों पर लेखपाल की शिकायत पर गैंड़ास बुजुर्ग थाना में लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। राजस्व निरीक्षक वीरेंद्र कुमार भट्ट ने बताया कि तहसील क्षेत्र के पुरैना बुलंद में आरक्षित खलिहान के भूमि में इसी गांव के दुर्गा प्रसाद, मुन्नालाल, तिलकराम, अनिल कुमार व मायादेवी ने अनधिकृत रूप से कब्जा कर लिया है। छह माह पूर्व इन सभी को नोटिस भी दिया गया था। उप जिलाधिकारी के आदेश पर हल्का लेखपाल अरुण कुमार गुप्ता ने गैंड़ास बुजुर्ग थाना में लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम के तहत इन सभी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत करवाया है।

# ग्रामीणों ने तेंदुए को खदेड़ा, बछड़े की जान बची

## महदेइया गांव किनारे मिला बकरी का अवशेष, शौच करने गए ग्रामीण तेंदुआ देख भागे, ग्रामीणों को किया गया जागरूक

**दहशत**

महराजगंज तराई, संवाददाता। स्थानीय थानाक्षेत्र अन्तर्गत महदेइया गांव स्थित खेत में घूम रहे बछड़े की जान ग्रामीणों ने बचा ली। हुआ यूं कि सोमवार सुबह दस बजे झाड़ी में छिपे तेंदुए ने बछड़े पर अचानक हमला कर दिया। यह दृश्य देख चरवाहों ने शोर मचाते हुए तेंदुए को खदेड़ लिया। बछड़े को खरोंच तक नहीं आई और तेंदुआ भाग निकला। महदेइया गांव किनारे झाड़ियों में बकरी का अवशेष मिला है। बकरी किसकी है इसका पता नहीं चल सका है। रविवार देर शाम महादेव गोसाईं के ग्रामीण शौच करने गए तो रास्ते में तेंदुआ देख भाग खड़े हुए। गैसड़ी के हलौरा गांव में तेंदुआ पिंजरे के निकट नहीं जा रहा। वन विभाग टीम तीन थाना क्षेत्रों के दर्जन भर से अधिक गांवों में ग्रामीणों को जागरूक कर रही है।

महदेइया निवासी संजय भदौली, नानबाबू पाण्डेय, मिंटू सिंह, वीरेन्द्र सिंह, ननका भैया आदि ने बताया कि सुबह दस बजे गांव के उत्तर सिवान में निराश्रित बछड़ा घूम रहा था। झाड़ी में छिपे तेंदुए ने उस पर छलांग लगा दिया। यह दृश्य आसपास मौजूद चरवाहों ने देखा तो वे शोर मचाने लगे। उन्होंने साहस का परिचय देते हुए तेंदुए को दौड़ा लिया। तेंदुआ बछड़े को छोड़ लहेरी गांव की ओर भाग निकला। बछड़े को तेंदुए के हमले में खरोंच तक नहीं आई। वह भयवश काफी देर तक पेड़ के नीचे बैठकर हांफता रहा। ग्रामीण उसे गांव ले आए। महदेइया गांव के दक्षिण सागौन बाग है, जिसमें घनी झाड़ियां उगी हैं। कुछ लोग साइकिल से खैरहनिया गांव की ओर जा रहे थे। उन्होंने झाड़ी में बकरी का अवशेष पड़ा देखा। आस पास खून बिखरा था। इसी थाना क्षेत्र के महादेव गोसाईं निवासी बीपत, राम जियावन व निबरे आदि शौच के लिए जा रहे थे। रास्ते में अचानक तेंदुआ देख वे भाग खड़े हुए। उन्होंने बताया कि तेंदुआ कुछ दूरी तक उन लोगों के पीछे आया लेकिन गांव में रोशनी देख वापस लौट गया।

- अब ग्रामीण अकेले नहीं समूह में निकलते हैं
- बच्चों को भी घरों के भीतर ही रखा जाता है



धनीडीह गांव में तेंदुए से बचाव को लेकर ग्रामीणों को जागरूक करते वन कर्मी

### पिंजरे के आसपास भी नहीं आता तेंदुआ

गैसड़ी के हलौरा गांव में तेंदुआ पकड़ने को पांच दिन पहले वन विभाग ने पिंजरा लगाया है। ग्रामीणों ने बताया कि तेंदुआ पिंजरे के आस पास नहीं आता है। वह गांव के बाहर खेतों में ही घूमता रहता है। ग्रामीणों ने तेंदुए के भय से खेत की ओर अकेला जाना बंद कर दिया है। अब वे समूह बनाकर ही खेतों में काम करने जाते हैं। शौच के लिए भी लोग समूह बनाकर जाने लगे हैं। बच्चों की कड़ी सुरक्षा की जा रही है। शाम ढलते ही बच्चों को घरों में कैद कर दिया जाता है। दिन के उजाले में भी उन्हें दरवाजे पर खेलने की छूट नहीं है। हालांकि गांव में अभी मानव पर हमले की कोई घटना नहीं हुई है। इसी तरह महराजगंज तराई के उदईपुर गांव में ग्रामीण सतर्कता बरत रहे हैं। गांव की तीन बकरियों को तेंदुआ उठा चुका है। ग्रामीण पूरी तरह सतर्क हैं।

### दरवाजे पर रखें उजाला, हमले की संभावना होगी कम

रविवार शाम वन विभाग टीम महदेइया गांव लोगों को जागरूक करने गई थी। लोगों को बताया गया कि वे पूरी तरह सतर्क रहें। किसानों को अकेले खेत में काम करने जाने से मना किया गया है। बताया गया कि दरवाजे पर उजाला रखने से वन्यजीवों के हमले की संभावना कम हो जाती है। कहा गया कि सतर्क रहने से खतरा कम हो जाता है। उन्हें जागरूकता सम्बन्धी साहित्य भी बांटे गए हैं। रविवार को ही गुलरिहा, बसंतपुर, धर्मपुर, धनीडीह, बनकटवा आदि गांव में जागरूकता अभियान चलाया गया और सबको सतर्क किया गया है।

डीएफओ डॉ एम सेम्मारन ने बताया कि ग्रामीणों को वन्यजीवों के प्रति सतर्क किया गया है। मानव पर हमले की कोई घटना प्रकाश में नहीं आई है। तेंदुए प्रायः जंगल से निकलकर आबादी वाले क्षेत्र में चले आते हैं। उनसे डरने की नहीं बल्कि सतर्क रहने की जरूरत है।

P.K

# बैंक खाताधारकों से ठगी करने वाला दूसरा टप्पेबाज गिरफ्तार

जासं • बलरामपुर : हरैया थाना स्थित प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक के बुजुर्ग खाताधारक से जमा पर्ची भरकर रुपये जमा करने के बहाने 44 हजार रुपये की ठगी करने वाले दूसरे टप्पेबाज पंकज सिंह को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इससे पूर्व पयागपुर बहराइच के अमानसिंहपुरवा मुंडेरवा ठाकुराइन निवासी उसके भाई पवन सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। दोनों भाई साथ मिलकर हरैया, बिजलीपुर, मथुरा बाजार समेत गिलौला श्रावस्ती, गोंडा, बहराइच व श्रावस्ती में भी ठगी कर चुके हैं। आरोपित के पास 4270 रुपये, एक बाइक व रुमाल में बंधी कागज की दो गड्डियां बरामद हुई हैं।

पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने बताया कि बीते 15 अगस्त को हरैया के ठठरहिया गांव निवासी जग प्रसाद ने प्रार्थना पत्र दिया कि 13 अगस्त को प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक के बाहर दो लोगों ने डेढ़ लाख रुपये के नकली नोट (सादे कागज की गड्डी) देकर उनके पास से 44 हजार रुपये लेकर गायब हो गए। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सीसी कैमरा फुटेज के आधार पर आरोपितों की तलाश शुरू की। प्रभारी निरीक्षक गोविंद कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बीते पांच सितंबर को आरोपित पवन सिंह को पूरनपुर नहर पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया था। पूछताछ में पवन ने बताया कि 13 अगस्त को वह अपने भाई पंकज के साथ प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक हरैया शाखा आया था। एक बुजुर्ग आदमी व महिला जमा पर्ची लेकर आए। पर्ची भरने के बहाने बैंक गेट के बगल उनसे बातचीत की। बुजुर्गों को रुमाल में बंधे तीन कागज की गड्डी दी जिसमें ऊपर से एक पांच सौ का नोट लगा था। कहा कि आप मेरे रुपये पकड़िए। मैं आपके रुपये जमा करके आता हूं। इतना कहकर उनसे 44 हजार रुपये लेकर निकल गए। जब बुजुर्ग ने रुमाल खोलकर देखा तो होश उड़ गए। एक पांच सौ के नोट के नीचे तीनों गड्डी में सिर्फ सादे कागज थे। पवन की गिरफ्तारी के बाद उसके भाई पंकज की तलाश की जा रही थी, जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

**डेढ़ लाख रुपये की नकली गड्डियां थमाकर बुजुर्ग से 44 हजार लेकर गायब हो गए थे टप्पेबाज**




हरैया पुलिस की गिरफ्त में टप्पेबाज पंकज सिंह • सौ. पुलिस मीडिया सेल

> आरोपित भाइयों के विरुद्ध पहले से ही चार मुकदमे दर्ज हैं। दोनों ने बलरामपुर समेत आसपास के जनपदों में टप्पेबाजी कर लोगों को ठगा है।
> –विकास कुमार, एसपी

# ई-रिक्शा पर होगा नंबर

बलरामपुर : नगर की सड़कों पर जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए एक बार फिर ई-रिक्शा पर नंबरिंग की जा रही है। नंबर के हिसाब से ई-रिक्शा संचालन का मार्ग तय किया जाएगा। यातायात प्रभारी उमेश यादव ने बताया कि नगर में 2500 से अधिक ई-रिक्शा चल रहे हैं। गोंडा मार्ग पर चलने वालों के लिए एक नंबर, बहराइच मार्ग पर दो और तुलसीपुर मार्ग पर तीन नंबर रहेगा। (जासं)

# साइबर अपराधियों से रहें सतर्क

जासं • बलरामपुर : साइबर अपराधियों से लोगों को सतर्क रहने की सलाह पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने दी है। कहा कि अनजान एप को मोबाइल में डाउनलोड न करें। स्क्रीनशेयरिंग एप डाउनलोड करवाकर आपके फोन का गलत उपयोग किया जा सकता है।

# देश विरोधी नारों से बिगड़ा माहौल, दो दबोचे

संवादसूत्र, जागरण • उतरौला (बलरामपुर) : नगर में निकले बारह रबी उल अव्वल जुलूस के दौरान गांधीनगर मुहल्ले में मोड़ के पास स्थापित गणेश पूजा पंडाल के सामने कुछ युवकों ने आपत्तिजनक नारा लगाकर माहौल खराब करने का प्रयास किया। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार दुबे व पुलिसकर्मियों ने युवकों को दबोच लिया।

मौके पर स्थिति असहज न हो, इसलिए हिदायत देकर जाने दिया। वीडियो रिकार्डिंग में पुलिस को फलस्तीन के मुसलमान जिंदाबाद का नारा स्पष्ट मिला है। अन्य रिकार्डिंग का परीक्षण पुलिस कर रही है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि गांधीनगर मुहल्ले में स्थापित गणेश पूजा पंडाल के सामने जुलूसे मोहम्मदी में शामिल युवक आपत्तिजनक नारे लगाने लगे। इससे स्थिति असहज हो रही थी। परीक्षण के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।



उतरौला कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक संजय दुबे को तहरीर देते हिंदू संगठन के लोग • जागरण

### हिंदू संगठनों में आक्रोश

श्री सिद्धि विनायक सेवा समिति ने प्रभारी निरीक्षक को तहरीर देकर नारेबाजी करने वाले युवकों पर कार्रवाई की मांग की है। दी गई तहरीर में कहा है कि गणेश पूजा पंडाल के सामने देशविरोधी नारे लगाने से भारत में रहने वाले हिंदुओं में काफी आक्रोश व्याप्त है। ऐसे लोगों के ऊपर कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी ऐसा दुस्साहस न कर सके। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने कोतवाली पहुंचकर मामले की जानकारी ली। गणेश पूजन समिति के शिवम चौरसिया, रवि कौशल, संजय, शिवम गुप्त, अनिल गुप्त, विकास, हीरा पटवा, गुलशन कमलापुरी, दीपक चौधरी आदि मौजूद रहे।

5 लोगों को नोटिस भेजा गया है। (संवाद)

# नोटिस के बाद भी कब्जा न हटाने पर केस

**गैड़ास बुजुर्ग (बलरामपुर)।** सरकारी जमीन पर कब्जे को हटाने की नोटिस के बाद भी छह माह तक अतिक्रमण न हटाने के मामले में कार्रवाई की गई है। इस मामले में पांच के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है। राजस्व निरीक्षक वीरेंद्र कुमार भट्ट ने बताया कि तहसील क्षेत्र के पुरैना बुलंद में खलिहान के भूमि में गांव के कुछ लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया था। छह माह पूर्व सभी को नोटिस भी दिया गया लेकिन, उनके द्वारा कब्जा नहीं हटाया गया। जिसके कारण एसडीएम उतरौला के आदेश पर हल्का लेखपाल अरुण कुमार ने थाने में लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम के तहत पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। (संवाद)

# टप्पेबाजी का वांछित गिरफ्तार

**हरैया सतघरवा (बलरामपुर)।** स्थानीय थाना की पुलिस ने टप्पेबाजी के मामले में वांछित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने वांछित आरोपी के पास से 4270 रुपये भी बरामद किए हैं। एएसपी योगेश कुमार ने बताया कि टप्पेबाजी के वांछित आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए टीम गठित की गई थी। पकड़े गए वांछित की पहचान जनपद बहराइच के थाना पयागपुर के ग्राम मुड़ेरवा ठाकुरईन के मजरा अमानसिंह पुरवा निवासी पंकज सिंह को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के पास से टप्पेबाजी के 4270 रुपये बरामद किए गए हैं। (संवाद)

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-17-09-2024

हिन्दुस्तान

शहर के मुसाफिर खाना व दरगाह से निकले जुलूस में विभिन्न अंजुमनें हुईं शामिल, छावनी पर हुआ जुलूसों का मिलान

# जुलूस ए मोहम्मदी का जगह- जगह हुआ स्वागत

**यौमे पैदाइश**

बहराइच, संवाददाता। इस्लाम धर्म के प्रवर्तक हजरत मोहम्मद साहब की यौमे पैदाइश पर सोमवार को सैय्यद सालार मसऊद गाजी दरगाह से जुलूस ए मोहम्मदी की शुरुआत हुई। वहीं शहर के चौक के समीप मुसाफिर खाने से सीरत कमेटी के तत्वावधान में जुलूस ए मोहम्मदी निकाला गया। इनमें विभिन्न अंजुमनें शामिल हुईं। छावनी पर जुलूस का मिलान होकर शाम को समापन हुआ। विभिन्न सामाजिक संगठनों ने जुलूस ए मोहम्मदी का इस्तकबाल किया।

शहर स्थित सैय्यद सालार मसऊद गाजी दरगाह से सोमवार सुबह कमेटी सदर सैय्यद शमसाद अहमद, गिरदावर हाजी अजमत उल्ला, प्रभारी मैनेजर हाजी अलीमुलहक के नेतृत्व में जुलुस ए मोहम्मदी की शुरुआत हुई। उधर शहर के मुसाफिर खाना से सीरत कमेटी सदर तेजे खां के नेतृत्व में जुलूस ए मोहम्मदी की शुरुआत हुई। जश्ने ईद मिलादुन्नबी का जुलूस बड़ी धूमधाम के साथ मुस्लिम समुदाय के लोगों ने निकाला। जगह- जगह मिलाद ए शरीफ व फातेहा का आयोजन किया गया। अकीदत मंदों ने गांवों में नबी का रौजा बनाकर व उसकी जियारत कर घरों व वाहनों पर हरे झंडे लगाकार नबी से इश्क मोहब्बत का संदेश दिया। नबी की आमद आका की आमद पत्ती पत्ती फूल फूल या रसूल के नारों से वातावरण गूंज उठा। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री यासर शाह, अब्दुल मन्नान, रियाज अहमद, इलियास अली शब्बू, तनवीर अहमद, आरिफ, बच्चे भारती, मकसूद अहमद रायनी आदि मौजूद रहे।



सोमवार को मोहम्मद साहब की यौमे पैदाइश के मौके पर शहर की दरगाह से निकलता जुलूस।



शहर से निकलता ईद मिलादुन्नबी के जुलूस के मौके पर मौजूद लोगों का हुजूम।

## नानपारा में उमड़ा जन समुदाय

नानपारा। 12 रबीउल अव्वल का जुलूस रविवार को रात 9 बजे अपने पुराने स्थान दरगाहे गौसिया मोहल्ला तोपखाना से निकाला गया। जिसमें भारी संख्या में रसूल के चाहने वालों ने भाग लिया। अंजुमन इस्लामिया कमेटी की ओर से वर्षों से रात में निकाला जा रहा जुलूस इस बार भी अंजुमन जुलूस से मोहम्मदी का जुलूस नगर के परम्परागत रास्तों पर होता हुआ नारे तकबीर -अल्लाह हू अकबर ,नारे रिसालत - या रसूल अल्लाह की सदाएं बुलंद करता हुआ दूसरे दिन अपने स्थान दरगाह गौसिया पर वापस हुआ जहां देश में अमन चैन शान्ति कायम रहने के लिए दुआ की गई । इस मौके पर पुलिस और प्रशासनिक व्यवस्था भी चुस्त- दुरुस्त रही।

## नवाबगंज में अकीदत से मना 12 रबी उल अव्वल

नवाबगंज। हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन पर 12 रबी उल अव्वल को जश्ने ईद मिलादुन्नबी का पर्व मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बड़े धूमधाम और अकीदत के साथ मनाया। गांवों में नबी का रौजा बनाकर व उसकी जियारत कर घरों व वाहनों पर हरे झंडे लगाकार नबी से इश्क मोहब्बत का संदेश दिया। मिलाद फातिहा की मजलिसों का आयोजन किया गया। न नवाबगंज के सतीजोर, नौबस्ता गांव, बक्सी गांव, चनैनी, मिर्जा फाटा ,जमादार गांव, भटपुरवा, बेला गांव, मुरवहवा,भगहर, कथड़ियन गांव, बामरी, बेगमपुर, केवलपुर, कमला, चौरीकोटिया, अलीनगर, शकरपुर, रामनगर आदि स्थानों से बड़ी संख्या में जुलूस निकाला गया। अपने गंतव्य स्थान पिरथिनी शरीफ में स्थित हजरत अमीर हसन शाह अलव के आस्ताने पर जुलूस का समापन हुआ। नवाबगंज के बक्सी गांव में लोगो ने नबी का रौजा बनाकर उसकी जियारत की। जुलूस का नेतृत्व कि शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना प्रभारी निरीक्षक शीला यादव, एसआई अशोक जायसवाल पुलिस फोर्स के साथ भ्रमण करते रहे।

## बाबागंज में भी आयोजन

बाबागंज। इस्लाम में ईद मिलादुन्नबी या रबी-उल-अव्वल कस्बा बाबागंज में ईदगाह से जलूसे मोहम्मदी निकाला गया, ये जलूस विभिन्न गलियों में घूमते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग पर पहुंच कर, कस्बा बाबागंज बाजार हाईवे होते हुए बाबा मासूम शाह कुटी पर समाप्त हुआ। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि हाजी मो अनवर, पूर्व विधानसभा नानपारा प्रत्याशी कांग्रेस डा.हाजी एस्म सिद्दीकी पूर्व जिला पंचायत सदस्य हाजी मो. वसी, हाजी भलोले, अधिवक्ता सुरेश गुप्ता, मो. इसरार आदि लोगों की अगुवाई में सम्पूर्ण कार्यक्रम हुआ।

# आठ साल से थी गुड्डू की महिला से दोस्ती

## दिल्ली में रहकर जूस सेंटर चलाता था दर्ज थे दुष्कर्म व छेड़खानी का केस

संवाद न्यूज एजेंसी

बहराइच। कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र के गुलहरियनपुरवा अनौरा गांव में रविवार देर रात प्रेमी को पत्नी के साथ आपत्तिजनक हालत में देखने पर पति ने प्रेमी अरइ उमरी गांव निवासी गुड्डू उर्फ इकबाल (35) की तलवार मारकर हत्या कर दी थी। पत्नी भी हमले में घायल हुई थी। पुलिस जांच में यह बात सामने आई है कि महिला का शादी के पहले से ही प्रेम प्रसंग चल रहा था। मृतक दिल्ली में जूस सेंटर चलाता था और उस पर दुष्कर्म और छेड़खानी के भी केस दर्ज थे। हत्यारोपी ने बताया कि वह अहमदाबाद में ट्रक चलाता है। दो बेटे और एक बेटी है। रविवार को जब वह घर पहुंचा तो प्रेमी पहले से ही वहां था। इस पर हत्यारोपी ने तलवार से हमलाकर उसकी हत्या कर दी। एएसपी सिटी रामानंद कुशवाहा ने बताया कि मृतक के भाई अली हुसैन की तहरीर पर हत्यारोपी हलीम और अकरम पर हत्या की धारा में केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है।

**पांच लाख रुपये न लौटाने के चलते की हत्या :** मृतक के भाई अली ने बताया कि गुड्डू आठ साल से महिला को जानता था। दिल्ली में जूस सेंटर चलाता था और उसे महिला द्वारा दिल्ली से फोन कर बुलाया गया था। वह रविवार की सुबह आया था। मृतक के दो बेटे व एक बेटी और पत्नी राबिया है। वह परिवार में तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। आरोप लगाते हुए बताया कि महिला के पति ने पांच साल पहले दो बार में उससे पांच लाख रुपये लिए थे। रुपये न देने पड़े उन लोगों ने साजिश के तहत उसकी हत्या कर दी।

हिन्दुस्तान

# युवक को खुदकुशी के लिए उकसाने में दो लोगों पर केस

- एसपी के निर्देश पर हरकत में आई पुलिस
- युवक से एक युवती ऐंठ चुकी थी काफी धन

बहराइच, संवाददाता। एक गांव की महिला ने दूसरे गांव के युवक को प्रेमजाल में फंसाकर काफी धन हड़प लिया। युवती ने फोन पर इतना धमकाया की युवक ने फंदे पर लटक जान दे दी। पीड़ित परिजनों ने एसपी से मिलकर के दर्ज न किए जाने की शिकायत पर हुजूरपुर थाने की पुलिस ने युवती सहित दो पर केस दर्ज किया है।

हुजूरपुर थाने भाठी कुंडा के धीरज ने अपने एक विवाहित महिला से इसी थाने के कलहंसन पुरवा के युवक रिंकू सिंह (24) का सम्पर्क कराया। इस मेलजोल के बाद महिला से करीबी सम्बन्ध हो गए। युवक पैसा भी खर्च करने लगा। महिला के प्रेम प्रसंग में जकड़े युवक से करीब छह माह पूर्व 50 हजार रुपये वसूले गए। दिन प्रतिदिन की बढ़ती धन की मांग के बीच गत 20 अगस्त को एक बार फिर महिला ने रात 10 बजे मोबाइल पर सम्पर्क किया। युवक से ऑडियो व वीडियो कॉल पर बातचीत हुई। इस बातचीत के बाद युवक ने कमरा बंद कर फंदे पर लटक कर जान दे दी। युवक की मौत और मोबाइल से मिले काल डिटेल से महिला का राज खुला। मृतक के बड़े भाई विनय कुमार ने महिला व महिला के सम्पर्क सूत्र के विरुद्ध थाने में आत्महत्या को उकसाने की तहरीर दी।

## देहात कोतवाल लाइन हाजिर

बहराइच। एसपी वृंदा शुक्ला ने देहात कोतवाल बृजेन्द्र कुमार मिश्रा को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया है। इसके पीछे वजह बताई गई है कि कोतवाली में तैनात एक सिपाही पर कोतवाल ने सार्वजनिक जगह पर हाथ उठा दिया था। इस मामले को गंभीरता से लेकर एसपी ने यह कार्रवाई की है।

## दो दरोगा स्थानान्तरित किए गए

बहराइच। एसपी वृंदा शुक्ला ने कानून व्यवस्था को चुस्त- दुरुस्त करने को मोतीपुर थाने में तैनात दरोगा अश्वनी कुमार पांडेय, देहात कोतवाली में तैनात उपनिरीक्षक हरेन्द्र कुमार राय को तत्काल प्रभाव से बौंडी थाने को स्थानान्तरित कर दिया गया है। इन दरोगाओं की कार्य प्रणाली इसकी वजह बताई जा रही है।

# 48 घंटे में मुकदमा दर्ज न होने पर सड़क पर उतरेगी महिला मोर्चा



कोतवाली परिसर में मौजूद भाजपा जिला महामंत्री उर्मिला शुक्ल व अन्य • जागरण

**• महिला मोर्चा की जिला महामंत्री को मिली जान से मारने की धमकी**

जासं • वहराइच : भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री को जान से मारने की धमकी देने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। सोमवार को पीड़िता ने देहात कोतवाली में प्रेस वार्ता कर पुलिस को चेतावनी दी है कि 48 घंटे के अंदर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई न होने पर न्याय पाने के लिए महिला मोर्चा सड़क पर उतरेगी।

जिला महामंत्री उर्मिला शुक्ल ने बताया कि बीते नौ सितंबर को उनके मोबाइल पर एक फोन आया और वह उनका नाम पूछने के बाद उसने जान से मारने की धमकी दी। फोन काटने के बाद उसने दोबारा फोन किया और फिर से जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने नगर व देहात कोतवाली में तहरीर दी। इसके बाद एसपी से मिलकर न्याय की गुहार लगाई। उनका आरोप है कि उनका मुकदमा नहीं दर्ज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य की बात है कि एसपी व देहात कोतवाल महिला ही हैं और उन्हें न्याय नहीं मिल रहा है। उन्होंने चेतावनी दी है कि 24 घंटे के अंदर मुकदमा दर्ज नहीं हुआ तो महिला मोर्चा की टीम सड़क पर उतरेगी।

# दहेज हत्यारोपित गिरफ्तार

पयागपुर : इमलियागंज के इश्रीपुरवा में शुक्रवार को विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत हो गई थी। एसओ करुणाकर पांडेय ने बताया कि मृतका के चाचा रघुराज निवासी परसिया थाना कौड़िया गोंडा की तहरीर पर चार लोगों पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। उपनिरीक्षक कुलदीप कुमार, मुख्य आरक्षी समीर पांडेय, आरक्षी रूपेश कुमार ने गुलशन कुमार को बबया पुल के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। (संसू)

SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-17-09-2024

## जिलेभर में सोमवार को जुलूस निकाल कर मोहम्मद साहब के यौमे पैदाइश पर जश्न धूमधाम से मनाया गया

# ईद-मिलादुन्नबी पर जुलूस निकाला गया

- जुलूस में बच्चे, युवा व बुजुर्ग हाथ में झंडा और नारा लगाते हुए दिखे
- पुलिस प्रशासन ने जुलूस में सुरक्षा की दृष्टि से अतिरिक्त टीम लगाई

**आयोजन**

श्रावस्ती, हिन्दुस्तान टीम। बारावफात का त्योहार हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। सोमवार को जुलूस निकाल कर मो. साहब के यौमे पैदाइश पर जश्न मनाया गया। मुस्लिम मतावलंबियों ने एक दूसरे को मुबारकबाद दी।

मुस्लिम समुदाय के लोगों ने सोमवार को जश्ने ईद मिलादुन्नबी का पर्व धूमधाम से मनाया। इस मौके पर मुस्लिम समुदाय ने जुलूस निकाला। इस जुलूस में मुस्लिम समुदाय के बच्चे, युवा और बुजुर्ग हाथ में झंडा और नारा लगाते हुए दिखे। जुलूस में आगे कुछ युवक हाथों में तिरंगा फहराते नजर आए, जहां मुस्लिम समुदाय के युवकों के हाथ में हरे रंग के झंडे लगे थे। वहीं कुछ युवक जुलूस में तिरंगा लेकर चल रहे थे। मिलादुन्नबी का जुलूस जामा मस्जिद लक्ष्मनपुर से शुरू होते मुख्य मार्ग पहुंचा इसके बाद पुलिस चौकी के पास से होते गढ़ी में संपन्न हुआ।



लक्ष्मनपुर बाजार में जुलूस निकालते लोग

वहीं जुलूस को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा की दृष्टि से अतिरिक्त टीम लगाई। लक्ष्मनपुर निवासी मौलाना खुर्शीद अहमद ने बताया कि आज के दिन को मिलाद उन नबी के नाम से भी जाना जाता है। इस्लाम धर्म के संस्थापक हजरत मोहम्मद साहब का जन्मदिन है जिसे मुस्लिम समुदाय के लोग बड़े ही धूमधाम से मनाते हैं। जमुनहा के मिर्जापुर चौराहे पर ईद-मिलादुन्नबी जुलूस से पहले दीवाने मुस्तफा कमेटी से मिलने सांसद राम शिरोमणि वर्मा पहुंचे। पटपरगंज, देवरनिया, मुलायम पुरवा, मनवरियादीवान, बरगदही, बादल पुरवा, हरिहरपुर आदि गांवों में ईदे मिलादुलनबी का जुलूस निकाला गया। जुलूस मिर्जापुर चौराहे से त्रिलोकपुर समीप पिरपितनी दरगाह शरीफ के लिए रवाना हुआ। दीवाने मुस्ताफा कमेटी ने मिर्जापुर चौराहे पर स्वागत किया। जबकि हरदत्त नगर गिरंट, बदला चौराहा का ईद-मिलादुन्नबी का जुलूस सुजानडीह जंगल समीप सैय्द बाबा के स्थान के लिए रवाना हुआ। जमुनहा में भी बारावफात का त्योहार बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। थानाध्यक्ष मल्हीपुर जय हरि मिश्रा, चौकी प्रभारी जमुनहा जगत राम मौर्य भारी संख्या में फोर्स के साथ मौजूद रहे। इकौना में भी जुलूस परम्परागत तरीके से निकाला गया।

## एसएसबी कैंप में ईद एक मिलाद का आयोजन

श्रावस्ती। एसएसबी कमांडेंट रवीन्द्र कुमार राजेश्वरी के नेतृत्व में एसएसबी जवानों ने ईद-ए-मिलाद का पर्व मनाया। इस अवसर पर पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्मदिन की खुशियां साझा करते हुए सभी जवानों के बीच मिठाई का वितरण किया गया। इस मौके पर कमांडेंट ने कहा कि मोहम्मद साहब ने अपने जीवन से हमें प्रेम, सद्भावना और समानता का संदेश दिया है। हम सभी को उनकी शिक्षाओं को अपने जीवन में उतारना चाहिए और समाज में शांति और भाईचारे का प्रसार करना चाहिए। उन्होंने जवानों के बीच मिठाई बांटते हुए आपसी सौहार्द और एकजुटता का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान जवानों ने एक-दूसरे को ईद-ए-मिलाद की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर निरुपेश कुमार उप कमांडेंट, पियूष सिन्हा उप कमान्डेंट, डॉ रश्मि बाजपेयी उप कमान्डेंट चिकित्सा एवं वाहिनी के अन्य जवान मौजूद रहे।

# सीमा की हर गतिविधि पर नजर रखें जवान : एसपी

संसू, जागरण• सिरसिया(श्रावस्ती) : भारत-नेपाल सीमा पर पुलिस व 62वीं वाहिनी एसएसबी की संयुक्त टीम ने गश्त की। जवानों ने सीमा निर्धारण के लिए लगे स्तंभों की जांच की। एसपी घनश्याम चौरसिया ने कहा कि दोनों बल सीमा पर हर हरकत पर नजर रखें। किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियां न होने पाए।

पुलिस व एसएसबी जवानों ने सीमा से सटे पगडंडी रास्तों का भ्रमण कर जनमानस से बातचीत कर सुरक्षा का एहसास दिलाया। एसपी ने कहा कि खुली सीमा होने के कारण आए दिन अवैध गतिविधियां देखने को मिलती हैं। तस्कर भी खुली सीमा का फायदा उठाने से नहीं चूकते। ऐसे में अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए दोनों बलों के बीच सामन्जस्य जरूरी है। तालमेल बिठाकर सीमा क्षेत्र की सुरक्षा को मजबूत बनाया जा सकता है। एसपी ने बताया कि संयुक्त गश्त का मुख्य उद्देश्य सीमा पर होने वाले अपराध को नियंत्रण में रखना, अवैध आवागमन पर अंकुश लगाना, तस्करी रोकना और जंगली जानवरों के शिकार तथा तस्करी पर प्रतिबंध लगाना है।

# 14 वाहनों का चालान, 41 हजार जुर्माना

श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक की ओर से दिए गए निर्देश के तहत ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। पुलिस की ओर से विभिन्न स्थानों पर बैरियर व चेक पोस्ट लगाकर चेकिंग की गई। जिसके तहत विभिन्न चेक पोस्टों पर वाहनों की चेकिंग के दौरान 14 वाहनों का मोटर अधिनियम में ई-चालान कर 41 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया।

# पुलिस ने 11 लोगों को किया पाबंद

श्रावस्ती। विभिन्न थाना क्षेत्रों की पुलिस की ओर से शांतिभंग के आरोपियों पर कार्रवाई की जा रही है। सोमवार को पुलिस ने शांतिभंग करने के आरोप में कुल 11 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया और जरूरी कार्रवाई की। इसके साथ ही चेतावनी दी कि यदि भविष्य में कोई गड़बड़ी की तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# कड़ी सुरक्षा के बीच किया गया गणेश की प्रतिमा का विसर्जन

श्रावस्ती, संवाददाता। सिरसिया क्षेत्र में सोमवार को गणेश प्रतिमा का विसर्जन कड़ी सुरक्षा के बीच किया गया। इस दौरान आयोजकों की ओर से विसर्जन यात्रा निकाली गई। इस दौरान पूरा क्षेत्र गणपति बप्पा मोरिया के जयघोष से गुंजायमान होता रहा।

गणेश चतुर्थी महोत्सव को लेकर चिल्हरिया मोड़ व सिरसिया के नागेश्वर नाथ मंदिर पर गणेश प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की जा रही थी। जहां संगीतमयी कथा व प्रवचन का आयोजन किया जा रहा था जिसका समापन रविवार को भंडारे के साथ किया गया। वहीं सोमवार को दोनों स्थानों की प्रतिमा का विसर्जन चिल्हरिया गांव स्थित प्राचीन शिव मंदिर के तालाब में किया गया। इसके लिए ट्रैक्टर ट्राली पर रथ सजाकर प्रतिमा को स्थापित कर विसर्जन यात्रा निकाली गई। चिल्हरिया मोड़ से निकली यात्रा सेमरा, कमदी गांव, गब्बापुर का भ्रमण करते हुए देर रात चिल्हरिया गांव पहुंची। इसी तरह सिरसिया की विसर्जन यात्रा मंदिर से



सिरसिया क्षेत्र में निकाली गई शोभायात्रा

निकलकर बेचईपुरा पहुंची और यहां से निराला नगर, कोयलहवा, जनकपुर, चिल्हरिया मोड़ होते हुए देर रात चिल्हरिया गांव पहुंची। विसर्जन यात्रा के दौरान भक्त भक्ति गीतों पर झूमते नजर आए। जगह जगह लोगों ने यात्रा का स्वागत किया और भगवान गणेश की पूजा अर्चना व आरती की इस दौरान गणपति बप्पा मोरिया के जयघोष से पूरा क्षेत्र गंजायमान होता रहा। चिल्हरिया गांव स्थित शिव मंदिर के तालाब में कड़ी सुरक्षा के बीच देर रात दोनों प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।

# जलौनी के नाम पर वीरान हो रहा जमुनहा का ककरदरी जंगल

संसू, जागरण • जमुनहा (श्रावस्ती) : जमुनहा क्षेत्र का ककरदरी जंगल लकड़कट्टों के निशाने पर है। जलौनी लकड़ी के नाम पर जंगल में घुसकर लकड़कट्टे बेशकीमती साखू और सागौन के पेड़ों और मोटी टहनियों को काटते हैं। चिरान कर इसे जलौनी बनाकर बेच देते हैं। वन विभाग के अधिकारी आंख मूंदे बैठे हैं। इसके चलते धीरे-धीरे जंगल वीरान हो रहा है।

जमुनहा ब्लाक व नेपाल सीमा से सटे ककरदरी जंगल में साखू, सागौन, खैर, विजयशाल सहित कई प्रजाति के पेड़-पौधे लगे हैं। यहां आए दिन अवैध रूप से पेड़ों की कटान होती है। कहीं जड़ से तो कहीं पेड़ों की मोटी-मोटी शाखाएं काटकर लकड़कट्टे बाजारों में बेच कर अपनी जेब भरते हैं। मुख्य मार्ग पर वन विभाग का बैरियर लगा होने के बावजूद इस रास्ते से लकड़कट्टे साखू, सागौन, खैर समेत अन्य बेशकीमती प्रजाति के पेड़ों के लकड़ियों को जलौनी बनाकर आसानी से निकलते हैं। यह लकड़ियां जमुनहा, कानीबोझी, वीरगंज बाजार समेत अन्य स्थानों पर बिक जाती हैं।



चिरान कर साखू और सागौन की लकड़ी साइकिल पर लादकर जमुनहा बाजार में ग्राहकों की प्रतीक्षा करते लकड़कट्टे • जागरण

• पेड़ काटकर चिरान के बाद जलौनी लकड़ी बना करते बिक्री

जंगल में जलौनी के नाम पर पेड़ों की अवैध कटान करने का मामला संज्ञान में नहीं है। अगर ऐसा हो रहा है तो यह गंभीर अपराध है। जांच करवाकर कार्रवाई की जाएगी।
– सुबोध शुक्ला, क्षेत्रीय वनाधिकारी, ककरदरी रेंज।

## 16 की ली परमिट और काट डाले आम व सागौन के 19 पेड़

संसू, जागरण • जमुनहा (श्रावस्ती) : हरदत्तनगर गिरंट वन क्षेत्र के बरगदहा गांव में लकड़ी ठेकेदार ने 16 पेड़ की परमिट लेकर आम व सागौन के 19 पेड़ कटवा डाले। पेड़ काटे जाने की सूचना पर पहुंची वन टीम ने काटी गई लकड़ी समेत ट्रैक्टर-ट्राली को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू की है।

हरदत्तनगर गिरंट वन क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरगदहा निवासी फरफंद अली ने अपने खेत में लगे आम व सागौन के 25 पेड़ लकड़ी ठेकेदार के हाथ बेच दिए था। ठेकेदार ने नौ आम व सात सागौन पेड़ की परमिट बनवाई और रविवार की रात 10 आम व नौ सागौन के पेड़ कटवा डाले। इसके बाद ट्रैक्टर-ट्राली पर लादकर ले जाने लगे। ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदार की ओर एक आम व दो सागौन का अतिरिक्त पेड़ अवैध रूप से काटा गया है। सूचना रेंजर राम मिलन को दी गई। रेंजर टीम के साथ पहुंचे और लकड़ी से लदी ट्रैक्टर-ट्राली को कब्जे में ले लिया। सोमवार की सुबह वन दारोगा विवेक श्रीवास्तव की अगुवाई में टीम काटे गए पेड़ के स्थान पर पहुंची। यहां अवैध रूप से काटे गए पेड़ों के बूट की नापी करवा कर कार्रवाई शुरू कर दी। रेंजर ने बताया कि जांच की जा रही है। इस मामले में दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होगी।

• लकडी व ट्रैक्टर-ट्राली को कब्जे में लेकर जांच में जुटी वन टीम

# जुलूस-ए-मोहम्मदी निकला, हुआ स्वागत

## भिनगा-इकौना में मक्का व मदीना सहित बुलंद दरवाजा आदि के बनाए गए मॉडल

**संवाद न्यूज एजेंसी**

श्रावस्ती। मुसलमानों के आखिरी नबी हजरत मोहम्मद का जन्मदिवस सोमवार को मनाया गया। भिनगा, इकौना नगर सहित जिले के अन्य क्षेत्रों में जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया। जुलूस का कई स्थानों पर स्वागत किया गया। मार्गों पर की गई सजावट लोगों के आकर्षण का केंद्र रही।

भिनगा में मदरसा अंजुमन इस्लामिया अहले सुन्नत वल जमात की अगुआई में जुलूस निकाला गया। यह जुलूस ईदगाह से निकलकर भिनगा के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः ईदगाह पहुंचा। जुलूस में शामिल अंजुमनों ने नात और मनकबत पढ़कर अकीदत पेश की।

बारावफात के मुबारक मौके पर इकौना नगर, नासिरगंज सहित जिले के अन्य हिस्सों में भी प्रमुख ईदगाह से जुलूस निकाला गया। भिनगा व इकौना में मक्का व मदीना सहित बुलंद दरवाजा आदि की झाँकियां बनाकर लोग जुलूस में शामिल हुए।

हरदत्त नगर गिरंट के नासिरगंज, भंगहा, टंड़वा बनकटवा, नेवरिया मोड़, सिरसिया, तारन बघौड़ा, लक्ष्मनपुर व गिलौला सहित अन्य क्षेत्रों में भी जुलूस निकालकर मोहम्मद साहब का जन्मदिन मनाया गया। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम देखने को मिले। स्वयं एसपी व एएसपी क्षेत्रीय सीओ व एसडीएम के साथ जुलूस में मौजूद रहे।



शहर में बारावफात के मौके पर तकरीर करते मौलाना। -संवाद

# 16 पेड़ के परमिट पर काट डाले 19 पेड़

**तुलसीपुर (श्रावस्ती)।** थाना क्षेत्र जमुनहा में पेड़ों के अवैध कटान का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसका खुलासा खुद वन विभाग की टीम ने किया। टीम को बरगदहा गांव में 16 पेड़ के परमिट पर 19 पेड़ कटे मिले जिसे कब्जे में लेकर जांच की जा रही है। मल्हीपुर थाना क्षेत्र के बरगदहा निवासी फरफंद अली ने अपने खेत में लगे सागौन व आम के 25 पेड़ों को एक लकड़ी ठेकेदार के हाथ बेचा था। ठेकेदार ने सागौन के मात्र सात पेड़ व आम के नौ पेड़ काटने की अनुमति वन विभाग से ली थी। ठेकेदार ने 16 पेड़ों के परमिट पर रविवार देर रात 19 पेड़ काट लिए। इसकी शिकायत रात में ही किसी ग्रामीण ने वन क्षेत्राधिकारी हरदत्त नगर गिरंट से फोन पर की थी। इस बारे में रेंजर हरदत्त नगर गिरंट राममिलन ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। दोषी ठेकेदार पर कार्रवाई की जाएगी। (संवाद)

# शांतिभंग की आशंका में 11 गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** पुलिस ने रविवार रात अभियान चलाकर 11 लोगों को गिरफ्तार किया। सभी के विरुद्ध शांतिभंग की आशंका में कार्रवाई कर उन्हें संबंधित एसडीएम के समक्ष पेश किया गया। (संवाद)

# 14 वाहनों का किया चालान

**श्रावस्ती।** पुलिस ने सोमवार को अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 14 वाहनों का चालान किया। इस दौरान 41,000 रुपये जुर्माना भी लगाया। (संवाद)